सुप्रभात
रांची, सोमवार
19.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 217 12 बड़े मियां छोटे मियां का टीजर जारी

न्यूज डायरी

इंग्लैंड को भारत ने 434 रन से रौंदा

नयी दिल्ली। भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को 434 रन से हरा दिया। भारत ने मैच चौथे दिन में ही अपने नाम कर लिया। भारत ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 445 और दूसरी पारी में 430 रन पर पारी की घोषणा की। जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन ही बना सकी और ऑल आउट हो गयी। फिर दूसरी पारी में केवल 122 रन पर ही ढेर हो गयी। भारत की ओर से दूसरी पारी में सबसे ज्यादा विकेट रविंद्र जडेजा ने झटके। जडेजा ने 41 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किये।

मैं कांग्रेसी था, हूं और रहूंगा : कमलनाथ

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलों को एमपी कांग्रेस प्रमुख ने खारिज किया है। राज्य में कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने दावा किया है कि कमलनाथ से उनकी फोन पर बात हुई है, जिसमें उन्होंने (कमलनाथ) साफ किया है कि वे कांग्रेसी थे, हैं और हमेशा रहेंगे। उन्होंने मीडिया में चल रहीं बातों को गलत बताया है। छिंदवाड़ा से नौ बार के सांसद कमलनाथ अचानक दिल्ली जाने से ये अटकलें लगायी जा रही थीं कि वे अपने बेटे नकुलनाथ और कई अन्य विधायकों के साथ भाजपा का दामन थाम सकते हैं।

संदेशखाली मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल के संदेशखाली गांव में रहने वाली महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न मामले पर सोमवार को सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट मामले में जांच और उसके बाद की सुनवाई पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका पर सुनेगी। इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ करेगी।

बच्चों संग कुआं में कूदी महिला, 3 की मौत

खरसावां। पति के साथ मामूली कहा-सुनी (तू-तू-मैं-मैं) की वजह से एक महिला ने तीन बच्चों के साथ कुआं में छलांग लगा दी। 20 फीट से अधिक गहरे कुआं में कूदने वाली महिला को तो लोगों ने बचा लिया, लेकिन तीनों बच्चों की मौत हो गयी। घटना खरसावां के कुम्हारसाही बस्ती की है। जानकारी के अनुसार, लोहरदगा जिले के कुडू के अशोक महतो अपनी पत्नी पूजा देवी व तीन बच्चों के साथ खरसावां के कुम्हारसाही बस्ती में किराये के मकान में रहते थी। किसी बात पर पति-पत्नी में कहा-सुनी के दोनों में सुलह भी हो गयी, पर रविवार की सुबह पति काम से रांची चला गया। इसी दौरान करीब 11 बजे पूजा देवी (30) ने अपनी दो बेटी कोमल कुमारी (9) व अनन्या महतो (5) तथा बेटा आर्यन महतो (2) के साथ कुआं में छलांग लगा दी।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	58,100 रु./10 ग्राम
चांदी	73,000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख

नयी दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन

सीट शेयरिंग फाइनल, रांची में घोषणा शीघ्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों को लेकर इंडिया गठबंधन के दो प्रमुख दलों झामुमो और कांग्रेस के बीच रविवार को नयी दिल्ली में सीट शेयरिंग को लेकर बैठक हुई। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दोनों दलों के बीच सीट शेयरिंग का फार्मूला तय हो जाने की खबर है। रांची में इसकी घोषणा शीघ्र की जा सकती है। रविवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और कांग्रेस नेताओं की बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई। सीएम की अध्यक्षता में दिल्ली झामुमो के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया है कि बैठक बहुत सकारात्मक रही। सीट शेयरिंग का फार्मूला मोटामोटी फाइनल हो गया। इसकी घोषणा शीघ्र की जायेगी। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ मुकुल वासनिक और सलमान खुर्शीद शामिल थे।

हमारा मकसद सभी सीटें जीतना

सीट बांटवारे पर बैठक के बाद सभी नेताओं ने कहा कि गठबंधन का एकमात्र मकसद सभी सीटों पर जीत दर्ज करना है। इसी के तहत जीस सीट पर जो दल मजबूत होगा उसी के आधार पर सीटों का बांटवारा होगा। इस मुद्दे पर चर्चा के लिए झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष और सीएम चंपई सोरेन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 17 को दिल्ली पहुंचा था। प्रतिनिधिमंडल में विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू शामिल थे। वहीं इस प्रतिनिधिमंडल के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी दिल्ली गये थे, जबकि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दिल्ली में मौजूद थे।

जनहित के कार्य जारी रहेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में चल रहे जनकल्याणकारी योजनाएं जारी रहेंगी। उन्होंने श्री खड़गे को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप ,संवर्धन योजना, फुलो- झानो आशीर्वाद योजना, साइकिल के लिए डीबीटी, सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी।

खड़गे से मिले झामुमो के कई नेता

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन न रविवार को दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। मुख्यमंत्री और मल्लिकार्जुन खड़गे के मुलाकात के समय झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या, विनोद पांडेय, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर और झारखंड पीसीसी अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। झामुमो के नेताओं ने आज की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया।

नये झारखंड भवन का भी सीएम ने लिया जायजा

सीएम सोरेन नयी दिल्ली में निमार्णाधीन झारखंड भवन अवलोकन किया। दिल्ली के केंद्र बिंदु कनाट प्लेस में बन रहे नए झारखंड भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अभी झारखंड भवन वसंत विहार में स्थित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत समय से झारखंड भवन को दिल्ली के केंद्र में होने की आवश्यकता थी। अब ये आवश्यकता पूरी हो रही है। नया झारखंड भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। हमें आशा है जल्द ही इसको क्रियान्वित किया जाएगा, जिससे सुगमता बढ़ेगी। इस अवसर पर झारखंड के मुख्य स्थानिक आयुक्त के श्रीनिवासन और झारखंड भवन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

साथ मिल कर लड़ेंगे : खड़गे

इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे ने कहा कि झारखंड के सीएम और अन्य नेताओं के साथ मिलकर हमने तानाशाही सरकार से लड़ने का संकल्प लिया। हम झारखंड में प्रगतिशील जनकल्याणकारी पर सामाजिक न्याय की यात्रा जारी रखेंगे।

राजकीय इटखोरी महोत्सव आज

सीएम करेंगे उद्घाटन, कई दिग्गज कलाकार रंग जमायेंगे

चतरा, रांची। प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का का मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सोमवार को उदघाटन करेंगे। तीन दिवसीय यह महोत्सव 21 फरवरी तक चलेगा। इस महोत्सव में भारतीय एवं झारखंड की संस्कृति और सभ्यता से जुड़े भक्तिमय एवं संगीतमय प्रस्तुतियां दी जायेगी। महोत्सव के उदघाटन समारोह में सीएम के साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह और सिमरिया विधायक किसुन दास के आलावा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। महोत्सव में जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गयी है।

राष्ट्रीय अधिवेशन में पीएम का दावा- 'आयेगा तो मोदी ही'

देश के सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को खास संदेश देते हुए कहा कि हम 2024 में तीसरी बार सरकार बनायेंगे। जनसेवा और राष्ट्र सेवा का इतिहास रचेंगे। दुनियाभर के तमाम देश भाजपा सरकार की वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। दुनिया का हर देश और शक्ति जानती है कि 'आयेगा तो मोदी ही'। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का हर देश भारत से गहरे संबंध बनाने पर बल दे रहा है। अभी तो चुनाव बाकी हैं, लेकिन मेरे पास जुलाई, अगस्त, सितंबर तक के विभिन्न देशों के न्योते पड़े हैं। इसका मतलब साफ है कि दुनिया को भाजपा सरकार की वापसी को लेकर पूरा भरोसा है और वो इसको लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। मोदी ने कहा, देश अब छोटे संकल्प नहीं लेता, सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे।



सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा तीसरा कार्यकाल

उन्होंने कहा, मैं भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं, अगर मैं अपने घर की चिंता करता तो आज करोड़ों गरीबों के घर नहीं बन पाते। मैं देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य के लिए जीता हूं। देश के युवाओं, महिलाओं और गरीबों के सपने व संकल्प को 'मोदी का संकल्प' बताते हुए पीएम ने कहा कि वह इस संकल्प की पूर्ति के लिए ही दिन-रात एक कर रहे हैं।

10 साल में भारत ने पकड़ी रफ्तार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में भारत ने जो गति हासिल की है और बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का जो हौसला पाया है...वह अभूतपूर्व है। इसलिए नहीं कि मैं कह रहा हूं, आज दुनिया गाजे-बाजे के साथ बोल रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है और यह संकल्प है 'विकसित भारत' का। अब देश छोटे सपने नहीं देख सकता है और ना ही देश अब छोटे संकल्प ले सकता है, सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे।

कांग्रेस से देश को बचाना ही कर्तव्य

पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओ को अगले सौ दिनों में हर नये मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के हमारे संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया । साथ ही कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नयी नयी साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है।

विपक्षी भी बोले रहे -अगली बार मोदी सरकार

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि आज विपक्ष के नेता भी 'अगली बार मोदी सरकार' बोल रहे हैं और 'अगली बार एनडीए सरकार, 400 पार' के नारे लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए को 400 पार करने के लिए बीजपी को 370 के मील का पत्थर पार करना ही होगा।

हेमंत के जज्बे को सलाम : केजरीवाल

कल्पना से की बात, कहा पूरा देश आपके साथ

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रविवार को बात की। बातचीत में केजरीवाल ने उनके परिवार के प्रति अपना समर्थन जताया। बातचीत के अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट में लिखा- कल्पना जी, हम झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ पूरी तरह खड़े हैं। पूरा देश उनकी हिम्मत और हौसले की दाद देता है। किस तरह वे भाजपा के जुल्मों का सामना कर रहे हैं। आज अगर वो भाजपा के साथ चले जाते, तो उन्हें जेल न होती, लेकिन उन्होंने सच्चाई का पथ नहीं छोड़ा। उन्हें सलाम! कल्पना मुर्मू सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी। उन्होंने इसके लिए अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद कहा। झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने जो पोस्ट लिखा है, वह इस प्रकार है- आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से फोन पर बातचीत हुई। अरविंद जी का धन्यवाद कि इस घड़ी में वह झारखंड योद्धा हेमंत जी और झामुमो परिवार के साथ हैं।

पूरा देश देख रहा है भाजपा का षड्यंत्र

कल्पना सोरेन ने आगे लिखा- केंद्र सरकार और भाजपा का षड्यंत्र आज पूरा देश देख रहा है। झारखंड के साथ-साथ दिल्ली एवं अन्य गैर-भाजपा शासित राज्यों में कैसे लोकतंत्र को तार-तार किया जा रहा है, यह देख हर कोई क्षुब्ध है। केंद्र सरकार और बीजेपी के इस षड्यंत्र का हमें मिलकर मुकाबला करना है। इडी ने ने 31 जनवरी को झारखंड के तत्कालीन मुखयमंत्री हेमंत सोरेन को कथित जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था।

बैद्यनाथ राम ने की कार्यकर्ताओं संग बैठक, कहा

फैसला जल्द नहीं हुआ तो खुला है पूरा आसमान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मंत्री नहीं बनने से दुखी झामुमो विधायक बैजनाथ राम ने रविवार को अपने समर्थकों के साथ की बैठक की। मंत्री पद की सूची से नाम वापस होने के बाद से उनका विद्रोह तेवर जारी है। एक सवाल के जवाब में बैजनाथ राम कहा कि अब आगे क्या होगा, देखना होगा। हां मगर इतना तय है कि जल्द ही इसका फैसला नहीं हुआ तो हमारे लिए पूरा आसमान खुला है। हालांकि मुक्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया है। शपथ ग्रहण समारोह के दिन ही शपथ लेने से चूकने के बाद वह बगावती तेवर में आ गये थे। कहा था कि यदि उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया तो वे पार्टी छोड़ देगें। दूसरे दिन जब उन्हें मीडिया ने घेरा तो उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री और पार्टी में बात रख दी है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया है कि दिल्ली से लौटने के बाद इस मुददे का हल निकाल लेगें। मुख्यमंत्री ने दो-तीन दिन का समय मांगा है। हमें

कांग्रेस के दवाव में नहीं आना चाहिए : श्री राम ने कहा कि हमारी सरकार को कांग्रेस के दबाव में नहीं आना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस के हिस्से का चार मंत्री पद उन्हें मिल चुका है। मुख्यमंत्री को मजबूती के साथ अपने फैसले पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शपथ के लिए उन्हें राजभवन से फोन आ चुका था, वे राजभवन पहुंचने ही वाले थे कि उन्हें मुख्यमंत्री आवास पहुंचने को कहा गया। बताया गया कि कांग्रेस से इस मुद्दे पर विवाद हो गया है। इसलिए अभी आपका शपथ ग्रहण नहीं कराया जा रहा है। मगर जल्द ही इसका फैसला कर लिया जायेगा। मगर इतना तय है कि अगर जल्द ही इसका फैसला नहीं हुआ तो हमारे लिए पूरा आसमान खुला है।

जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ब्रह्मलीन

- पूरे देश में शोक की लहर, नमन करते भावुक हुए पीएम मोदी
- छत्तीसगढ़ में आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा

एजेंसी

रायपुर। जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी पर्वत पर पंचतत्व में विलीन हो गये। जैन मुनि ने रात 2 बजकर 30 बजे समाधि (देह त्याग दी) ले ली थी। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चन्द्रगिरी तीर्थ पर उन्होंने अंतिम सांस ली। छत्तीसगढ़ सरकार ने आधे दिन के शोक की घोषणा की है। सीएमओ ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा,₹इस अवधि के दौरान, राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी राज्य समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा। उनके निधन से जैन समाज में शोक की लहर है। पीएम मोदी सहित कई दिग्गज नेताओं ने सोशल मीडिया पर जैन मुनि विद्यासागरजी महाराज को नमन किया। वहीं दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन जैन संत आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य पार्टी नेताओं के नेतृत्व में पार्टी ने एक मिनट का मौन रखा।

(शेष 11 पर)

सल्लेखना के बाद अंतिम सांस ली

इससे पहले उन्होंने रविवार तड़के ढाई बजे सल्लेखना के बाद अंतिम सांस ली। जैन धर्म में सल्लेखना एक धार्मिक प्रथा है, जिसमें आध्यात्मिक शुद्धि के लिए खुद की इच्छा से आमरण उपवास किया जाता है। जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के देवलोक गमन पर पूरे देश में शोक की लहर है। इस बारे में पद्मश्री डॉक्टर पुखराज बाफना ने बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर जी का जीवन सात्विक रहा है। वह एक महान विभूति थे और पूरे समाज के लिए उन्होंने योगदान दिया। वह सात्विक जीवन जीते थे और अंग्रेजी दवाइयों से कोसों दूर रहते थे। पूरे विश्व में जितने जैन समुदाय के लोग हैं, उनके लिए एक परमात्मा की तरह पूजनीय थे। उनका जीवन सरल रहा है. जीवन के आखिरी क्षण तक शक्कर, नमक, मिर्च, मसाले और अंग्रेजी दवाइयां इन सभी का त्याग करके उन्होंने रखा था। उनके जैसी विरल विभूति नहीं मिलेगी। वह अपने आप में एक महान हस्ती थे।

किसानों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

20 से 22 तक भाजपा नेताओं के घेराव करेंगे किसान

एजेंसी

नयी दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर दबाव बनाने के लिए मोर्चा खोल लिया है। एसकेएम ने 20 फरवरी से लेकर 22 फरवरी तक भाजपा नेताओं के आवास को घेरने आह्वान किया है। किसान नेताओं ने कहा, फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार से तीन दिन तक पंजाब में भाजपा के नेताओं के आवासों का घेराव किया जायेगा।

तीन दौर की हो चुकी है वार्ता

किसान नेताओं के साथ केंद्रीय मंत्रियों की चौथे दौर की वार्ता अभी जारी है। बैठक में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी समेत किसानों की अन्य मांगों पर चर्चा किया जा रहा है। दोनों पक्षों के बीच इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को मुलाकात हुई थी लेकिन बातचीत बेनतीजा रही थी। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा अपनी मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। (शेष 11 पर)

कांग्रेस विधायकों की नाराजगी से आलाकमान अलर्ट, ऑपरेशन लोटस की संभावना बढ़ी

नाराज झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम के भी भाजपा नेताओं से बातचीत की चर्चा गरम

उदय चौहान

फाइल फोटो

रांची। कांग्रेस हाईकमान को झारखंड में उसके 12 विधायकों के विद्रोही तेवरों ने और परेशान कर दिया है। पार्टी की चौतरफा चुनौतियों के बीच झारखंड की नवगठित चंपई सोरेन सरकार में शामिल नहीं किये जाने से नाराज इन विधायकों के असंतोष के तेवरों को थामना सूबे में राजनीतिक स्थिरता के लिहाज से अहम है। इसके मद्देनजर ऑपरेशन लोट्स की संभावना बढ़ गयी है। इधर, झामुमो के नाराज विधायक बैद्यनाथ के भाजपा सूत्रों से बातचीत की चर्चा भी गरम है। हालांकि, झामुमो का शीर्ष नेतृत्व ने बैद्यनाथ राम के नाराज नहीं होने की बात कही है। वहीं, विधायकों के असंतोष की गंभीरता को भांपते हुए कांग्रेस ने अपने रणनीतिकारों को तत्काल इस नाराजगी को संकट में तब्दील होने से रोकने के लिए लगा दिया है। पार्टी हाईकमान की ओर से झारखंड के प्रभारी एवं कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर को विधायकों से सीधे और निरंतर संवाद करने का विशेष निर्देश दिया गया है। झारखंड में विधायकों की नाराजगी से बढ़ी चिंता की सबसे बड़ी वजह सूबे में भाजपा की सियासी मौके की तलाश पर लगी निगाहें हैं। फिलहाल, कांग्रेस के आठ नाराज विधायक नयी दिल्ली में कैम्प कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे ने भी विधायकों के असंतोष की आवाज पर संज्ञान लिया है। इसीलिये कुछ रणनीतिकारों को समझाने-बुझाने के साथ उनकी शिकायतें दूर करने का रास्ता निकालने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जाहिर तौर पर झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर की इसमें केंद्रीय भूमिका है। वैसे, भाजपा ने भी नाराज विधायकों को लेकर अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। दरअसल कांग्रेस के इन 12 विधायकों ने अपना एक समूह बनाकर यह मांग की थी कि नई सरकार में पार्टी के नये चेहरों को मंत्री बनाया जाये। कांग्रेस के नाराज विधायकों में अनुप सिंह, डॉ इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, अंबा प्रसाद, दीपिका पांडेय सिंह, अर्चना नीरज सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी शामिल हैं।

भाजपा के खिलाफ विपक्ष की लड़ाई को मजबूत करने का पूरा दारोमदार कांग्रेस पर

सूत्रों ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन को हटाने के बाद भी राजनीतिक बाजी पलटने में नाकाम रही भाजपा को अब मौका देना आत्मघाती होगा। खासकर यह देखते हुये कि जेल जाने के बावजूद हेमंत सोरेन ने चंपई सोरेन को आगे कर झामुमो में किसी तरह की अंदरूनी उथल-पुथल की गुंजाइश बंद कर दी। ऐसे में सूबे की सरकार की स्थिरता ही नहीं, बल्कि भाजपा के खिलाफ विपक्ष की लड़ाई को मजबूत करने का पूरा दारोमदार कांग्रेस पर है।

कांग्रेस के नाराज विधायकों पर मंत्री की राय

हर पार्टी में होती है थोड़ी बहुत नाराजगी : बन्ना

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि उनसे किसी विधायक की कोई नाराजगी नहीं है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र है। हर किसी को बोलने की आजादी है। थोड़ी बहुत कलह हर पार्टी में होती है, लेकिन अन्य पार्टियों में दिखती नहीं है। कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र होने के कारण दिख जाती है। बन्ना ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को 5 वर्ष का बहुमत मिला था, लेकिन कुछ कारणों से कार्यकाल पूरा नहीं हो सका। अब नए कप्तान के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और अधिक चाक-चौबंद रूप से काम करेगा।

मालूम हो कि चंपई सोरेन सरकार के कैबिनेट विस्तार होने के बाद से ही कांग्रेस में कलह छिड़ गया है। कांग्रेस के 12 विधायक चंपाई सोरेन की कैबिनेट विस्तार से नाराज चल रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से सभी पुराने चेहरों को कैबिनेट में शामिल किया गया है। इस कारण कई कांग्रेसी विधायक नाराज हो गए। नाराज कांग्रेस विधायकों का कहना है कि कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से जिन 4 लोगों को जगह मिली है, वे पूर्व की हेमंत सोरेन सरकार में भी मंत्री थे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को दो-टूक कह दिया कि कैबिनेट से इन चारों को हटाकर नए चेहरों को मंत्री नहीं बनाया गया तो वे विधानसभा के बजट सत्र का बहिष्कार करेंगे। नाराज विधायकों ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को एक पत्र भी सौंपा है।

जनगणना के लिए लिखित आदेश दें सीएम : राजेंद्र प्रसाद

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा जातीय गणना कराने को लेकर अधिकारियों को मौखिक आदेश दिए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मौखिक नहीं लिखित आदेश निर्गत करें। प्रसाद ने कहा कि जातीय गणना कराने को लेकर मोर्चा लगातार मांग करता रहा है। प्रसाद ने कहा कि जातीय गणना से राज्य में भ्रम की स्थिति दूर होगी। सही जानकारी लोगों को मिल पाएगी कि वास्तव में किन जातियों की कितनी आबादी है और किन-किन समाज के लोगों कि आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति क्या है? श्री प्रसाद ने कहा कि जातीय गणना को सिर्फ आरक्षण के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए।

मूलवासी सदान आयोग का गठन भी गठन करे सरकार : श्री प्रसाद ने कहा कि जातिगत जनगणना से मूलवासी सदानों के सवर्ण समुदायों का भी आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति की जानकारी होगी और उनके विकास के लिए योजना बनाने में मदद मिलेगी। प्रसाद ने कहा कि 7 जिलों में पिछड़ी जातियों का आरक्षण शून्य है। जो जातीय गणना से इस समस्या से निजात मिल पाएगा।

झारखंड की दशा और दिशा को संवारना पार्टी की प्राथमिकता में शामिल

महाजनी प्रथा का विरोध करने वाले खुद महाजन बन बैठे : सुदेश महतो

मिलन समारोह में समाजसेवी जितेंद्र सिंह समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में हुए शामिल, पद्मश्री मधु मंसूरी के पुत्र शाहजहां मंसूरी ने भी थामा आजसू का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

जीतेंद्र सिंह बोले- सेवा ही हमारा लक्ष्य : पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले समाजसेवी जीतेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड की प्रगति के प्रति सुदेश जी की सोच और उनके कार्यों से प्रभावित होकर आजसू पार्टी में शामिल हुआ। अध्ययन, अनुशासन, आध्यत्म और आत्मविश्वास इन चार चीजों के साथ सुदेश जी के नेतृत्व में जनता की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है।

रांची। महाजनी प्रथा का विरोध करने वाले लोग रविवार को झारखंड राज्य में खुद महाजन बन बैठे हैं। राज्य एक कुशल और जनता के प्रति जवाबदेह नेतृत्व की कमी से गुजर रहा है। इस राज्य को एक ऐसा नेतृत्व चाहिए जो हर वर्ग और सबके विचारों को साथ लेकर चले। वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी के लिए राज्य को बेहतर बनाने की चुनौती सामने है। हम सभी को मिलकर झारखंड की राजनीति को फिर से पटरी पर लाना है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अरगोड़ा मैदान में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कही।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कुछ लोग विरासत के साथ सत्ता में आ जाते हैं। फिर जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर काम करने के बजाय सत्ता के बेजा इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हमारा एक मात्र ध्येय राज्य को संवारना है। राज्य के समेकित विकास के लिए आपका साथ चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर की चकाचौंध में शहर की मूलभूत आवश्यकताएं छिप जाती हैं। झुग्गी- झोपड़ी में रहने वाले गरीब के बेटे के भविष्य को भी सुरक्षित करना होगा।

मिलन समारोह में समाजसेवी जीतेंद्र सिंह अपने हजारों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी मौके पर पद्मश्री मधु मंसूरी के पुत्र जेएमएम नेता शाहजहां मंसूरी और रांची निवासी मो. कैफ, उमर अली, आफताब अलाम समेत कई लोग भी पार्टी में शामिल हुए।

जितेन्द्र सिंह का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति काफी चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है। इस चुनौती को स्वीकारते हुए जीतेंद्र जी जनता की सेवा के उद्देश्य से पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने विभिन्न माध्यमों के जरिए सामज की सेवा पहले भी की है। वे पार्टी से जुड़कर लोकहित के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे।

मिलन समारोह में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, बंटी यादव, रमेश गुप्ता, सुनील यादव, विरेंद्र प्रसाद, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, हसन अंसारी, डॉ. अशोक नाग, भरत काशी, डॉ रीना गोडसारे, ज्ञान सिन्हा, एस अली, आशुतोष गोस्वामी, वर्षा गाड़ी, सीमा सिंह, विजेता वर्मा मौजूद रहे।

इन्होंने ली सदस्यता : उमर अली के नेतृत्व में सलीम बब्लू, गुलजार काई, फिरोज, फरहान अंसारी, साजिद, इमरान काई, सेराज, समसू काई, सिंटू अंसारी, पप्पू काई, ऐसान, इमरान काई, तबरेज अंसारी, मुताज अली, नासिर काई, बदरूदीन काई, काजिम अंसारी, नेजम काई, इस्माईल काई, वाजिद काई, इरफान अली, समीम, अल्कामा काई, आरजू, फिरोज, उस्मान, मोहम्मद कैफ उर्फ रिंकू की अगुवाई में साजिद, अफसर, अकरम, नसीम, साहिल, सोनू, अफताफ, शाहिद, मकसूद खान, वसीम खान, दानिस, इमरान, सोनू, रोशन, सुमित, चांद, मोहसिन खान समेत अन्य लोग आजसू पार्टी में शामिल हुए।

खबर एक नजर में

मिथिलेश ठाकुर आज संभालेंगे कार्यभार

रांची। मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के नवनियुक्त मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सोमवार को अपने विभाग का कार्यभार संभालेंगे। सोमवार की सुबह 11 बजे नेपाल हाउस स्थित पेयजल स्वच्छता विभाग और 11:50 बजे कांके रोड स्थित उत्पाद भवन में योगदान करेंगे।

अंशु लकड़ा एक्का ने झापा पार्टी से दिया इस्तीफा

रांची। अंशु लकड़ा एक्का ने झारखंड पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व उसके पद से इस्तीफा दे दिया है। अपना इस्तीफा पत्र अंशु लकड़ा एक्का ने पाटी के महासचिव अशोक भगत को सौंप दी है। अंशु ने अपने इस्तीफा का कारण निजी बताया है।

सेवा स्थायीकरण की मांग : इस सप्ताह सीएम से मिलेंगे मनरेगा कर्मी

रांची। मनरेगा कर्मचारी सेवा संघ स्थायीकरण की मांग को लेकर इस सप्ताह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेगा। इसका निर्णय मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक में ली गयी। बैठक में संघ के संतोष बेसरा ने कहा कि उच्च न्यायालय के द्वारा जो मनरेगा कर्मियों के साथ-साथ अन्य सभी संविदा कर्मियों के स्थायीकरण के आदेश पारित किए गये हैं, उसके अनुसार हम लोगों को बिना विलंब किए अति शीघ्र मुख्यमंत्री से मिलकर इसे प्रक्रिया को कैबिनेट से पारित करने की मांग की जायेगी।

नगर विकास विभाग ने तीन-चार सालों से नियुक्त अधिकारी व कर्मियों की मांगी सूची

रांची। नगर विकास विभाग ने तीन से चार वर्षों से नियुक्त एवं पदस्थापित अधिकारी-कर्मचारी व संविदा कर्मियों के बारे में पूरी रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में सभी नगर निगम, नगर निकाय, प्रबंधक निदेशक आवास बोर्ड, खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार माडा, उपाध्यक्ष आरआरडीए, परियोजना निदेशक जुडको व मुख्य अभियंता अभियंत्रण कोषांग मुख्यालय को पत्र लिखा है। निर्वाचन विभाग ने इस संबंध में दिशा-निर्देश दिया है और लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए गृह जिला व अन्य जिलों में पदस्थापित अधिकारी व कर्मियों की सूची मांगी है। विभाग ने विस्तृत प्रतिवेदन देने को कहा है। निर्वाचन विभाग ऐसे कर्मियों को या तो स्थानांतरण को कहेगा, इनमें कुछ को चुनावी ड्यूटी में लगायेगा।

---

23 फरवरी से शुरू होने वाला बजट सत्र अप्रत्याशित रूप से छोटा

हेमंत सरकार के कार्यकाल की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करें सीएम चंपई : सरयू राय

मौजूदा सरकार को विगत 4 वर्षों का लेखा-जोखा सदन में प्रस्तुत करना चाहिए

विशेष संवाददाता

जमशेदपुर। विधायक एवं झारखंड के पूर्व मंत्री सरयू राय ने मांग की है कि नये सीएम चंपई सोरेन की सरकार राज्य की वित्त व्यवस्था पर एक श्वेत-पत्र जारी करे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री बने थे तो उसके पूर्व की सरकारी की वित्तीय स्थिति के बारे में उन्होंने एक श्वेत-पत्र जारी किया था। राज्य सरकार के मुख्यमंत्री के नाते चंपई सोरेन को भी एक श्वेत-पत्र जारी कर वित्तीय स्थिति पर प्रकाश डालना चाहिए। बिष्टुपुर स्थित अपने आवास पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सरयू राय ने कहा कि चंपई सोरेन की सरकार की आगामी 23 फरवरी से शुरू होने वाला बजट सत्र अप्रत्याशित रूप से छोटा है। वर्ष 2020 में बजट सत्र में 18 कार्य दिवस, 2021 में 16 कार्य दिवस, 2022 में 17 कार्य दिवस और 2023 में भी 17 कार्य दिवस में थे, परंतु 2024 का बजट सत्र मात्र 7 दिनों का है। इसमें से एक दिन शोक प्रस्ताव में एक दिन बजट प्रस्तुत करने के रूप में समाप्त हो जाएगा। एक दिन विधायकों के निजी संकल्प पर चर्चा होगी एक दिन वर्तमान वित्त वर्ष के त्रृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। इस तरह कुल मिलाकर बजट पर चर्चा के लिए मात्र 3 कार्य दिवस बचेंगे, यानि अधिकांश विभागों की बजट मांगों को गिलोटिन कर दिया जाएगा। यदि सरकार बजट के लिए तैयार नहीं थी तो उसे 3 महीने का लेखा अनुदान विधानसभा से ले लेना चाहिए था और पूरा बजट जून में पास करना चाहिए था।

विधायक सरयू राय ने आगे कहा कि अल्प अवधि का बजट सत्र बुलाने का एक बड़ा कारण यही हो सकता है कि अभी तक सरकार ने पुराने बजट की योजनाओं पर मुश्किल से 55-60 प्रतिशत खर्च किया है। वित्त वर्ष समाप्त होने में मात्र एक माह शेष है, शेष राशि खर्च करने के लिए मौजूदा राज्य सरकार के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं है। इसलिए बजट सत्र छोटा कर दिया गया। श्री राय ने कहा कि आगामी बजट सत्र में वे अपने उन सभी सवालों का जवाब मांगेंगे जो पूर्व की हेमंत सोरेन सरकार तथा उसकी पहले वाली सरकार में उठाया था।

विधायक सरयू राय ने आगे कहा कि बजट सत्र छोटा करने का एक कारण यह भी हो सकता है कि चंपई सोरेन की सरकार मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद अस्थिर है। बजट सत्र का प्रत्येक दिन बजट की वित्तीय मांगों पर मतदान होता है। वित्तीय मामलों के मतदान में सरकार जरूरी संख्या नहीं जुटा पाएगी तो मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ सकता है। इससे बचने के लिए सरकार ने बजट सत्र छोटा किया होगा। इस सरकार को विगत 4 वर्षों का लेखा-जोखा सदन मे प्रस्तुत करना चाहिए। इसके पूर्व के विधानसभा सत्रों में सरकार के कतिपय विभागों के भ्रष्टाचार के बारे में जो सवाल मैंने उठाया था और जिसके बारे में विधानसभा अध्यक्ष ने जाँच का निर्देश दिया था वे सभी के सभी सवाल अनुत्तरित हैं। मैं उनका जवाब सरकार से मांगूंगा। झारखंड की पंचम विधानसभा का यह अंतिम बजट सत्र है। इसके वित्तीय स्थिति का खुलासा मुख्यमंत्री को करना चाहिए।

भारतीय जनतंत्र मोर्चा की 200 लोगों ने ली सदस्यता : तिवारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के एक दिवसीय कार्यकर्ता सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम में रविवार को 200 से अधिक महिलाओं और नये सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने सभी नये सदस्यों का मार्गदर्शन और उनका उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने बताया कि कैसे आप निडर होकर आगे आये और लीडर बनें। उन्होंने बताया कि आपलोग अपने अपने क्षेत्र में लोगों से संपर्क करें। समस्याओं को चिन्हित कर उसका निदान समाधान के लिए सम्मिलित प्रयास करें। केन्द्रीय उपध्यक्ष पंचानन सिंह ने लोगों को बताया कि सरयू राय जो भारतीय जनतंत्र मोर्चा के मुख्य संरक्षक हैं, उनके साथ जुड़ें हैं। जिन्होंने भ्रष्टाचार से कभी समझौता नहीं किया। केन्द्रीय महासचिव निशि पांडेय ने नये सदस्यों को स्वागत किया। केन्द्रीय उपाध्यक्ष मुकेश पांडेय ने लोगों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा ने किया।

कार्यक्रम में मीर अशरार संजू, वक्तावर खान, मो नियामतुल्ला खान सज्जाद, मो फिरोज खान, संतोष सोनी, अनिता शर्मा, भवानी मिश्रा, उषा सिंह, मंटू सिंह, रीना शर्मा, मो अमन, सुरेन्द्र कुमार, संतोष कुमार, रंजिता कुमारी, नेपाल सिंह मुंडा, मुस्ताक अहमद, साहिद अकतर, शम्स तबरेज, सद्दाम हुसैन, शहरूख हुसैन, आरिज जमाली, मो रब्बानी, मो मेहताब, मो इंम्तियाज, मो मंजर, मो मोजाहिद, मो महमुद आदि अपनी बातो को रखा। धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक चौबे जी ने किया।

पिछले 9 वर्षों से गृह जिला जाने के इंतजार में हैं शिक्षक-शिक्षिका

पहेली बनकर रह गयी प्रदेश के प्रारंभिक शिक्षकों की अंतर जिला स्थानांतरण प्रक्रिया

ऑनलाइन शिक्षक ट्रांसफर पोर्टल में व्यापक त्रुटि

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि राज्य के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों के लिए अंतर जिला स्थानांतरण एक पहेली बनकर रह गयी है। पिछले 9 वर्षों से शिक्षक टकटकी भरी आस लगाए हैं। शिक्षकों का कहना है कि नियमानुसार तीन वर्षों के सेवाकाल के बाद अंतर जिला स्थानांतरण का है। परंतु शिक्षकों के लिए यह सपना ही रह गया। ऑनलाइन शिक्षक ट्रांसफर पोर्टल में व्यापक त्रुटि है। पिछले दो वर्षों से इस पोर्टल पर कार्य हो रहा है, बावजूद अभी भी त्रुटियां दूर नहीं हुई है। इस कारण शिक्षा विभाग के प्रति शिक्षकों में व्याप्त आक्रोश है। शिक्षकों को भय है कि आगामी लोकसभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। चुनाव आचार संहिता के कारण अंतर जिला स्थानांतरण फिर लटक जाएगा।

मालूम हो कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले वर्ष जुलाई में इसकी प्रक्रिया पूरी करने के लिए चार से पांच बार तिथि बढ़ाई गई। उसके बाद भी मात्र चार जिलों को छोड़ बीस जिलों ने तय समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं की। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा इस संबंध में पिछला पत्र 5 सितम्बर को जारी किया गया था, जिसमें सभी जिलों को 20 दिसंबर तक जिला स्थापना समिति की बैठक कर अनुशंसा प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा गया था। कुछ जिलों के द्वारा निदेशालय को 20 दिसंबर तक जिला स्थापना कर अनुशंसा उपलब्ध नहीं कराई गई। इस कारण इसकी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। राज्य में शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए आवेदन जमा की प्रक्रिया 29 जुलाई से शुरू हुई थी। विभाग द्वारा जारी पहले पत्र के अनुरूप 19 अगस्त का आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। जुलाई में जारी पत्र के अनुरूप 15 अक्टूबर तक स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी होनी थी। इसके आवेदन जमा करने की तिथि 9 सितंबर तक बढ़ा दी गई, जबकि शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 5 नवंबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई। इसके अनुरूप भी स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी। इसके बाद भी शिक्षा विभाग में तीसरी बार आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ाई गयी। नवंबर तक इसकी प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया। इसके बाद भी जिलों को 20 दिसंबर तक इस प्रक्रिया को पूरी करने को कहा गया। अब फरवरी माह समाप्त होने पर है परंतु अंतर जिला स्थानांतरण की कोई खोज खबर नहीं है। आक्रोश व्यक्त करने वाले धीरज कुमार, सुनील कुमार, राममूर्ति ठाकुर, नसीम अहमद, असदुल्लाह, अनूप केशरी, दीपक दता, हरेकृष्ण चौधरी, बाल्मिकी कुमार, अनिल कुमार सिंह, राकेश कुमार, राजीव लोचन सिंह, अजय ज्ञानी आदि हैं।

संबंधित जिलों के डीसी और डीएसइ को सौंपा ज्ञापन

गलत तरीके से ग्रेड-7 दी जा रही प्रोन्नति पर रोक लगाने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने राज्य के विभिन्न जिलों के डीसी एवं डीएसई को ज्ञापन सौंप कर गलत तरीके से दी जा रही ग्रेड 7 प्रोन्नति पर रोक लगाने का आग्रह किया है। इस संबंध में संघ के प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह ने कहा कि एक तरफ नई प्रोन्नति नियमावली के प्रारूप पर सभी से आपत्ति मांगी गई थी। उसका निराकरण करते हुए नई प्रोन्नति नियमावली बननी है और दूसरी तरफ उक्त नियमावली में कुछ प्रावधानों की प्रत्याशा में ही सीधी नियुक्ति से नियुक्त शिक्षकों को वरीयता सूची से बाहर करते हुए प्रोन्नति देने की प्रक्रिया जिलों के द्वारा किया जा रहा है। विभाग इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। शिक्षक संघ इसका विरोध करता है।

वहीं, प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ने बताया कि वर्तमान में विभिन्न जिलों द्वारा विसंगति एवं भेदभाव पूर्ण तरीके से प्रोन्नति के लिए प्रकाशित वरीयता सूची के विरूद्ध उच्च न्यायालय में तीन रीट याचिका दायर है। पहले से ही आपसी वरीयता निर्धारण को लेकर खंडपीठ के समक्ष एलपीए दायर है। ऐसे में न्यायालय में मामले विचाराधीन के बावजूद भी आनन फानन में किसी तरह एक समूह को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रोन्नति देना पूर्णतः अन्यायपूर्ण है।

शिक्षकों की प्रमुख मांगें

- न्यायिक प्रक्रियाधीन विषय पर न्यायालय से कम से कम अंतरिम रूप से जबतक कोई निर्णय नहीं आता है, तब तक प्रोन्नति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ायी जाये।
- एनसीटीई से मार्गदर्शन प्राप्त कर राज्य में शिक्षकों के प्रोन्नति में सभी के लिए टेट उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता पर शीघ्र ठोस निर्णय लिया जाए तभी पद प्रोन्नति दी जाये।
- नई प्रोन्नति नियमावली को विभिन्न सुझावों के आलोक में अंतिम रूप दिया जाये, तभी नियम सम्मत सभी जिलों में गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रोन्नति दिया जाये।
- और यदि विभाग 1993 प्रोन्नति नियमावली के अंतर्गत ही प्रोन्नति देना चाहती है, तो फिर उसमें वर्णित प्रावधानों के अनुसार सीधी नियुक्ति से नियुक्त और 8 वर्षों से अधिक समय से ग्रेड 4 में कार्यरत शिक्षकों को वरीयता सूची में सम्मिलित किया जाये।

सीजन के आखरी स्ट्रीट कार्यक्रम में 25,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया

कदमा में आयोजित सीजन का आखिरी जैम/स्ट्रीट मतदान जागरूकता पर केंद्रित था

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन ने कदमा (कदमा गणेश पूजा गोलचक्कर से रंकिणी मंदिर गोलचक्कर) में सीजन के आखिरी जैम/स्ट्रीट कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें 25,000 से अधिक लोगों की उत्साही भीड़ शामिल हुई । इस कार्यक्रम का फोकस आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतदान जागरूकता पर केंद्रित था, जिसमें यूथ चलें बूथ थीम पर विशेष जोर दिया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, मतदान जागरूकता से सम्बंधित सेल्फी कर्नर, सड़क पर रंगोली बनाना और बहुत कुछ सहित विभिन्न आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरुकता बैलून को उड़ाते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, डीडीसी मनीष कुमार, एसडीओ पियूष सिन्हा, डीपीआरओ रोहित कुमार और टाटा स्टील यूआइएसएल के सीनियर जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा। डीजे की धुन पर जैम एट स्ट्रीट में झुमते युवा।

इस कार्यक्रम में मनीष कुमार (आईएएस), डीडीसी, पूर्वी सिंहभूम, पीयूष सिन्हा, एसडीओ, दालभूम और टाटा स्टील यूआईएसएल के चेयरमैन, चाणक्य चौधरी जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। डीडीसी, पूर्वी सिंहभूम और एसडीओ,धालभूम ने मतदान जागरूकता को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया, साथ ही गुब्बारा उड़ाकर मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संदेश भी दिया। इसके साथ साथ विभिन्न आयोजनों से सड़कें ऊर्जा से भर गईं थी, जिसमें जुम्बा, बास्केटबल, गोल्फ पुटिंग, घुड़सवारी, लाइव बैंड प्रदर्शन, शतरंज, स्केटिंग, कस्मिक योग, कराओके प्रदर्शन और बहुत कुछ जैसे विविध कार्यक्रम शामिल है । विशेष आकर्षणों में गतका (स्थानीय मार्शल आर्ट), शतरंज, सेल्फी कर्नर, मिश्रित मार्शल आर्ट, साइकिलिंग, अतिरिक्तप्रदर्शन करने वाले कलाकार और खाद्य स्टल शामिल थे, जो इस कार्यक्रम में एक अनूठा स्वाद जोड़ते हैं। यह उत्सव केवल एक कार्यक्रम से आगे बढ़कर सामुदायिक भावना, मौज-मस्ती और साझा अनुभवों का सच्चा उत्सव बन गया। साथ ही आगामी विंटेज कार रैली कार्यक्रम के सेल्फी कार्नर भी लगे हुए थे जिसका लोगो ने भरपूर आनंद उठाया।

टाटा से काम कर घर लौट रहे 11 मजदूर सड़क दुघर्टना में घायल

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

चांडिल। रविवार की शाम सात बजे एनएच-33 पर चांडिल के समीप हुमीद गांव के पास स्थित साई मंदिर के सामने एक तेज रफ्तार हाइवा ने मजदूरों से भरी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टेम्पो पर सवार 11 मजदूर बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक चिकित्सा चांडिल अनुमंडल अस्पताल में की गई जबकि चार महिलाओं को गंभीर चोट के चलते एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि ऑटो सवार मजदूर जमशेदपुर से काम कर घर लौट रहे थे। तभी एनएच-33 हुमीद स्थित सांई मंदिर के पास तेज रफ्तार हाइवा के धक्के से अनियंत्रित होकर पलट गई। सभी घायलों को जेबीकेएसएस केंद्रीय सचिव गोपेश महतो, फुलचांद महतो, मंगल मांझी एवं सुरेश महतो अपने टीम के साथ चांडिल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। इसमें से चार लोगों को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर भेज दिया।

घायलों के नाम : कोशल्या सरदार 45, चम्पा धिवर 48, राकेश मांझी 35, पुताई मांझी, निवास मांझी 55 एवं अन्य लोग हैं।

दुर्घटना में घायल एक मजदूर। बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल,जमशेदपुर ले जायी जाती महिला कामगार।

झारखंड नामधारी दलों ने हमेशा आदिवासियों को लूटा : राम मुंडा

उद्घाटन सत्र का दृश्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जमशेदपुर भाजपा महानगर की ओर से रविवार को पश्चिम विधनसभा के मानगो मंडल अंतर्गत गंगा मेमोरियल हस्पिटल के समीप आदिवासी जनजाति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक दीपक सुंडी, सहसंयोजक विनोद उमंग एवं जिला अध्यक्ष बिनानंद सिरका के नेतृत्व में आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। जनजातीय सम्मेलन का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस दौरान सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री विजय सिंह सोय एवं जिला उपाध्यक्ष रमेश बासके ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, सम्मेलन में स्वागत भाषणमोर्चा के जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष बिनानंद सिरका ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक सुंडी ने किया।

टाटा से आज 1113 रामभक्त प्रभु श्री राम लला के दर्शनार्थ अयोध्या धाम होंगे रवाना

ऐतिहासिक अवसर को खास बनाने के लिए भाजपा ने की विशेष तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। अयोध्याधाम में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्री रामलला के दर्शन के लिए 19 फरवरी को टाटानगर रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन उत्तर प्रदेश दर्शननगर स्टेशन के लिए रवाना होगी। जिसमें जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के 1332 रामभक्त अयोध्याधाम में प्रभु श्री राम लला के भव्य एवं दिव्य दर्शन करेंगे। सोमवार सुबह 11:50 बजे ट्रेन को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर समारोह का आयोजन कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। वहीं, इस ऐतिहासिक अवसर को खास बनाने के लिए भाजपा ने विशेष तैयारी की है। भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से टाटानगर स्टेशन पर मंच तैयार किया गया है। जहां समारोह का आयोजन कर अयोध्याधाम जाने वाले सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत अन्य नेतागण मौजूद रहेंगे। वहीं, रविवार को जमशेदपुर महानगर के साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में अयोध्याधाम जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को उनका टिकट एवं विशेष परिचय पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं से ढाई घंटे पहले टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म नंबर 1 पर आने की अपील की गई। जिला कार्यालय में अयोध्याधाम यात्रा को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखा गया।

अयोध्या जाने वाले राममंदिर आंदोलनकारी सुबोध झा को परिचय पत्र पहनातीं महिला नेत्री।

श्री श्री शिव संकटमोचन हनुमान मंदिर कमिटी का हुआ पुनर्गठन

जमशेदपुर। आज 18 फरवरी रविवार समाजसेवी श्री नगीना सिंह जी की अध्यक्षता में आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में एक बैठक की गई, जिसमें रिवर व्यू कलोनी स्थित श्री श्री शिव संकटमोचन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम आगामी 11 मार्च को करने का निर्णय लिया गया एवम इस संबंध में 10 मार्च को पुनः कमिटी की बैठक रखी गई है। आज की आम सभा में सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया गया:-अध्यक्ष - श्री नगीना सिंह, उपाध्यक्ष (4) - शिवनारायण प्रसाद, राकेश सिन्हा, कमलेश कुमार, राकेश कुमार, सचिव- ड बी पी सिंह, सह सचिव (2) - रंजन सिंह, सतीश राय, कोषाध्यक्ष- सुनील कुमार वर्मा, सह-कोषाध्यक्ष- राधामोहन शर्मा, सलाहकार - रामबहादुर प्रसाद सिंह, कार्यकारिणी सदस्य- संतोष कुमार, विद्यासागर सिंह, चित्रसेन पासवान, चंदन सिंह, मनीष सिन्हा, मुकेश सिन्हा, सुमन शेखर, राजीव कुमार, प्रवक्ता- मनोज कुमार, प्रेस मीडिया प्रभारी- नीरज मिश्रा।

आदित्यपुर : कुल्लूपटागा में मागे पर्व धूमधाम से संपन्न

आदित्यपुर। आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा है कि मागे पर्व हो जनजाति का सबसे बड़ा एवं महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व फसलों के कटने तथा खेत खलियान का कार्य समाप्त करने के उपरांत मनाया जाता है। मागे पर्व नारी शक्ति को समर्पित पर्व है। पूरेंद्र नारायण सिंह ने उक्त बातें संयुक्त आदिवासी हो समाज मागे पूजा समिति, कुलुपटागा आदित्यपुर-2 द्वारा आयोजित मागे पर्व के अवसर पर कही।

तुलसी भवन : दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या के साथ बसंतोत्सव संपन्न

देवार्ध राय के ख्याल गायन से मुग्ध हुए श्रोता, नूपुर गोस्वामी सारस्वत कला साधक सम्मान से सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन द्वारा आयोजित संस्थान के मुख्य सभागार में दो दिवसीय ''वसंतोत्सव'' कार्यक्रम में दुसरे दिन तीन सत्रों में विभाजित सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय संगीत के अन्तर्गत ख्याल गायन देवार्घ रय द्वारा तथा द्वितीय सत्र में गुरु संदीप बोस एवं शिष्यों द्वारा नृत्य - गीत प्रस्तुत किया गया। ततपश्चात् अंतिम सत्र की प्रस्तुति में सितार पर सुभाष बोस एवं बांसुरी पर अशोक सिंह की जुगलबंदी हुई जबकि तबले पर स्वरूप मोइत्रा ने संगत किया। तुलसी भवन द्वारा सभी संगीतज्ञों को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में नगर की प्रतिष्ठित कम्पनी टिनप्लेट के जी. एम. और इवनिंग क्लब के प्रेसिडेंट डॉ सौर ज्योति डे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्पण के साथ हुआ। बसंतोत्सव के पहले दिन नगर के सुप्रसिद्ध सुर साधिका श्रीमती नूपुर गोस्वामी को सारस्वत कला साधक शिरोमणि सम्मान -2024 से सम्मानित किया गया । जिसके अन्तर्गत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, श्रीफल, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं 11000/- (ग्यारह हजार) की नगद राशि प्रदान की गई। गोस्वामी का जीवन परिचय डॉ रागिणी भूषण ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी, अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका , मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी एवं साहित्य समिति के डॉ अजय कुमार ओझा, डॉ रागिनी भूषण, वीणा पाण्डेय 'भारती' , माधवी उपाध्यय, सुरेश चन्द्र झा , वसंत जमशेदपुरी , पूर्वी घोष, शैलेन्द्र पाण्डेय शैल, निवेदिता श्रीवास्तव, वीणा कुमारी नंदिनी, सोनी सुगंधा, नीलाम्बर चौधरी, सुनिता बेदी, डॉ संध्या सिन्हा, विजय नारायण सिंह 'बेरुका', अरुणा झा, जितेश तिवारी सहित शताधिक साहित्यकारों व संगीत प्रेमियों की उपस्थिति रही।

नुपुर गोस्वामी को सारस्वत कला साधक सम्मान प्रदान करते अतिथिगण। देवार्ध राय ख्याल गायन प्रस्तुत करते हुए।

स्पीड न्यूज

रांची में विश्वकर्मा अधिकार रैली संपन्न

जमशेदपुर। आज झारखंड राज्य का राजधानी रांची के एतिहासिक मोहराबादी मैदान में पूरे झारखंड प्रदेश के विश्वकर्मा वंशियों की अधिकार रैली सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वकर्मा भगवान के फोटो पर फुल माला चढ़ाकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। विश्वकर्मा अधिकार रैली में झारखंड के 24 जिलों से लाखों लोग मोहराबादी मैदान में एकत्रित होकर राज्य सरकार से समाज के विकास के लिए आठ सुत्री मांग रखी गयी। रैली का संचालन झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के द्वारा किया गया और अध्यक्षता झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष विकास राणा ने की। इस रैली में जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के नेतृत्व कर्ताओं के साथ सैकड़ों विश्वकर्मा वंशी रांची गये और अपने मांगों को जोरदार ढंग से सरकार के समक्ष रखी गयी।

भोजपुरिया बेयार का वसंतोत्सव सह लिट्टी पार्टी आज

जमशेदपुर। भोजपुरिया माटी की खुशबू बिखेरने वाली संयुक्त बिहार की संस्था '' भोजपुरिया बेयार '' का वसंतोत्सव सह लिट्टी पार्टी 19 फरवरी को बर्मामाइंस (टीआरएफ), स्टेशन रोड़ डनलप मैदान के पास बंगलो नंबर 10 में होगा। यह आयोजन सोमवार को शाम 6 : 00 बजे से होगा। जिसमें शहर के गण मान्य लोग शामिल होंगे। यह जानकारी रमेश भोजपुरिया ने दी है।

विधायक सविता महतो ने किया सड़क का शिलान्यास

चांडिल। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ईंचागढ़ के चंदनपुर से काठगोड़ा 38 किमी सड़क का भूमिपूजन रविवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा 38 किमी सड़क का निर्माण करीब 3 करोड़ 68 लाख रुपये कि लागत से किया जाएगा। विधायक ने कहा चंदनपुर से काठगोड़ा तक सड़क का निर्माण का मांग काफी पुराना था। जिसे देखते हुए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। विधायक ने कहा मेरे पति स्वर्गीय सुधीर महतो के अधूरे कार्य को पूरा किया जा रहा है। विधायक ने कहा आगे भी बहुत सारे सड़क का निर्माण जल्द ही कराया जाएगा। विधायक ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने को कहा। इस मौके पर निताई उरांव, अभय यादव, विश्वनाथ उरांव, किशुन किस्कु, रंजीत टुडू, राहुल वर्मा, विभिशन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

बारीडीह गोलचक्कर पर आप ने दिया धरना

जमशेदपर। पूर्वी जमशेदपुर विधान सभा क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष श्री अभिषेक कुमार जी के नेतृत्व में दो दिवसीय धरना प्रदर्शन बारीडीह मुख्य गोल चक्कर पर किया। आम आदमी पार्टी बस्तियों में पानी की समस्या को लेकर सदैव आदोंलन करती रही है। आंदोलन शुरू करने से पहले महानगर अध्यक्ष अभिषेक ने कहा था कि, मैंने प्रशासन को दर्जनों बार मांगपत्र सौंपा, मगर प्रशासन कोई मुक्कमल समाधान नहीं निकाल पाई। अंत में मुझे आंदोलन करने को विवस होना पड़ा।

जलेस सिंहभूम का निराला जयन्ती समारोह संपन्न

जमशेदपुर। आज जनवादी लेखक संघ सिंहभूम का निराला जयन्ती समारोह गोलमुरी के भोजपुरी भवन सभागार में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम निराला के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण किया गया। कवि अजय मेहताब ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि निराला आम लोगों की चिन्ता करते हैं। डा संध्या सिन्हा ने विषय प्रवेश करते हुए फासीवाद और अति राष्ट्रवाद की चर्चा की। इस बाबत उन्होने निराला की 'कुकुरमुत्ता ' शीर्षक कविता स्मरण किया। साथी हरीन्द्र प्र-सिंह हरेन्द्र ने निराला की चर्चित कविता 'राजा ने अपनी रखवाली की' का पाठ किया और वर्तमान परिदृश्य की भी चर्चा की। प्रगतिशील कथा शिल्पी जयनंदन ने कहा कि निराला ने जाति धर्म को तरजीह नहीं दी।

खबर एक नजर में

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बर्मामाइंस में 55 का हुआ पंजीकरण

खबर मन्त्र संवाददाता

जमशेदपुर। पी एम विश्वकर्मा योजना के तहत बर्मामाइन लकड़ी टाल में कैंप लगाकर 85 लोगो का पंजीकरण निशुल्क कराया गया जिसमे अधिकतर विश्वकर्मा समाज के लकड़ी के कार्य करने वाले छोटे कारीगर शामिल थे। इस योजना के जिला के प्रभारी पवन अग्रवाल के अनुसार अधिक से अधिक लोगो तक योजना को पहुंचा कर देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सपनो का साकार करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसके निमित केंद्र सरकार की योजना को धरातल पर उतार कर लोगो लाफ दिलाना है। भाजपा बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष दीपक झा तथा योजना के मंडल प्रभारी संजय शर्मा अपनी पूरी ऊर्जा के साथ कार्य कर रहे है। दूसरी ओर बिरसानगर जोन 3 बी में लाजो महिला समिति के साथ काली मन्दिर में बैठक कर विस्तार में महिलाओं को योजना की जानकारी उपल्ब्ध कराई। इस अवसर पर पवन ने कहा मोदी सरकार महिलाओं के उत्थान के पार्टी संकल्पित भाव से कार्य कर रही है।

उज्जवला योजना, आयुस्मान योजना,आवास योजना, मुख्य रूप से शामिल है। पवन ने विश्वकर्मा योजना में निहित सिलाई और ब्यूटीसियन कार्य के महिलाओं को आसान किस्त में एक लाख लोन के साथ सत्रह हजार टूलकिट के लिए निशुल्क डीबीटी के माध्यम से भेज रही है। बैठक में दो सौ बहनों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। जल्द ही कैं प लगाकर अनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री नरेश प्रशाद,अनूप पांडेय, बाबून बनर्जी,लालू मुखी, जितेंद्र मिश्रा,लाजो देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

करीम सिटी : शैक्षिक सम्मेलन में शामिल हुए इंटरनेशनल मोटिवेटर डॉ जावेद

डॉ जावेद सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

खबर मन्त्र संवाददाता

जमशेदपुर। करीम सिटी कलेज में आज एक शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. जावेद अख्तर (इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर, सीनियर लेक्चरर, क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी, लंदन), सम्मानित अतिथि डा. मोहम्मद जकरिया (सचिव गवर्निंग बडी, करीम सिटी कॉलेज) और डा.मोहम्मद सलीम (अध्यक्ष, कबीर वेलफेयर ट्रस्ट, मानगो) थे। कार्यक्रम की शुरुआत अब्दुल्ला (शाहीन अकादमी के छात्र) द्वारा तिलावत ए कुरान से हुई। डा. याहिया इब्राहीम ने अतिथियों का स्वागत से किया। सम्मेलन की शुरुआत ड. मोहम्मद वाजिद अख्तर के भाषण से हुई। इसके बाद ड. जावेद अख्तर का प्रेरक भाषण हुआ। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के पिछड़ेपन के बारे में बात की और अंग्रेजों का भारतीयों के प्रति जो रवैया था, उसे उद्धृत करते हुए कहा, 'अगर इस समय मुसलमान खुद को इस्लाम का सच्चा अनुयायी बनाते हैं, तो हर कोई उन्हें पसंद करेगा।' कार्यक्रम को मोहम्मद अशरफ अंसारी (अध्यक्ष, पहचान फाउंडेशन), डा. एमडी. वाजिद अख्तर (उपाध्यक्ष, ब्रिटिश इस्लामिक मेडिकल एसोसिएशन), डा.शारिक अंसार (निदेशक, शाहीन अकादमी, जमशेदपुर) और अयाज अहमद (उपाध्यक्ष, पहचान फाउंडेशन, जमशेदपुर) ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मोहम्मद अशरफ अंसारी ने प्रस्तुति के जरिए से छात्रों के लिए विभिन्न योजनाओं और छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी दी। अंसार आलम ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। मंच का संचालन डॉ. याहिया इब्राहिम ने किया।

11 जरूरतमंद हिंदू कन्याओं का सामूहिक विवाह करायेगा मायुमं सुरभि

जमशेदपुर। जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आगामी 3 मार्च रविवार को जरूरतमंद 11 हिन्दु कन्याओं घ्का निःशुल्क सामूहिक विवाह कराया जायेगा। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में रविवार को सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल, सचिव कविता अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि जरूरतमंद शादी योग्य हिन्दु कन्या के परिजनध्अभिभावक संस्था के पदाधिकारियों से विशेषकर इस कार्यक्रम की से संयोंजिकाओं से संपर्क कर सकते हैं। सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तीन संयोंजिका क्रमशः ममता अग्रवाल (7717704436), रेनु अग्रवाल (8340493284) तथा बिंदिया नरेड़ी (9142658457) हैं। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह हेतु कन्या के अभिभावकों को जोड़ा तय करना हैं। जोड़ा की खोज संस्था के लोग नही करेंगें।

स्पीड न्यूज

पाटन बीडीओ सह सीओ ने लाल बाबू को अंचलाधिकारी का प्रभार सौंपा

पाटन पलामू। जिला के उपायुक्त शशिरंजन के आदेश के आलोक में लाल बाबू अधिसूचित अंचल अधिकारी पाटन को अंचल कार्यालय का सम्पूर्ण प्रभार पाटन बीडीओ सह सीओ अमित कुमार झा ने सौंप दिया। मालूम हो कि सीओ लाल बाबू से छह अक्टूबर 2023 को डीजीटल ले लिया गया था तथा पाटन अंचल कार्यालय का प्रभार उप समाहर्ता दीपक कुमार मिश्रा को दे दिया गया था पुन: फिर पलामू उपायुक्त के आदेश के बाद दीपक कुमार मिश्रा ने अंचल का प्रभार पाटन बीडीओ मनोज तिवारी को सौंप दिया था। अभी प्रभार लिये हुए कुछ ही दिन हुए थे कि पुन: पलामू उपायुक्त ने पाटन अंचल का सम्पूर्ण प्रभार सीओ लाल बाबू को देने का आदेश निर्गत कर दिया। इसके पहले लाल बाबू सीओ आस्थापन का कार्य देख रहे थे। बार बार इस प्रभार लेन देन से पाटन प्रखंड की जनता में असंतोष की भावना उत्पन्न हो गई है। ज्यों ही पाटन अंचल का कार्य में तेजी आता है तो इस तरह का प्रभार का आदेश निर्गत कर दिया जाता है। अब लाल बाबू के अंचलाधिकारी के प्रभार मिलने से जनता में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि सीओ लाल बाबू द्वारा समस्या का समाधान तीव्र गति से किया जायेगा।

माता-पिता की सेवा से सारे कष्ट दूर होते हैं : ओंमकारनाथ जायसवाल

मेदिनीनगर। माता-पिता का सेवा धर्म का पहला मार्ग है सेवा करने से सारे कष्ट दूर होते हैं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह पांकी विधानसभा के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे पांकी के ग्राम चांपी फुलवरिया में मां दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हो रहे महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल होकर प्रवचन कार्यक्रम का उदघाटन करने के बाद लोगों का संबोधित कर रहे थे। जायसवाल ने कहा कि आज के समय में युवा बच्चे महिलाएं सभी लोग नए युग में आधुनिकता की ओर भाग रहे हैं जो चिंता का विषय है। समय रहते हैं हम सबको इस अवधारणा को छोड़ना होगा क्योंकि सेवा धर्म का पहला मार्ग है। इसमें बुजुर्गों का सेवा माता-पिता का सेवा करने से सभी तरह का कष्ट दूर होते हैं। मौके पर महायज्ञ कमेटी ने जायसवाल को माला और गमछा देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर यज्ञ कमेटी के महेंद्र गुप्ता, ईश्वरी यादव, अमरेश मेहता, पंकज कुमार यादव, पंकज विश्वकर्मा, वीरेंद्र प्रजापति, जितेंद्र, बाबूलाल साहू समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

मिशन समृद्धि ने किया जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण

मेदिनीनगर। मिशन समृद्धि संस्था द्वारा जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के सदस्यों ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए हर संभव प्रयासरत मिशन समृद्धि संस्था अपने कार्यों में निरंतर लगी रहती है। दोना पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच यह संस्था भोजन के साथ -साथ कपड़ों का भी वितरण मौसम के अनुसार करती रहती है। रोटी और कपड़ा देने वाले परिवारों के सहयोग और मिशन समृद्धि संस्था की निष्ठावान सदस्यों के योगदान के बिना यह कार्य संभव ही नहीं हो पाता। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच जरूरतमंद राहगीर और रिक्शाचालक के बीच भोजन वितरण किया गया। मौके पर सदस्यों ने कहा कि नर में होता है नारायण की सेवा । सदस्यों ने कहा कि बैजन्ती गुप्ता, वीणा गुप्ता, शिल्पी गोस्वामी, शैलेंद्र कुमार, ऋषि कुमार के सराहनीय योगदान से ही भोजन वितरण का कार्य पूरा हो पाता है।

फाइबर ब्लॉक निमार्ण रोजगार का अवसर : फैजायल अहमद

चैनपुर पलामू। ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत से फाइबर ब्लॉक बनाने का कार्य से व्यवसाय की करें शुरूआत युवा कर सकते हैं। उक्त बातें चैनपुर पूर्वी जिप सदस्य फैजायल अहमद ने कहीं। वे रविवार को चैनपुर प्रखंड अंतर्गत लोहरसिमी मोड स्थित अमन इंटरप्राइजेज द्वारा फाइबर ब्लॉक कंपनी का उदघाटन के मौके पर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत से फाइबर ब्लॉक बनाने की मशीन लगाकर रोजगार कर सकते हैं। फजायल ने कहा कि युवा योग्यता अनुसार स्किल सीख कर व्यवसाय को चुने एवं कम लागत से भी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। यदि युवा रोजगार के प्रति सच्ची लगन वह मेहनत की करें तो आगे चलकर यही रोजगार उन्हें बड़े व्यवसायी बनाने में अहम भूमिका निभाई। मौके पर अमन इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर शाहिद अनवर ने कहा कि फाइबर ब्लॉक का प्लांट लगाना मेरा एक सपना था जो आज साकार हुआ है। हम फाइबर ब्लॉक को उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं कम कीमत पर बाजार में उपलब्ध कराएंगे ताकि ग्राहक को कम कीमत पर आसानी से उपलब्ध हो सके और फाइबर ब्लॉक लगाने के प्रति लोगों का रुझान बढ़ सके। मौके पर हाजी अब्दुल सत्तार, सदर अब्दुल मोतलीब, झामुमो नेता ताज अंसारी, आप नेता तौसीफ रजा, रजनीश सिंह, गुलाम हैदर, तैयब अंसारी, अकलीम अंसारी, रउफ अंसारी, जहुर अंसारी, रुस्तम अंसारी, अफजल हुसैन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

डीएवी स्कूल के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सतबरवा का अमन सम्मानित

सतबरवा। सतबरवा निवासी एम के डी ए भी पब्लिक स्कूल के कक्षा 3 के छात्र अमन गोस्वामी को फैंसी ड्रेस कंपटीशन में विद्यालय के प्राचार्य डॉ जी एन खान व शिक्षक के द्वारा शनिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जी एन खान ने बताया कि मेरे विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ, समय-समय पर तरह-तरह का बच्चों को हौसला बढ़ाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। सफल छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है ताकि आगे और भी बेहतर कर सकें। इस कार्यक्रम में नेता जी सुभाष चंद्र बोस के ड्रेस में अमन गोस्वामी ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया था।

चतुर्थवर्गीय कर्मियों के सैकड़ों पद खाली फिर भी नहीं हो रही है नियुक्ति : उदय

मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा सदस्यों की बैठक रविवार को कचहरी परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। बैठक में मोर्चा श्री राम ने कहा कि नियुक्ति के लिए 361 लोगों का मेरिट लिस्ट बना था जिसमें 255 लोगों को नियुक्ति की गई और अभी भी सैकड़ो पद खाली है। नियुक्ति की आस में बेरोजगारों की उम्र सीमा समाप्ति के कगार पर है और कितने लोगों की समाप्त हो गई। वहीं दूसरी तरफ पलामू में 500 से अधिक पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है। सफल अभ्यर्थियों की प्रति उपयुक्त पलामू अनदेखी कर रहे हैं सौतेला व्यवहार बेरोजगारों के साथ किया जा रहा है। यह बहाली पैनल निर्माण संबंधित बहाली है बेरोजगारों के साथ न्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में नियुक्ति की मांग को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन का निर्णय लिया गया। कहा गया कि जब तक नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक चुप नहीं बैठेंगे। बैठक में मिथिलेश कुमार, उपेंद्र तिवारी, अजीत कुमार सिंह, राजेश रंजन, यमुना प्रजापति, राजेश यादव, मोहम्मद शफीक अंसारी, सनी पासवान, मुन्ना कुमार रवि, संजीत कुमार, सतीश कुमार चंद्रवंशी, संजय मिस्त्री, जलील अंसारी, सुधीर कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

ब्रह्मदेव प्रसाद बने पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता और अधिकार मंच के अध्यक्ष

ओबीसी प्रमंडलीय महासम्मेलन की सफलता में समर्पित सहयोगियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

फूल माला और मोमेंटो से सहयोगियों को किया गया सम्मानित ।

विश्रामपुर पलामू। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच द्वारा आयोजित प्रमंडलीय महासम्मेलन की सफलता को ले रविवार को ओबीसी मोर्चा के प्रमंडलीय कार्यालय मे स्वागत, सम्मान समारोह एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के द्वारा ओबीसी समाज के सभी लोगों को जिन्होंने 11 फरवरी के कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना समर्पण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रखा उन सहयोगियों का स्वागत के साथ सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता आयोलन समिति के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने की। संचालन गोरख चौधरी ने किया। बैठक मे प्रमंडलीय महासम्मेलन की समीक्षा की गयी। इस मौके पर सर्वसम्मति से ब्रह्मदेव प्रसाद को ओवीसी मोर्चा एकता एवं अधिकार मंच का अध्यक्ष चुना गया। सेवानिवृत पुलिस अधीक्षक श्रवण कुमार ने ब्रहमदेव प्रसाद का नाम अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित किया। जिसे उपस्थित सभी लोगों ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। मंच का विस्तार प्रदेश स्तर पर करने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया तथा रांची में प्रदेश कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया एवं राज्य के चारों प्रमंडल में एकता अधिकार महासम्मेलन करने पर आगे की रणनीति बनी एवं संरक्षक की भी घोषणा करने का दायित्व अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद पर सौंपा गया। मौके पर सभी सम्मानित मंडल के लोगों को माला व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं प्रदेश कमेटी की विस्तार करने का भी जिम्मेवारी अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद को सौंपा गया। मौके पर ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि मंच द्वारा किया गया कार्य राज्य ही नहीं देश स्तरीय है। पूरे राज्य का कारवां बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे साथ वही खड़ा होंगे जो ओबीसी की बात करेंगे। ओबीसी वर्ग को हक व अधिकार दिलाने वाले पार्टी को समर्थन दिया जायेगा। उन्होंने ओबीसी परिवार के तीनों जिलों के लोग बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि कम समय में काम में जो सहयोग दिया गया वह सराहनीय है। कहा कि जल्द ही हम बहुत बड़ी टीम बनाएंगे। ग्राम स्तरीय प्रखंड स्तरीय, जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय टीम भी बनाई जाएगी। डॉ इश्तियां राजा ने कहा कि 11 फरवरी को हाउसिंग कॉलोनी में हुई सभा ने यह साबित कर दिया कि हमने लक्ष्मण रेखा खींच दिया है अब इसे और प्रचार प्रसार कर बड़े पैमाने पर बनाने की जरूरत है। सुभाष गुप्ता ने कहा कि हमने समाज को जगाने का काम किया है हम लोगों ने एकजुट होकर ओबीसी की एकता को जोड़ने का काम किया है। विकास चंद्रवंशी, मुस्तकीम अंसारी ने कहा कि 11 फरवरी का प्रोग्राम ऐतिहासिक रहा उसका सारा ब्रह्मदेव प्रसाद को जाता है उन्होंने इस प्रोग्राम को पंचायत स्तरीय से लेकर राज्य स्तरीय बना दिया। अजय वर्मा ने कहा कि हमें संगठित होना होगा। अपने हक व अधिकार के लिए आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना होगा। सुशील अग्रवाल ने कहा कि बैठक में हमारे संगठन से हुई कमीयों पर चर्चा करना ही हमारा प्रथम कर्तव्य होगा। साथ ही संगठन चलाने के लिए तन मन धर्म के साथ हर प्रमंडल को मजबूत करना ही हमारा प्रथम लक्ष्य होगा। गोरखनाथ ने कहा कि विधानसभा नहीं केंद्र स्तरीय टीम बनाने के लिए सब कुछ जवाब देही भी लेनी होगी। श्रवण कुमार ने कहा कि जल्द हमें दूसरे प्रमंडल में भी जनसभा, जन सैलाब जनजागरण के लिए कार्यक्रम तय करना होगा। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए रविंद्र कुमार व सुशील कुमार सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर संजय कुमार साहू, श्रवण कुमार, राज नारायण पटेल, शिव चौधरी, प्रमोद ठाकुर, रामराज राम, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, ज्वाला गुप्ता, संजय प्रसाद, अशोक प्रसाद, संतोष गुप्ता, विनय प्रसाद, मुस्तकीम अंसारी, सुभाष चंद्र बोस, शैलेश चंद्रवंशी, रविंद्र ठाकुर, वरुण बिहारी, अख्तर अंसारी एवं ओबीसी समाज के तीनों जिला के लोग मौजूद थे।

मधुमेह के खिलाफ लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने किया कदमताल

बच्चे अपने अभिभावकों और परिवार के अन्य सदस्यों को भी एक स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित : डॉ प्रवीण सिद्धार्थ

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के बैनर तले आयोजित वाकाथन ने रविवार को समा बांध दिया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय से चल कर पुलिस लाइन स्टेडियम तक चले इस वाक में शहर से गणमान्य लोगों, समाजसेवियों और सैकड़ो आम नागरिकों समेत काफ संख्या में स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भरपूर उत्साह के साथ भाग लिया। नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन, ट्रेनी आईएएस रवि आनंद, एनडीसी पलामू और सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से वाकाथन की शुरूआत की। विभिन्न संस्थाओं के सदस्य और स्कूली बच्चों के जत्थे अपने बैनर लिए शहीद चौक, छह मुहान, थाना रोड़, शहीद भगत सिंह चौक, साहित्य समाज चौक, निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल होते हुए पुलिस लाइन स्टेडियम पहुंचे। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों, आम लोग और स्कूली बच्चों समेत स्केटिंग ग्रुप शामिल थे। बच्चों ने पोस्टर के जरिये डायबिटीज के कारण और उससे बचाव के तरीकों के बारे में आकर्षक स्लोगन लोगों को दिखाये। लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ के नेतृत्व में इस वाकाथन का थीम मधुमेह या डायबिटीज के खिलाफ जागरूकता पैदा करना रखा गया था जिसमें कि स्कूली बच्चो को भी जोड़ा गया। डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि आजकल डायबिटीज उम्र से जुड़ी बीमारी नहीं रह गई है और हमारी बदलती दिनचर्या ने इस बीमारी को एक गंभीर रूप दे दिया है। साथ ही बच्चे जब स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे तो एक तो आने वाली पीढ़ी पहले से ही इस बीमारी जो कि अब महामारी का रूप ले चुकी है, के खिलाफ तैयार होगी और दूसरे वो बच्चे अपने अभिभावकों और परिवार के अन्य सदस्यों को भी एक स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। मौके पर नगर आयुक्त ने बच्चों और सभी उपस्थित नागरिकों का आव्हान किया कि वो सभी सात दिनों का चैलेंज ले जिसके दौरान वो ये प्रण करें कि कुछ भी अस्वस्थ करने वाला जंक फूड नहीं खाएंगे और कुछ घंटे ही सही शरीरिक व्यायाम करेंगे। सिविल सर्जन अनिल सिंह ने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। वाकाथन के समापन पर एक लकी ड्रा भी निकाला गया जिसमें करीब दस विजेताओं को गिफ्ट हैंपर दिए गए। विनायक हॉस्पिटल ने सभी लोगों के लिए मुफ्त मधुमेह जांच की व्यवस्था की थी। कार्यक्रम का संचालन निलेश चंद्र ने किया। कार्यक्रम के स्पॉन्सर राम नरेश सोनी, डॉ गौरव विशाल, डॉ अभय कुमार, लायन अनूप कुमार, मनोज कुमार सोनी, रांची टेंट हाउस एवं अनमोल बिस्कुट के संचालक शामिल थे। वकाथन में लायंस क्लब के लायन इंद्रजीत सिंह लायन वीन कुमार गुप्ता, लायन पीयूष तुलस्यान एवं फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन से चित्तेश मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका लायन डॉक्टर उदय कुमार सिंह, डॉ निशांत कुमार, डॉ रवीश कुमार, लिली मिश्रा अनुराधा मिश्रा, पुष्पा चंद्र, रंजन अग्रवाल, सचिव अमुख प्रियदर्शी, राघवेंद्र सिंह, नवीन पांडे, परिमल प्रसून, ऋषिकेश दुबे, गुरबीर सिंह, रितेश कुमार , फिरोजुद्दीन अंसारी, रंजीत मिश्रा, लोटस एकेडमी स्कूल, ग्रीन वैली स्कूल, पब्लिक स्कूल विमला पांडे ज्ञान निकेतन, गुरुकुलम विद्यालय, चिल्ड्रन पैराडाइस, संत मरियम स्कूल एवं योगा टीम ने भूमिका निभाई।

संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल ने मनाया 8वां वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार विद्यालय में ही हैं संभव : इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी

अनुशासन व संस्कारपूर्ण शिक्षा आज की जरूरत : अलख नाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार विद्यालय में ही संभव है। अच्छे संस्कार से हीं बच्चों में सारे गुण आते हैं। स्कूल बच्चों का दूसरा घर है, यहीं से इनके भविष्य की नींव तैयार होती है। उक्त बातें ग्रासिम इंडस्ट्रीज के ईकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कही। वे रविवार को विश्रामपुर स्थित संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल के 8 वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हितेंद्र अवस्थी कहा कि स्कूल से अर्जित किया गया ज्ञान बच्चों को जीवन भर काम आता है, उन्हें पढ़ाई के साथ अनुशासन भी बनाए रखने की जरूरत है। जीवन में कामयाब होने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। वार्षिकोत्सव समारोह का उदघाटन हितेंद्र अवस्थी, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, स्कूल के संस्थापक विजय पांडेय, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक डॉ अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक नरेंद्र कुमार तिवारी ने किया व संचालन स्कूल के प्राचार्य आर के सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि बच्चों को अनुशासन व संस्कारपूर्ण शिक्षा देने की जरूरत है। इस बात की खुशी है कि यह स्कूल बच्चों को अनुसाशन में रखते हुये संस्कारपूर्ण शिक्षा दे रहा है। अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने स्कूल प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि कम शुल्क में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराकर सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसके लिये स्कूल प्रबंधन बधाई का पात्र है। निदेशक नारेंद्र कुमार तिवारी ने स्कूल के आठ वर्षों की विकास यात्रा के बारे में लोगो को बताया। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारा एक मात्र उद्देश्य है। वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कृत भी किया। मौके पर संजय पांडेय, भोला राय, सुनील चौधरी, धनंजय तिवारी, सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा व काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन ने चलाया सदस्यता अभियान

मोहम्मदगंज पलामू (अनूप कुमार)। पलामू केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन मेदिनीनगर के तत्वावधान में रविवार को मोहम्मदगंज व हैदरनगर में सदस्यता अभियान चलाकर दवा दुकानदारों को सदस्यता दिलाई। अभियान का मुख्य उद्देश्य केमिस्टो की बीच आपसी सौहार्द एकजुटता की बागडोर को मजबूत करना है। भविष्य में किसी तरह की समस्या से केमिस्टों को निजात दिलाना फेडरेशन का मुख्य उद्देश्य है। बाजार क्षेत्र के विभिन्न केमिस्टों ने फेडरेशन के लोगों को अपनी समस्या से अवगत कराते हुए संघ को मजबूत बनाने की दिशा में सदैव तत्पर रहने का सुझाव दिया। संघ ने केमिस्टों को आश्वस्त किया की सभी बिंदुओं पर अमल कर संघ की मजबूती को लेकर आगे की रणनीति आगामी बैठक में तय की जाएगी। सदस्यता अभियान की टीम में मृतुंजय शर्मा, अमिताभ मिश्रा, रमेश शुक्ला, संजय कुमार, सुरेंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रमाकांत पांडे, अरविंद अग्रवाल, पुरुषोतम अग्रवाल, रवि अग्रवाल, गौरी शंकर मिश्रा, विनय अग्रवाल, हनी सिन्हा समेत कई लोग शामिल थे।

बच्चे पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी सक्रिय भागीदारी निभायें : अरुणा शंकर

खनवा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के खनवा अमानत नदी के तट पर खनवा प्रीमियर लीग क्रिकेट टुर्नामेंट हुआ। नगर निगम के प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस टुर्नामेंट का उदघाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उत्साहवद्धन किया। समारोह की अध्यक्षता जोड़ पंचायत की मुखिया प्रभा देवी ने की। संचालन समाजसेवी नरेंद्र मेहता ने किया। मुख्य अतिथि शंकर ने जीवन में खेल के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि पहले यह कहावत थी कि खेलने वाले बच्चे का भविष्य खराब हो जाता है, लेकिन अब परिस्थितियां बदल गयी है। खेल के क्षेत्र में भी कैरियर की असीम संभावनाएं है। खेल चाहे किसी भी तरह का हो उसमें पारंगत होना चाहिए। सरकार ने बच्चों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए पढाई के साथ-साथ खेल के विकास को बढ़ावा दे रही है। बच्चों को चाहिए कि पढाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी सक्रिय भागीदारी निभाये। जिस खेल में बच्चों को रुची हो उस दिशा में ईमानदार प्रयास करना चाहिए। सरकारी नौकरी में भी अच्छे खिलाड़ी को प्राथमिकता दी जाती है। सरकार ने खेल के विकास के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम संचालित किया है। कई ऐसे युवा खेल के माध्यम से अपने भविष्य को संवारते हुए देश का नाम रौशन किया है। विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद नीरा देवी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेल से होने वाले लाभ की जानकारी दी। आयोजन समिति के लोगों ने अतिथियों को गुलदस्ता व माला पहनाकर स्वागत किया। उदघाटन मैच केजीएफ एवं एसटी सिंह टीम के बीच खेला गया। इस टुर्नामेंट में चार टीम भाग ले रही है। मौके पर पूर्व मुखिया विनय त्रिपाठी, नवल तुलस्यान, अजय तिवारी, सुरेश उदयपुरी, यमुना प्रसाद, विश्वनाथ मेहता, जितेंद्र तिवारी, अभय सिंह, मुन्ना मिश्रा, सुनील पांडेय, सुभक तिवारी, मुखराम यादव, सुखवीर उरांव, राजकिशोर उरांव, अंबिका विश्वकर्मा, रिंकु मेहता आदि मौजूद थे।

एजुकेशन टू सोसायटी पुस्तक का लोकार्पण

विश्रामपुर पलामू। किसी व्यक्ति की सफलता काफी हद तक उनकी शिक्षा के स्तर व स्कूल में सीखी गई बातों को व्यावहारिक रूप से लागू करने की क्षमता पर निर्भर करती है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए, बल्कि समग्र रूप से समाज के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। केवल पाठों की जानकारी ही मायने नहीं रखती, बल्कि बाधाओं पर काबू पाने से लेकर व्यक्तिगत विकास तक की संपूर्ण सीखने की प्रक्रिया भी मायने रखती है। उक्त बातें अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने कही। रविवार को विश्रामपुर में नरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा लिखी गई एजुकेशन टू सोसायटी नामक पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। लेखक तिवारी ने शिक्षा के वर्तमान स्वरूप को अपनी पुस्तक में लिखने का काम किया है। शिक्षा से परिपक्व व निपुण व्यक्ति और समाज का निर्माण होता है। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के ईकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि शिक्षा समाज के सभी क्षेत्रों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, आधुनिक समाज का निर्माण शिक्षा पर हुआ है। इसके पूर्व अतिथियों ने नरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा लिखित पुस्तक एज्युकेशन टू सोसायटी का लोकार्पण किया। जहां सबों ने लेखक के रूप में तिवारी की सराहना की। हालांकि यह पुस्तक अंग्रेजी भाषा में लिखी गई है। लेकिन लेखक तिवारी ने बताया कि इसके हिंदी अनुवादित पुस्तक भी अंतिम चरण में है।

फांसी लगाकर नाबालिग ने की आत्महत्या

हरिहरगंज पलामू। शहरी क्षेत्र के सतगांवा मोहल्ला निवासी अनवर हुसैन के 17 वर्षीय पुत्र साकिर अंसारी ने शनिवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसका शव कमरा में फंदे से झूलता बरामद किया गया। फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर छानबीन कर रही है। परिजनों के अनुसार शनिवार की रात अन्य दिनों की तरह खाना खाने के बाद साकिर अपने कमरे में सोने चला गया था। रविवार सुबह 8 बजे तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन साकिर को उठाने के लिए उसके कमरे का दरवाजा खुलवाने लगे। लेकिन अंदर से बंद मिलने पर वेंटिलेटर से देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों के अनुसार साकिर पढ़ाई छोड़ चुका था। वह घर पर ही रहा करता था।

माता पार्वती श्रद्धा और शिव विश्वास के प्रतीक हैं : स्वामी धीरेंद्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

श्री सीताराम विवाहोत्सव का आयोजन

पांकी रोड बारालोटा जनकपुरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ में रविवार को हर्षोल्लास पूर्वक श्री सीता राम विवाहोत्सव मनाया गया। पाठ कर्ता व्यास पंडित ज्ञानेश पांडेय, पंडित प्रभु नारायण पाठक व पंडित उमाशंकर तिवारी ने विवाह से जुड़े मंगल गीत गाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। इस दौरान मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारो दूल्हा में बढ़का कमाल सखियां, अइले सुनैना के अंगनावा पहुनवा राघव, अवध नगरिया से चलले बरतिया हो सुहावन लागे, जनक नगरिया भईले शोर सहित विवाह के कई मंगल गीत प्रस्तुत किया गया। श्री सीताराम विवाहोत्सव में शामिल श्रद्धालु मंगल गीत श्रवण कर भाव विभोर होकर झूम रहे थे।

मेदिनीनगर। पांकी रोड बारालोटा जनकपुरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ चल रहा है। महायज्ञ के 48 वें अधिवेशन के पहले दिन चित्रकूट धाम से पधारे हनुमत पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य ने प्रभु श्रीराम की पावन कथा का रसपान कराया। उन्होंने प्रभु श्रीराम के पावन नाम की महिमा का बखान किया। उन्होंने भगवान शिव एवं पार्वती प्रसंग की चर्चा बड़े ही मार्मिक ढंग से किया। उन्होंने कहा कि माता पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या किया था। माता पार्वती भक्ति स्वरूपा हैं, वह नौ रूपों में प्रकट हुई। माता पार्वती श्रद्धा और भगवान शिव विश्वास के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति ही जीवन का सारतत्व है। श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान की भक्ति करने से जीवन का कल्याण होता है। निस्वार्थ एवं निष्काम भाव से भगवान की भक्ति करने वाला ही मोक्ष का अधिकारी होता है। जो प्रभु श्रीराम के नाम का सहारा लेकर कर्म पथ पर आगे बढ़ता है, उसका जीवन चरित्र श्रेष्ठ हो जाता है। उन्होंने श्रीरामचरित मानस के आधार पर भगवान शिव एवं माता सती के चरित्र का चित्रण करते हुए समाज को अनुपम संदेश दिया। इससे पहले मानस प्रवक्ता ओम प्रकाश दुबे ने सदग्रंथ श्रीरामचरित मानस के आधार पर कई प्रसंग की चर्चा किया। महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका स्वागत किया। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी, मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष लव तिवारी, धर्मराज तिवारी, वशिष्ठ नारायनाचार्य, जगन्नथ तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, लीलाधर तिवारी, यमुना तिवारी, अजीत तिवारी, प्रदीप तिवारी, शैलेश तिवारी, बृजलाल तिवारी, राकेश तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, विद्या तिव

स्पीड न्यूज

विजय झा ने किया हेल्थ प्लस फार्मा मेडिकल का उद्घाटन

कतरास। बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा ने रविवार को मलकेरा रोड स्थित हेल्थ प्लस फार्मा मेडिकल का फीता काटकर उद्घाटन किया। दुकान के संचालक शमशाद आलम ने पूर्व बियाडा अध्यक्ष को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर डॉ एस राय, फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर विनय कुमार, कंचनपुर के सरपंच नासिर आलम, बी एल राम, धीरज सिंह, लालदेव, अनिल कुमार, मो नसीम, मो तारिक, शम्स आलम, महताब आलम, महेश शर्मा, मिजान आलम, मथुरा रजवार, मनोज कुमार महतो आदि मौजूद थे।

टुंडी विधायक ने किया सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास

पूर्वी टुंडी। पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत में सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा रविवार को नारियल फोड़ कर किया गया। प्रखंड में 6 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इनमें मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना अंतर्गत लटानी से रंजीतपुर गांव तक पथ विशेष मरम्मती कार्य व मोहनपुर गांव से सिगरायडीह गांव तक मरम्मत कार्य किया जाएगा। मौके पर आजसू जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतोए आजसू केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, आजसू नेता भास्कर ओझा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष ऐनुल हक, झामुमो नेता ऐनुल हक, जीतन दास आदी उपस्थित थे।

तुलसी कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

पाथरडीह। पाथरडीह मोहन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित आठ दिवसीय भागवत कथा को लेकर रविवार को तुलसी कलश यात्रा निकाली गई। इसका उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने फीता काटकर किया। कथा वाचक सुरेश हरिदास महाराज ने रागिनी सिंह को माता रानी की चुनरी व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कलश यात्रा मोहन बाजार मंदिर प्रांगण से निकल कर परघाबाद मोड़ परघाबाद बस्ती होते हुए एनबीसीसी कॉलोनी छठ तालाब पहुँचा। जहां महिलाओं ने विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर नुनुडीह मोड़ होते पुनः कथा वाचक स्थल पहुंचे। भागवत कथा पूणार्हुति होने के बाद तुलसी कलश को वितरण किया जाएगा। जिसे श्रद्धालु अपने घरों में रखेंगे।

शिवरात्रि को लेकर शिव-गोपाल मंदिर समिति की बैठक

दुमका। शिवरात्रि के सफल आयोजन को लेकर शिव गोपाल मंदिरए रसिकपुर समिति की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अरबिंदो सिन्हा ने की। बैठक में शिवरात्रि पर शिव .पार्वती विवाह के सफल आयोजन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में हर साल की भांति शिव .पार्वती विवाह में शिव बारात निकालने और शहर भ्रमण की रूप .रेखा तैयार की गई। इस बार शिवरात्रि के आयोजन को लेकर करीब 6 लाख का बजट निर्धारित की गई है। शिवरात्रि में हर साल की तरह फूलए लाईट और झालर की सजावटें होगी। शिव बारात निकालने के लिए शिव की पालकी की विशेष सजावटए बारात में शामिल भगवान शंकर के विशेष दूतए भूत .पिचाश आदि की झांकी होगी। पूरे विधि .विधान से 8 मार्च को शिव की बारात निकल शहर भ्रमण कर मंदिर परिसर में वापस लौटेगी। जहां देर रात पुरोहित द्वारा विधि .विधान से शिव .पार्वती का विवाह होगा। ज्ञात हो कि महाशिवरात्रि को लेकर पूरे वर्ष लोग इंतजार करते हैं और प्रतिवर्ष काफी धूमधाम से महाशिवरात्रि मनाते हैं। महाशिवरात्रि को लेकर शिव-गोपाल मंदिर समिति का विशेष योगदान रहता है। काफी उत्साह के साथ सभी सदस्य महाशिवरात्रि की तैयारी करते हैं और जुलूस निकालते हैं।

12 दिसंबर को गंगवारा हाल्ट के समीप मिला था आदिवासी छात्रा का शव

छात्र संगठन ने किया सड़क जाम

घटवारी चौक के पास हाइवे को किया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

हंसडीहा। बीते साल 12 दिसंबर को हंसडीहा.गोड्डा रेलखंड पर गंगवारा हाल्ट के समीप नाले में मिली आदिवासी छात्रा के शव का मामला घटना के करीब दो महीने के बाद फिर से तूल पकड़ लिया है। आरोपियों पर अभी तक कार्रवाई नहीं होने से नाराज छात्रा के परिजन और आदिवासी छात्र संगठन के लोग रविवार को एनएच 133 की सड़क पर उतर आए और घटवारी चौक के पास हाइवे को जाम कर दिया। जाम की सूचना पर जरमुंडी सर्किल के एसडीपीओ संतोष कुमारए पौड़याहाट के प्रखंड विकास पदाधिकारी फुलेश्वर मुर्मूए पौड़याहाट थाना प्रभारी ताराचंद्रए सरैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमारए रामगढ़ थाना के एएसआई अश्वनी झा व हंसडीहा थाना के एएसआई महंती मुर्मू व राजेश पासवान जामस्थल पर पहुंच लोगों को समझाने का प्रयास किया। करीब पांच घंटे के जाम के बाद आरोपित भाई.बहनों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन मिलने के बाद शाम छह बजे सड़क जाम समाप्त हुआ।

क्या है मामला

दरअसल संताल परगना महाविद्यालय दुमका में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिफाली हेम्ब्रम अपनी सहपाठी एलविना मुर्मू के साथ 17 दिसम्बर को दुमका से किसी ट्रेन से हंसडीहा आ रही थी। उसी दिन शाम को शिफाली का शव हंसडीहा .गोड्डा रेलवे ट्रेक के किनारे एक नाले में गंगवारा हाल्ट से नजदीक पाया जाता है। मृतका के स्वजनों की माने तो इस घटना में एलविना मुर्मू व उसके भाई मानेस मुर्मू पर शक गहराता है क्योंकि शिफाली ने घटना के दिन हंसडीहा लौटने के समय अपने भाई दिलीप हेम्ब्रम से मोबाइल में कहा था कि वह उसे लेने हंसडीहा नहीं आए क्योंकि उसकी सहेली का भाई मानेस आने वाला है तीनों लोग एक साथ ही घर आ जाएंगे। यहां बता दें कि मृतिका व आरोपियों का घर रामगढ़ प्रखंड के हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़गामा में है। घटना के दिन आरोपित एलविना घर पहुंच गई थीए लेकिन शिफाली घर नहीं पहुंची थी। गांव में एलविना को देख शिफाली के स्वजनों ने शिफाली के बारे में पूछताछ किया तो उसने पहले बताया कि वह घर पहुंच गई है। जब घर मे शिफाली नहीं पहुंची तो स्वजनों को एलविना ने बताया कि वह पौड़याहाट निकल गई थी। जबकि शिफाली हंसडीहा में ही उतर गई थी।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

मजदूरों के मसीहा स्व सूर्यदेव सिंह जैसा हर कोई नहीं बन सकता

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। झरिया में वायु प्रदूषण के खिलाफ झरिया मेन रोड स्थित देशबंधु सिनेमा हॉल के समीप 24 घंटे के सत्याग्रह के दूसरे दिन रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह समर्थन में पहुंची। मंच पर मौजूद स्वयंसेवी संगठनों एवं बुद्धिजीवियों ने रागिनी सिंह का स्वागत किया। भाजपा नेत्री ने बीसीसीएलए आउटसोर्सिंग कंपनियों और सत्ता पार्टी के नेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि हर कोई कोयलांचल के मजदूरों के मसीहा स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह नहीं बन सकता। उन्होंने कहा कि यहाँ कई नेता उनका नाम से राजनीति चमका कर झरिया की भोली भाली जनता को बरगलाने का काम कर रही है। उनके समक्ष घड़ियाली आंसू बहा कर उनका हितैषी बता रहे हैं। सत्ता परिवर्तन के बाद झरिया की जनता पानीए बिजली सहित अन्य समस्याओं से अब तक जूझ रही हैं। इस पाँच साल में जनता का भला नहीं हुआ बल्कि सिर्फ अपना झोली भरने का काम किया गया है। जनता सड़कों पर उतर बिजलीए पानीए सड़क के लिए प्रदर्शन कर रही है। अब तो यह नौबत आ गई है कि शुद्ध हवा के लिए भी लोग आंदोलन कर रहे हैं।

कोयला भवन में बैठ सकती हूं धरना पर

बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कंपनियों को याद रखना चाहिए कि जब प्रदूषण व सड़कों की सफाई के लिए मैं जीएम को सड़क पर बैठा सकती हूं तो सीएमडी क्या है। झरिया की जनता की अगर मांग होगी तो हम कोयला भवन में धरना प्रदर्शन करेंगे। अगर चक्का जाम की नौबत आई तो उसपर भी हम जनता के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे। पिछले पांच साल से सत्ता में न होने के बावजूद झरिया की जनता की समस्याओं के हम लड़ते आ रहे है। आज व्यपारी वर्ग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है।

वायु प्रदूषण रोकथाम के लिए ग्रामीणों का धरना

कोयला रैक के लोडिंग अनलोडिंग से फैल रहा है वायु प्रदूषण

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। उप राजधानी दुमका के रेलवे स्टेशन पर बने कोयला रैक से होने वाले वायु प्रदर्शन का असर दुमका वासियों पर होना शुरू हो गया है। इसके कारण कई बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहे हैं। पिछले 13 सप्ताह से लगातार आंदोलन कर रहे रसिकपुर और आसपास के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से स्वास्थ्य जांच की मांग कर रहे हैए लेकिन जिला प्रशासन भी मौन है। पुनः रविवार को धरना पर बैठे रसिकपुर और आसपास में रहने वाले ग्रामीणों ने कहा कि कोयला रैक से यहां रहने वाले कई लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। इसलिए जिला प्रशासन को एक आवेदन देकर स्वास्थ्य जांच के लिए आग्रह किया गया। बावजूद विभाग मौन है। धरना का नेतृत्व कर रहे रवि शंकर मंडल ने कहा कि बीजीआर कंपनी ने अपना मनमानी जारी रखा है। जिसका खामियाजा यहां रहने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है। श्री मंडल ने कहा कि आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जा सकती है। हर हाल में दुमका रेलवे स्टेशन पर से कोयला रैक स्थानांतरित करना होगा। उन्होंने कहा कि आसनसोल डिविजन के एडीआरएम ने वायु प्रदुषण को रोकने को लेकर कई दिशानिर्देश दिए बावजूद कंपनी कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रही है। श्री मंडल ने कहा कि गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के साथ रेलवे के वरीय पदाधिकारियों ने भी यहां से कोयला रैक हटा कर कुरूवा और न्यू मदनपुर ले जाने की बात कही। लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही जमीन पर नही दीख रही है। धरना पर बैठे संजय मंडल ने मांग किया कि यहां से कोयला रैक हटा कर अन्यत्र शिफ्ट किया जाए। जबकि सिंधु यादव ने कहा कि कोयला रैक का यहां रहने वाले लोगों पर बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ रहा है इसलिए जल्द से जल्द रेल प्रशासन कोयला रैक को हटा ले नहीं तो आंदोलन रूकने वाला नहीं है। यहां बताते चलें कि गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने दुमका पटना एक्सप्रेस एक्सप्रेस ट्रेन के उद्घाटन समारोह में दुमका वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा था कि मैं वादा करता हूं कि दो चार महीना लग सकता है। लेकिन 2024 के बाद दुमका से एक भी कोयला नहीं उठेगा। इस घोषणा का दुमका वासियों ने जोरदार स्वागत किया था।

बीआईटी सिंदरी के छात्र की देखरेख में उपग्रह लांच

सिंदरी। बीआईटी सिंदरी के 1997 में ईसीई विभाग से बीटेक की उपाधि प्राप्त कर चुके इम्तेयाज अहमद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान इसरो में कार्यरत हैं। वर्ष 1998 में वैज्ञानिक के रूप में इसरो में शामिल हुए इम्तियाज अहमद यू आर राव सैटेलाइट सेंटर बैंगलोर में इनसेट 3 डीएसए जीसेट और जीसेट 20 अंतरिक्ष यान के लिए परियोजना निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। इनकी देखरेख में 17 फरवरी 2024 को इसरो ने जीएसएलवी रॉकेट पर अगली पीढ़ी के मौसम अवलोकन उपग्रह इनसेट 3 डीएस को एक सटीक कक्षा में लॉन्च किया। संस्थान निदेशक प्रोफेसर पंकज राय डीन एचओडीए सीडीसी अध्यक्ष मुख्य वार्डन ईसीई विभाग प्रमुख डॉ एम जी तिवारी डॉ माया राजनारायण रे सहित अन्य शामिल थे।

ग्रामीणों को दी गई कानून की जानकारी

गोड्डा। ठाकुर गंगटी प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शिविर लगाकर ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। दंडाधिकारी रेमी प्रफुल्ल बा ने उपस्थित ग्रामीणों गणमान्यों बुजुर्गों शिक्षावीदों समाजसेवियों महिलाओं मजदूरों किसानों आदि को जानकारी देते हुए कहा कि मनरेगा योजना के तहत डोभा सिंचाई कुँप पशु सेड मेड़बंदी सहित विभिन्न प्रकार की योजनाओं से आप लाभान्वित होकर सुविधा उपलब्ध कर सकते हैं।

मनोज इलेवन ने एफजीएस क्लब को हराकर जीता टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। सिंदरी बस्ती फुटबॉल मैदान में मल्लिक समाज उत्थान समिति द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट प्रतियोगिता के समापन समारोह में फाइनल मैच रविवार को खेला गया। इसमें मनोज इलेवन कुशबेरिया ने एफजीएस क्लब गोपीनाथडीह को हराकर जीत दर्ज की। टूनार्मेंट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि सिंदरी थाना प्रभार प्रभारी आदर्श कुमार तथा एसआई शिवचंदन कुंभकार ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रभार प्रभारी ने कहा कि हारनेवालों को हताश होने की जरूरत नहीं है। मेहनत कर दोबारा प्रयास करें। पुलिस का सहयोग सदा समिति को मिलता रहेगा। दोनों टीमों के बीच खेले गए दस दस ओवर के मैच में मनोज इलेवन कुशबेरिया की टीम ने 7 विकेट खोकर 7ण्2 ओवर में 59 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया था। समापन समारोह में मल्लिक समाज के महासचिव सुबल मल्लिकए जिला संगठन महामंत्री रामु मल्लिकए दोलाबड़ पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राकेश मल्लिकए अजित मल्लिकए कमल मल्लिकए पिन्टु मल्लिकए जितेन मल्लिकए संजय मल्लिकए चण्डी मल्लिकए जगन्नाथए अशोक मल्लिकए सुजीत मल्लिकए बबलु मल्लिकए वरूण मल्लिकए राजु मल्लिकए आदेश मल्लिक उपस्थित थे।

एक नजर में

हिजला मेला में प्रतियोगिता : म्यूजिकल चेयर में कोमल तथा मटका फोड़ में अनिता अव्वल

दुमका। राजकीय जनजातीय हिजला मेला खेलकूद महोत्सव के तीसरे दिन विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं के लिए कई खेलकूद कार्यक्रम आयोजित हुई। इसके अलावा पुरुषों के लिए तीरंदाजी प्रतियोगिता भी हुई। 14 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं के लिए आयोजित सुई धागा दौड़ में लक्ष्मी कुमारीए प्रियंका मुर्मू एवं पानू मरांडीएजलेबी दौड़ प्रतियोगिता में शांति सोरेनएसोनाली हंसदा तथा अंशु कुमारीएगोली चम्मच दौड़ में प्रीति सोरेनए सपना मरांडी तथा नेहा सोरेन और 100 मीटर की दौड़ में पुतुल बास्कीएपानो मरांडी तथा होपन मीरु हेंब्रम क्रमशरू पहलेएदूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहीं। 12 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं के लिए आयोजित 50 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में बिजली हेंब्रमएप्रेरणा मरांडी तथा दीपिका कुमारी क्रमशः प्रथमएद्वितीय तथा तृतीय रहीं। महिलाओं के लिए आयोजित मटका फोड़ प्रतियोगिता में अनीता टुडू कहां कनकलता टुडू तथा दुलारी बस्की एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में कोमल मरांडीए कहां कनकलता बास्की तथा बेबी कुमारी हांसदा क्रमशः पहले दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के लिए आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में रंजन सोरेनएपौलुस बेसरा तथा देवीलाल मुर्मू क्रमशः पहलेएदूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को मुफस्सिल थाना प्रभारी रितेश कुमार सहित हिजला मेला खेलकूद आयोजन समिति के विभिन्न सदस्यों ने नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हिजराला मेला खेलकूद आयोजन समिति के उमाशंकर चौबेएगोविंद प्रसादएवरुण कुमारए निमय कांत झाएविद्यापति झाएवंशीधर पंडितएअरविंद कुमारएमदन कुमार रंजीत कुमार मिश्राए अमित कुमारए कुलदीप सिंह देवीधन टुडू एसुशील हेंब्रमए अमित कुमारएनथानिएल मरांडी सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

सांसद पीएन सिंह के रहते विकास की कल्पना बेमानी : अरूप चटर्जी

निरसा। धनबाद की जनता प्रधानमंत्री के रुप में नरेंद्र मोदी का चेहरा देखकर विगत दो बार से धनबाद संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका पीएन सिंह को दिया, परंतु आज तक विकास नही हुआ। जिले में भाजपा का नारा मोदी जरूरी हैंए पीएन सिंह मजबूरी हैं। उक्त हुंकार रविवार को निरसा विधानसभा क्षेत्र के मुगमा डाक बंगला में मासस द्वारा लोकसभा चुनाव का चुनावी बिगुल फूंकते हुए मिलन समारोह के दौरान निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने भरी। उन्होंने कहा कि मजबूर सांसद को हटाना जरूरी हो गया है। ऐसे सांसद के रहते विकास की परिकल्पना की बात बेमानी होगी। उन्होंने कहा कि मार्क्सवादी समन्वय समिति मासस ने आगामी लोकसभा चुनाव में धनबाद संसदीय क्षेत्र से अपना सांसद प्रत्याशी के उम्मीदवार के रूप में जगदीश रवानी को उतारा है। उन्होंने कहा कि आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण उम्मीद है कि इस बार धनबाद की जनता जगदीश रवानी को दिल्ली भेजने का काम करेगी।

धनबाद मंडल कारा में लगा कर्तव्य परियोजना पर जागरूकता शिविर

धनबाद। झालसा के दिशा-निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के आदेशानुसार रविवार को मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस संबंध में अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने बताया कि जेल अदालत में रेलवे के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह की उपस्थिति में मंडल कारा अधीक्षक के द्वारा जेल अदालत के लिए चिन्हित 5 बंदियों को पीठासीन रेलवे के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष हाजिर कराया गया। जिसमें 2 बंदी मोहम्मद समीर और अजय कुमार रविदास को रिहा किया गया है। इसके साथ ही न्यायिक दंडाधिकारी के द्वारा बंदियों के बीच विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से कर्तव्य परियोजना पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि कारागार में बंदियों एवं उनके परिवारों के अधिकारों का संरक्षण हो सके इसके लिए झालसा द्वारा कर्तव्य परियोजना चलाई जा रही है। इसके तहत बंदियों के परिवारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उनके पात्रता के अनुसार सेवा प्राधिकार अपनी अहम भूमिका अदा कर रही है।

राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ शुरू

51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

हंसडीहा। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में सरैयाहाट प्रखंड के लकड़बांक पंचायत में रविवार को यज्ञ समिति सह गायत्री परिवार की ओर से आयोजित चार दिवसीय 51 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। पहले दिन महोत्सव की कलशयात्रा गाजे बाजे के साथ पूजा पंडाल से भव्यता के साथ निकाली गई।कलश यात्रा गांव का भर्मण करते हुए धोवइ नदी पहुँची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा गया जिसके बाद कलश यात्रा पुनः पूजा पंडाल पहुँची जहां कलश को विधुवत स्थापित किया गया। गायत्री परिवार की ओर से भव्य कलश यात्रा में सैकड़ो महिला कन्याएं सर पर कलश रख कर कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा के साथ ही 51 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम की शुरूआत हो गई। शुभारंभ मौके पर शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली में संदीप पांडेए भरत लाल राठौरए धर्मेंद्र सोनाली के साथ अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए निकाली गई न्याय यात्रा

पारंपरिक पूजा हुई

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। पथरगामा प्रखंड के बाराबांध के हरकट्ठा मैदान में पूरे प्रखंड के आदिवासी समाज के 36 गांवों के ग्राम प्रधानए नायकि बाबाएपर गोनाइतए ने एक आवश्यक बैठक की एजिसमे सभी ग्राम प्रधान ने जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के अध्यक्ष बासुदेव सोरेन एवं प्रखंड झामुमो अध्यक्ष राजू हंसदा को आमंत्रित कर बैठक में बुलाया। सभी ग्राम प्रधानों ने जिला अध्यक्ष से कहा हम लोगों ने शिबू सोरेन ;गुरुजीद्ध के साथ आंदोलन कर झारखंड अलग राज्य लिया।और हमलोगों ने वोट देकर हेमंत सोरेन सरकार भी झारखंड राज्य में बनाया।लेकिन नरेंद्र मोदी जी का बीजेपी सरकार हमारे सम्मानित नेता को सरकारी जांच एजेंसी के द्वारा गलत ढंग से फसा कर गिरफ्तार कर जबरदस्तीब मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ले लिया जो हमसभी आदिवासी समाज का अपमान है।और इस अपमान को आदिवासी समाज कभी बीजेपी और नरेंद्र मोदी को माफ नही करेगा। इसलिए हमलोग 24 फरवरी 2024 शनिवार को हेमंत सोरेन को जेल से छुड़ाने के लिए पारंपरिक पूजा पाठ करते हुवे न्याय यात्रा निकालेंगेएजिसमे झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी नेताओं को भी आना होगा। न्याय यात्रा बारा बांध हरकट्ठा मैदान में हमलोग लगभग दस हजार की संख्या में जमा होकर सिद्धू कान्हु मूर्ति का पूजा करते हुए निकलेंगे फिर जगरनाथपुर ग्राम में मांझी थान पूजा करते हुवे माता योगिनी मंदिर में पूजा करेंगे। 24 फरवरी का दिन हमलोग इसलिए चुने है की उसी दिन संत रविदास जयंती भी है जो भक्ति के साथ साथ सामाजिक सद्भाव और विकास के लिए जाने जाते है।

36 गांव के ग्राम प्रधान हुए शामिल

बैठक में कुल 36 गांव के ग्राम प्रधान के साथ साथ 90 आदिवासी समाज के विभिन्न प्रतिष्ठित ग्राम पद के लोग उपस्थित थे। जिसमे मुख्य रूप से रामू मरांडी ग्राम महुवा सोल रमेश टुडू ग्राम जोगिया रामेशर हंसदा ग्राम जाम जोरी मिथलेश टुडू ग्राम भांज पुर राजेंद्र मुर्मू ग्राम घाट बलिया बाबू लाल मुर्मू ग्राम जामजोरी दरोगा हंसदा ग्राम कलहुवा तालो हंसदा ग्राम बलिया मीना मुर्मू बलिया रामेश्वर टुडू मटियाणी रिपु चंद्र मुर्मू ग्राम लतौना प्रेम बास्कि ग्राम हरकट्ठा चितरंजन सोरेन ग्राम पिपरा वरन मुर्मू ग्राम बसडीहा सोम नाथ टुडू ग्राम केर बार मनोज मुर्मू डहर लंगी चंदन हेंब्रम ग्राम दुर्गा पुर सुनील हेंब्रम ग्राम चुना कोठी आदि कुल 36 गांव से ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

चंदे के धंधे पर नकेल

देश की सर्वोच्च अदालत ने महत्वपूर्ण फैसले में चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। शीर्ष अदालत ने राजनीतिक दलों के लिये चंदा मुहैया कराने वाले इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए रद्द करने का फैसला सुनाया है। लोकतांत्रिक अधिकारों के संरक्षक के दायित्व को निभाते हुए कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत मिली राशि को गोपनीय रखने को सूचना के अधिकार कानून का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ इस बात से चिंतित थे कि यदि राजनीतिक दल इसी तरह कंपनियों से गुपचुप चंदा लेते रहे तो कालांतर दान देने वाले कारोबारियों की अनुचित लाभ जुटाने की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा मिल सकता है। मुख्य न्यायाधीश का मानना था कि चुनावी प्रक्रिया में काले धन पर काबू पाने के अन्य विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए, इलेक्टोरल बॉन्ड इसका अंतिम उपाय नहीं हो सकता। शीर्ष अदालत के इस फैसले का लोकतंत्र संरक्षण से जुड़ी संस्थाएं स्वागत कर रही हैं और इस फैसले को ऐतिहासिक बता रही हैं। अदालत के फैसले की महत्वपूर्ण बात यह भी कि बैंकों को राजनीतिक दलों को इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत मिली राशि की जानकारी देने के भी निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिया कि वह चुनाव आयोग को चंदे से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराये। महत्वपूर्ण यह भी कि चुनाव आयोग इस ब्योरे को 31 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर आम लोगों के लिये जानकारी के लिये सार्वजनिक करेगा। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेच ने सर्वसम्मति से यह फैसला सुनाया। बेंच में मुख्य न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पाडीर्वाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्र शामिल थे। राजनीतिक पंडित व कानूनी विशेषज्ञ मान रहे हैं कि इस फैसले से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने में मदद मिलेगी। जिसके भारतीय लोकतंत्र पर दीर्घकालीन सकारात्मक प्रभाव होंगे। दरअसल, राजनीतिक दलों को बॉन्ड स्कीम के तहत चंदा मिलने को लेकर देश में लंबे समय से सवाल उठाये जाते रहे हैं। वजह थी कि किस दल को किस व्यक्ति से चंदा मिला है, सार्वजनिक नहीं होता था। यह भी पता नहीं चलता किस व्यक्ति ने बॉन्ड खरीदे हैं और कितने रुपये के बॉन्ड खरीदे हैं। आमतौर पर सत्तारूढ़ दल को इस चंदे का ज्यादा लाभ मिलता रहा है। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने इसे असंवैधानिक कहा और इसे सूचना के अधिकार का अतिक्रमण बताया। साथ ही चिंता यह भी थी कि कहीं बड़ी कंपनियां गुपचुप तरीके से मोटा चंदा देकर कालांतर सरकारों के फैसले को प्रभावित करने के खेल में न लग जाएं। साथ ही अनुचित कार्यों के लिये लाभ उठाने के लिये दबाव बनाएं। राजनीतिक दल यह भी आरोप लगाते रहे हैं कि बैंकों के पास इस बॉन्ड के लेन-देन की पर्याप्त जानकारी होती है, जिसका उपयोग सरकार अपने हित और राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये कर सकती है। सूचना अधिकार समर्थक भी इसे अपनी बड़ी जीत बता रहे हैं। जानकार बता रहे हैं कि कोर्ट के इस फैसले का आसन्न आम चुनावों पर खासा असर पड़ सकता है। बहरहाल, इस फैसले के आलोक में इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि अन्य स्रोतों से राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे की निगरानी कैसे हो सकती है। सरकार कह सकती है कि इस रोक से देश की चुनावी प्रक्रिया में कालेधन को बढ़ावा मिल सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने इस योजना की घोषणा वर्ष 2017 में की थी और जनवरी 2018 में इसे लागू भी कर दिया था। इसके अंतर्गत एक हजार से लेकर एक करोड़ मूल्य तक के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे जा सकते थे। विपक्षी दल इस योजना का ज्यादा लाभ सतारूढ़ दलों को होने की बात कहते रहे हैं।

बिना गद्दा-चादर के सोना, 24 घंटे में अंजुल भर पानी पीना



- कुमार

आचार्य जी संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी, मराठी और कन्नड़ में पारंगत थे। उन्होंने जैन धर्म एवं दर्शन का गहन अध्ययन किया। उन्होंने हिन्दी और संस्कृत में कई ग्रंथ लिखे हैं। 100 से अधिक शोधार्थियों ने उनके कार्य पर ढँऊकिया है। उनके कार्यों में निरंजना शतक, भावना शतक, परीषह जाया शतक, सुनीति शतक और शरमाना शतक शामिल हैं। उन्होंने काव्य मूकमाटी की भी रचना की है।

जैन धर्म के प्रमुख गुरु जैन मुनि विद्यासागर जी महाराज ने 22 साल की उम्र में घर-परिवार छोड़ दी थी। 30 जून 1968 को राजस्थान के अजमेर में अपने गुरु आचार्य श्रीज्ञानसागर जी महाराज से दीक्षा ली थी। दीक्षा के बाद उन्होंने कठोर तपस्या की। आजीवन सांसारिक एवं भौतिक पदार्थों का त्याग कर दिया। वे हर मौसम में बिना चादर, गद्दे, तकिये के शख्त तख्त पर सिर्फ एक करवट में शयन करते थे। मुनि जी दिन भर में सिर्फ एक बार एक अंजुली पानी पीते थे। वे खाने में सीमित मात्रा में सादी दाल और रोटी लेते थे। उन्होंने आजीवन नमक, चीनी, फल, हरी सब्जियां, दूध, दही, सूखे मेव, अंग्रेजी दवाई, तेल, चटाई का त्याग किया। इसके अलावा उन्होंने थूकने का भी त्याग रखा। शनिवार की देर रात उन्होंने प्राण त्याग दिया।

मुनि जी ने पैदल ही पूरे देश में भ्रमण किया। वे कभी भी और कहीं भी यात्रा के लिए निकल पड़ते थे। इसके लिए उन्होंने पहले से योजना नहीं बनायी। वे अक्सर नदी, झील, पहाड़ जैसे प्राकृतिक जगहों पर ठहरते और वहां साधना करते थे। यहीं, आचार्य विद्यासागर महाराज अकेले ऐसे मुनि हैं, जिन्होंने संभवतः पूरे भारत में अकेले सबसे अधिक दीक्षा दी है। उन्होंने 350 से अधिक लोगों को दीक्षा दी है।

उनकी तपस्या को देखते हुए श्रीज्ञानसागर जी महाराज ने 22 नवम्बर 1972 को उन्हें आचार्य पद सौंपा था। आचार्य विद्यासागर के पिता का नाम श्री मल्लप्पा था, जो बाद में संन्यास लेकर मुनि मल्लिसागर बने। उनकी माता का नाम श्रीमंती था, जो आगे चलकर संन्यास ले लीं और आर्यिका समयमति बनीं। मुनि उत्कृष्ट सागर जी दिवंगत विद्यासागर जी के बड़े भाई हैं। वहीं, उनके भाई अनंतनाथ और शांतिनाथ ने भी आचार्य विद्यासागर जी से दीक्षा ग्रहण कर लिया है। शांतिनाथ जी अब मुनि योगसागर जी हैं और शांतिनाथ जी अब मुनि समयसागर जी के नाम से जाने जाते हैं। आचार्य विद्यासागर के चार भाई और दो बहने भी थीं। विद्यासागर जी महाराज पूरे भारत के संभवतः ऐसे अकेले आचार्य रहे, जिनका पूरा परिवार संन्यास ले चुका है।

कई भाषाओं में पारंगत थे :

आचार्य जी संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी, मराठी और कन्नड़ में पारंगत थे। उन्होंने जैन धर्म एवं दर्शन का गहन अध्ययन किया। उन्होंने हिन्दी और संस्कृत में कई ग्रंथ लिखे हैं। 100 से अधिक शोधार्थियों ने उनके कार्य पर ढँऊ किया है। उनके कार्यों में निरंजना शतक, भावना शतक, परीषह जाया शतक, सुनीति शतक और शरमाना शतक शामिल हैं। उन्होंने काव्य मूकमाटी की भी रचना की है। इसे कई संस्थानों में स्नातकोत्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है। आचार्यश्री ने भारत के पिछड़े बुन्देलखण्ड क्षेत्र में शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण हेतु कई कार्यों को बढ़ावा दिया। उनके प्रयासों से इन सूखे इलाके में स्कूलों, अस्पतालों और सामुदायिक केंद्रों की स्थापना हुई। इसके कारण वहां के अनगिनत व्यक्तियों के जीवन में बदलाव आया।

धन संचय के खिलाफ : आचार्य विद्यासागर जी धन संचय करने के खिलाफ थे। उन्होंने दान-दक्षिणा में भी कभी किसी से पैसे नहीं लिए। उन्होंने आज तक ना ही कोई बैंक अकाउंट खुलवाया और ना ही कोई ट्रस्ट भी नहीं बनाया। लोगों का तो यहां तक कहना है कि आचार्य ने पैसे को कभी हाथ भी नहीं लगाया। उनके नाम पर यदि कोई दान देता भी था तो उसे वे समाज सेवा के लिए दे देते थे। साल 2023 में छत्तीसगढ़ चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के राजनांदगांव जिले में स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल डोंगरगढ़ का दौरा किया था। जहां उन्होंने मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की थी और जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज से के दर्शन किये थे। पीएम मोदी ने आचार्यश्री का चरण छूकर उनसे आशीर्वाद लिया था। इसकी तस्वीरें भी खूब वायरल हुई थीं। **(साभार)**

खास बात

पृथ्वी पर इन दस दिनों तक निवास करती हैं गंगा

जो गंगा से सौ योजन दूर खड़ा होकर भी गंगा-गंगा का उच्चारण करता है वह सब पापों से मुक्त हो जाता है, गंगा की महिमा अपरम्पार है, भगवान सूर्य गंगा जी से कहते हैं, कि हे जाह्नवि! जो लोग मेरी किरणों से तपे हुए तुम्हारे जल में स्नान करते हैं वे मेरा मण्डल भेदकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। नारद पुराण के अनुसार, जैसे माता के समान कोई गुरु नहीं है, भगवान विष्णु के समान कोई देवता नहीं है तथा गुरु से बढ़कर कोई तत्व नहीं है, उसी प्रकार गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं है। गंगा में किया हुआ स्नान महान पुण्यदायक है। कार्तिक और माघ में गंगा का एक हजार स्नान और वैशाख में एक करोड़ नर्मदा स्नान का फल एक बार कुम्भ स्नान के बराबर है। गंगा स्नान भगवान विष्णु का सारूप्य देने वाला होता है। प्रचलित मान्यताओं के अनुसार गंगा में स्नान से माता और पिता की बहुत सी पीढ़ियों का उद्धार होता है। जगत का पालन-पोषण करने वाले भगवान श्री हरि विष्णु गंगा स्नान करने वाले मनुष्य को मनोवांछित फल प्रदान करते हैं क्योंकि भगवान विष्णु ही द्रव्य रूप से गंगा जी के जल हैं, गंगा संसार रूपी रोग को दूर करने वाली और सम्पूर्ण जगत की जननी है। गंगा जी का जल कहीं से लाया गया हो, ठण्डा हो या गरम, वह सेवन करने पर आमरण किए हुए पापों को हर लेता है। यह बासी होने पर भी त्याज्य नहीं है, गंगा जी के गुण अपरम्पार हैं, इसके गुणों का परिमाण बताने की शक्ति किसी में नहीं है। जो व्यक्ति प्रतिदिन गंगा के तट पर रहता है, सदा गंगा जी का जल पीता है वह पुरुष पूर्व संचित पातकों से मुक्त हो जाता है। वर्णन प्राप्त होता है, अगर प्रतिमास की चतुर्दशी और अष्टमी तिथि को सदा गंगाजी के तट पर निवास किया जाए तो वह उत्तम सिद्धि देने वाला होता है। गंगा जी की महत्ता बताते हुए कहा गया है, ते देशास्ते जनपदास्ते शैलास्तेऽपि चाश्रमाः। येषां भागीरथी पुष्या समीपे वर्तते सदा।। वे देश, वे जनपद, वे पर्वत और वे आश्रम धन्य हैं, जिनके समीप सदा पुण्यसलिला भगवती भागीरथी रहती है। यह नराधम पापियों को भी तार देती है। पुराणों के अनुसार देवी रूा में गंगाजी कृष्ण पक्ष में षष्ठी से लेकर अमावस्या तक दस दिन पृथ्वी पर निवास करती हैं। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर दस दिन तक वे स्वयं ही पाताल में निवास करती हैं। **(साभार)**

वो वैज्ञानिक जिसने बदल दिया देश का कैलेंडर

विचार-प्रवाह

भारत सरकार ने 1952 में कैलेंडर रिफॉर्म कमेटी का गठन किया था। इसका अध्यक्ष भारत के एस्ट्रोफिजिक्स वैज्ञानिक मेघनाद साहा को नियुक्त किया गया। इस समिति ने एक कैलेंडर तैयार किया जो शक संवत पर आधारित था, जिसे नेशनल कैलेंडर का दर्जा मिला हुआ है। मेघनाद साहा की पुण्यतिथि (16 फरवरी) पर जानते हैं उनका देश और दुनिया में

योगदान।

भारत के राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय गीत के बारे में तो हम सभी जानते हैं पर अपने कभी देश के राष्ट्रीय कैलेंडर के बारे में सुना है। आजादी के बाद वैज्ञानिकों की टीम ने नेशनल कैलेंडर तैयार किया था। ये कैलेंडर शक संवत पर आधारित है, जिस समिति ने इसे तैयार किया उसके अध्यक्ष थे दुनियाभर में मशहूर भारतीय वैज्ञानिक मेघनाद साहा। इनकी बनाई साहा इक्वेशन को एस्ट्रोफिजिक्स के इतिहास में 12वां सबसे महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना गया। मेघनाद साहा का जन्म 06 अक्टूबर, 1893 को अविभाजित भारत के ढाका जिले (अब बांग्लादेश में) के छोटे से गांव में हुआ था। उनके पिता जगन्नाथ, एक छोटे दुकानदार थे. सामाजिक और आर्थिक हालातों को देखते हुए उनके माता-पिता के पास उन्हें आगे पढ़ाने के लिए न तो साधन थे और न ही रुचि। एक स्थानीय डॉक्टर की मदद से मेघनाद ने आगे की पढ़ाई जारी रखी। वो पढ़ाई में काफी अच्छे थे और इसी के चलते कॉलेज से उन्हें ग्रेजुएशन के लिए स्कॉलरशिप मिल गयी।

मेघनाद साहा एप्लाइड मैथ्स के विशेषज्ञ थे। बीएससी और एमएससी की परीक्षाओं में दूसरे स्थान पर रहे। दोनों मामलों में पहला स्थान सत्येन्द्रनाथ बोस को मिला। वो बोस जो बोस-आइंस्टीन स्टेटिस्टिक्स के लिए प्रसिद्ध हैं। साहा का फिजिक्स फील्ड में आना एक संयोग था। दरअसल, साहा 1916 में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ साइंस में एप्लाइड मैथ्स विभाग में लेक्चरर के तौर पर आये थे, लेकिन बाद में उनका ट्रांसफर फिजिक्स डिपार्टमेंट में हो गया। यहां पढ़ाते समय उन्होंने साहा इक्वेशन का आइडिया आया। मेघनाद साहा ने बताया था कि एस्ट्रोफिजिक्स की समस्याओं पर सोचते समय, और कॉलेज में थमोर्डायनामिक्स और स्पेक्ट्रोस्कोपी पढ़ाते समय 1919 में उन्हें थ्योरी ऑफ थर्मल आयोनाइजेशन का आइडिया आय।. इसी पर काम करते-करते वो साहा आयोनाइजेशन इक्वेशन पर आये। यह उस समय की एक बड़ी खोज थी। इस इक्वेशन ने तारों से निकलने वाली लाइट और उनके तापमान के बीच संबंध स्थापित किया था।

साहा की राजनीति में आने की एक वजह उनका पंड़ित नेहरू के साथ बढ़ता मनमुटाव बताया जाता है। 1935 से नेहरू और साहा ने कई क्षेत्रों में एक साथ काम किया है। इसमें 1938 में सुभाष चंद्र बोस द्वारा योजना समिति का गठन करना भी शामिल था, जिसमें नेहरू अध्यक्ष थे और साहा को एक महत्वपूर्ण सदस्य बनाया गया, लेकिन प्रधानमंत्री नेहरू के कुछ निर्णयों से वो सहमत नहीं थे, जिसके बाद साहा ने 1952 में राजनीति में एंट्री की। अपने क्षेत्र में साहा सामाजिक काम करते थे, तभी निर्दलीय चुनाव लड़ने के बाद भी वो देश के पहले संसद सत्र में बतौर सांसद हिस्सा बनें।

कैलेंडर में सुधार : भारत में 1752 से ग्रेगोरियन कैलेंडर चल

विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे।

-अवधेशानंद गिरी, जूना आखड़ा

आपके ट्वीट

भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत किया। भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया है, झारखंड की जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी।आजादी के लिए हमारे पूर्वजों ने लड़ाई लड़ी थी। उनके सपनों को पूरा कर हम लोकतंत्र की रक्षा करेंगे, संविधान को बचाएंगे। **- चंपई सोरेन**

आदिवासी समाज के अपने भाई-बहनों के सपनों को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। आदिवासी कल्याण हमारी प्राथमिकता है। एक छोटे से बैंक लोन के लिए कुछ नहीं था, उनके पास आज मोदी की गारंटी है! **- नरेन्द्र मोदी**

भारत बंद हमारा अधिकार है या अपराध ?

आये दिन कोई न कोई संगठन भारत बंद का आह्वान कर देता है। संयुक्त किसान मोर्चा और अन्य ट्रेड यूनियन ने शुक्रवार को ग्रामीण भारत बंद बुलाया था। पिछले साल भी भारत बंद बुलाया गया था, लेकिन इसको लेकर मन में कई सवाल उठते हैं। सवाल है कि क्या लोगों या किसी संगठन को संविधान यह अधिकार देता है कि वो भारत बंद बुला सके, या फिर यह किसी तरह के अपराध के दायरे में आता है। किन हालातों में एक्शन लिया जा सकता है। इसके बार में विशेषज्ञों की ने सवालों के जवाब दिये। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट आशीष पांडे कहते हैं, भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां लोगों को उनकी बात कहने का अधिकार देता है। भारतीय संविधान का आर्टिकल-19 अपने नागरिकों को कई तरह के अधिकार देता है। आर्टिकल 19 (ए) भारतीय नागरिकों को भाषण देने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। सेक्शन-बी के तहत लोग शांतिपूर्वक बिना किसी हथियारों के कहीं पर इकट्ठा हो सकते हैं। संविधान में इस तरह की फ्रीडम

दी तो गयी हैं, लेकिन इनके साथ कुछ पॉइंट्स को भी जोड़ा गया है।

संविधान कहता है, देश में शांतिपूर्वक तरीके से भारत बंद करने पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो सकती, क्योंकि नागरिकों के अपने कुछ अधिकार हैं, लेकिन यही भारत बंद अगर हिंसक होता है, प्रदर्शनकारी पब्लिक प्रॉपर्टी को जलाते हैं, लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं, जबदरस्ती डरा धमकाकर लोगों की दुकानों को बंद कराते हैं तो कार्रवाई की जा सकती है।

क्या कहता है कानून : भारतीय संविधान कहता है आप शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन इसमें किसी तरह के हथियारों को नहीं ले जा सकते। कानून वहां से लागू होते हैं जब ये आयोजन हिंसक होने लगते हैं। ऐसे में हिंसा के अलग-अलग मामलों में अलग-अलग सजा का प्रावधान है। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। मान लीजिए ऐसे आंदोलन या प्रदर्शन हिंसक होते हैं और इसमें शामिल लोग पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाते हैं तो इससे प्रिवेंशन ऑफ डैमेज ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1984 से निपटा जाता है। यह कानून कहता है कि अगर कोई सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाएगा तो उसे पांच साल तक की कैद और जुमार्ने से दंडित किया जायेगा। हालांकि, इसको लेकर कानून को और बेहतर बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए 2007 में इसके लिए कमेटी बनायी थी। पहली, जस्टिस थॉमस कमेटी और दूसरी नरीमन कमेटी. इन दोनों कमेटियों का मकसद प्रिवेंशन ऑफ डैमेज ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1984 कानून में बदलाव करना था। हालांकि 2015 में इसमें संशोधन भी हुए थे, लेकिन मामला बहुत प्रभावी नहीं रहा। बाद में दंगे और प्रदर्शन की संख्या बढ़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल भी बनाने की बात कही थी ताकि पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों या उस प्रदर्शन के नेता से वसूली की जा सके. हालांकि यह प्रक्रिया अपने अंजाम तक नहीं पहुंच पायी।

इसी तरह जब सीएए को लेकर उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन हुए थे तो योगी सरकार इस पर कानून लेकर आयी थी। इसका नाम था उत्तर प्रदेश कम्पनसेशन फॉर डैमेज टू पब्लिक एंड प्राइवेट प्रॉपर्टी एक्ट 2020। यह कानून कहता है कि दंगाइओं से पब्लिक प्रॉपर्टी की भरपाई कराई जायेगी। इस तरह लोकतांत्रिक देश के नाते शांतिपूर्वक प्रदर्शन और भारत बंद तो किया जा सकता है, लेकिन उसके हिंसक होने पर कार्रवाई होगी। **(साभार)**

कारगर रणनीति से तनाव मुक्त परीक्षा

सारिका धूपड़

परीक्षाएं शैक्षणिक यात्रा का अभिन्न अंग हैं, जो विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों की समझ और प्रवीणता का आकलन करने के लिए बेंचमार्क के रूप में कार्य करती हैं। इम्तिहान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए ये विद्यार्थी के समग्र शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक हैं। वहीं बच्चे के व्यक्तित्व में आत्म-विश्वास विकसित करने में मदद करते हैं। परीक्षा के समय ज्यादातर छात्र-छात्राएं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। जब छात्रों को अच्छे अंक प्राप्त होते हैं, तो इससे उनका आत्म-विश्वास बढ़ता है जो और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। परीक्षाएं अनुशासन भी पैदा करती हैं और छात्रों को असल दुनिया में प्रवेश के लिए तैयार करती हैं। इससे समय प्रबंधन और शिक्षा में सुधार होता है, जो जीवन में महत्वपूर्ण हैं।

प्रमुख वजह असफलता की घबराहट : परीक्षा तनाव प्राथमिक विद्यालय से विश्वविद्यालय तक सभी उम्र के विद्यार्थियों द्वारा अनुभव की जाने वाली एक सामान्य बात है। इम्तिहान में तनाव का एक प्रमुख कारण असफलता का भय है। हालांकि वे अकादमिक प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, परीक्षा से जुड़े दबाव अक्सर छात्रों के बीच तनाव के स्तर को बढ़ाते हैं। छात्र अपने लक्ष्यों, माता-पिता की अपेक्षाओं या सामाजिक मानकों को पूरा करने के बारे में चिंतित हो सकते है। सफल होने का दबाव चिंता पैदा करता है, और अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता को प्रभावित करता है। विलंब या समय कुप्रबंधन के कारण अपर्याप्त तैयारी बढ़े हुए तनाव के स्तर में योगदान करती है। ऐसे में परीक्षा की तारीख के करीब आने पर चिंता तेज हो सकती है। अवास्तविक अपेक्षाएं, चाहे वे आत्म-निर्धारित हों या बाह्य, तनाव में वृद्धि कर सकती हैं। उत्कृष्टता और शीर्ष श्रेणियों को प्राप्त करने की इच्छा कभी-कभी एक बोझ बन जाती है, जिससे भावनात्मक तनाव पैदा हो सकता है और मानसिक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

शारीरिक-मानसिक सेहत पर असर : दीर्घकालिक तनाव शारीरिक लक्षणों में तेजी से प्रकट होता है, जैसे कि सिरदर्द, थकान, और नींद की समस्याएं। क्रोनिक तनाव प्रतिरक्षा प्रणाली को भी कमजोर कर सकता है, जिससे व्यक्तियों को बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। परीक्षा का तनाव मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है, जिससे चिंता और अवसाद का स्तर बढ़ सकता है। भावनात्मक संकट छात्र की ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को प्रभावित करता है, जिससे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन हो सकता है। उच्च स्तर का तनाव संज्ञानात्मक कार्य को खराब कर देता है, जिससे परीक्षा के दौरान स्पष्ट सोचना और याद रखना कठिन हो जाता है। इसका प्रदर्शन पर असर हो सकता है और आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। **योजनाबद्ध अध्ययन के लाभ :** अध्ययन कार्यक्रम की योजना बनाना और व्यवस्थित करना तनाव को कम करने में मदद करता है। अध्ययन सत्रों को संविभाजित करना और पूर्व नियोजित समय सारिणी के अनुसार अध्ययन करना अंतिम मिनट के रटने को रोक सकता है और जानकारी को बेहतर याद रखने को बढ़ावा देता है।

मददगार हैं व्यायाम और आहार : पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम, और संतुलित आहार समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। ये, तनाव को कम करते हैं, और शैक्षणिक दबावों से निपटने की क्षमता बढ़ाते हैं। प्राणायाम, ध्यान व कुछ योगासन छात्रों को तनाव का प्रबंधन करने और परीक्षा के दौरान शांत रहने में मदद करता है। माता-पिता, शिक्षकों या परामर्शदाताओं के साथ चिंताओं को साझा करना और मार्गदर्शन प्राप्त करना परीक्षा तनाव से जुड़े भावनात्मक बोझ को कम करने में मदद करता है। **(साभार)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

जिन्दल स्टील एंड पावर को मिला जल संरक्षण व मृदा प्रबंधन में सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी अवार्ड

एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से ओडिशा के अंगुल में किसानों की तरक्की में योगदान के लिए मिला है यह सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से ओडिशा के अंगुल में किसानों की तरक्की में योगदान करने के लिए जल संरक्षण एवं मृदा प्रबंधन श्रेणी में सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। यह परियोजना नाबार्ड (नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट) के सहयोग से चलाई जा रही है। जेएसपी को यह सम्मान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने 15 फरवरी 2024 को नई दिल्ली में आयोजित प्रभावी सतत व्यापार प्रथाओं पर राष्ट्रीय सम्मेलन (नेशनल कॉन्क्लेव ऑन इम्पैक्टफुल सस्टेनेबिल बिजनेस प्रैक्टिसेज) में कंपनी के प्रतिनिधि को प्रदान किया। ऑल इंडिया बिजनेस एंड कम्युनिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में केंद्र लाल बहादुर शास्त्री फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील शास्त्री और वरिष्ठ राजनेता डॉ. विजय जॉली उपस्थिति थें। जेएसपी ने अपने चेयरमैन नवीन जिन्दल के नेतृत्व में अंगुल जिले के तुबे, कुलेई, देरजंग, मराटीरा और मढियामुंडा गांवों में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और कृषि विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया

जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल

है। जेएसपी की सामाजिक शाखा जेएसपी फाउंडेशन ने देरजंग और तुबे में वाटरशेड परियोजनाओं के माध्यम से मिट्टी का कटाव कम करने और भूजल पुनर्भरण (ग्राउंडवाटर रिचार्ज) को अधिकतम करने में अभूतपूर्व सफलता पाई है, जिससे कृषि उत्पादन और किसानों की आमदनी में वृद्धि हुई है। टीम को बधाई देते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा की जेएसपी स्थानीय पारिस्थितिकी में सतत सुधार का हिमायती है और यह वाटरशे परियोजना किसानों को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उन्होंने इस सम्मान के लिए निर्णायक मंडल का धन्यवाद किया। 2012 में नाबार्ड के सहयोग से शुरू की गई वाटरशेड परियोजनाओं के कारण अंगुल क्षेत्र में मिट्टी की नमी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। इससे उत्साहित किसानों ने नकदी फसल की नई किस्मों को आजमाया और फसल प्रणाली बदलकर एक के बजाय दो और तीन फसल उगाने लगे। आज नकदी फसल उनकी प्राथमिकता बन गई है। इस पहल से पलायन थमा है और स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है। किसानों की आय में इजाफा हुआ है और वे 1.5 लाख से 5.5 लाख रुपये से भी अधिक कमाने लगे हैं। जेएसपी फाउंडेशन ने स्थानीय किसानों के सशक्तीकरण के लिए गांवों में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन में भी महत्वपूर्ण सहयोग किया है।

स्पीड न्यूज

बिजली चोरी को लेकर 18 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

बरही। कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बरही अभिषेक आनंद ने बरही थाना में 18 लोगों पर बिजली चोरी करने के आरोप में बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में बरसोत बक्शीदिह निवासी लोकी साव पिता परमेश्वर साव, रामचन्द्र साव पिता श्यामलाल साव, विशेश्वर सिंह पिता छठु सिंह, तेजन ठाकुर पिता जीतू ठाकुर, नईटांड़ करियातपुर निवासी दामोदर पांडेय पिता लटो पांडेय, श्रीराम साव पिता बासुदेव साव, राजकुमार साव पिता बंधन साव, दुलमाहा निवासी रहिसा खातुन पति ताहिर हुसैन, शांति करण देव पति सुखदेव कारण देव, संदीप पांडेय पिता स्व कन्हिया पांडेय, नहर पर पटना रोड निवासी सरयू केशरी पिता खिरोधर साव, रंजू देवी पति गौतम साव, सरिता देवी पति राधा प्रसाद केशरी, दीपक कुमार केशरी पिता अभयानंद केशरी, खुशी फार्मा पटना रोड बरही शुभम कुमार पिता सत्यम प्रसाद, धोबी टोला पटना रोड बरही मंजीत कुमार पिता स्व भरत भूषण, मुकेश कुमार गुप्ता पिता घनश्याम साव, महेंद्र प्रसाद केशरी पिता परमेश्वर प्रसाद केशरी शामिल है।

पिकअप गाडी हुई चोरी, भुक्त भोगी ने दिया आवेदन

बरही। थाना अंतर्गत दुधपनिया निवासी मनोज कुमार पंडित पिता स्व महावीर पंडित ने बरही थाना में पिकअप गाड़ी चोरी होने के संबंध में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि हरिजन स्कुल के सामने उनका एक फोटो स्टुडियो है। वे अपने दुकान के सामने प्रतिदिन अपना पिकअप गाड़ी खड़ी करते थे। उन्होंने आवेदन में बताया है कि बीते 16 फरवरी का समय लगभग 7 बजे रात्री वे अपने दुकान के सामने अपना पिकअप सफेद रंग का गाड़ी नं जेएच 02 एई 5427 को खड़ी किये थे।रात्री लगभग 12 बजे शादी कार्यक्रम से फोटोसेशन कर वापस लौट रहे थे तो वे अपनी गाड़ी को अपने दुकान के पास आखिरी बार खड़ी देखे थे। बताया कि अगले दिन 17 फरवरी को सुबह दुकान गए तो उक्त पिकअप गाड़ी वहां से गायब पाया। उन्होने काफी खोजबीन की परन्तु पिकअप गाड़ी कहीं नहीं मिला। आवेदन में उन्होंने बताया है कि पिकअप गाड़ी को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस संबध में उन्होंने उचित कानुनी कार्रवाई करने की मांग की।

गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

कुजू। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के तहत रविवार को कुजू पूर्वी व कुजू दक्षिणी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुजू पूर्वी पंचायत में प्रवासी के रूप में भाजपा नेता रंजीत सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान बूथ अध्यक्ष अवधेश प्रसाद व सचिव दिनेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने घर-घर जाकर पर्चा बांटा। साथ ही लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां को बताना एवं दीवार लेखन का कार्य किया गया। वहीं कुजू कुजू दक्षिणी पंचायत कठरा टोला व अगरिया टोला में बूथ नंबर 248 में सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर जागो महतो, जगदीश महतो, कालेश्वर महतो, रमेश चौधरी, कुजू पूर्वी में बसंत पासवान, सुजल चौहान आदि शामिल थे।

स्वदेशी मेला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

रामगढ़। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा छावनी फुटबॉल मैदान में लगाए गए स्वदेशी मेला में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन संस्कार भारती कला संयोजका एवं संदर्श कला केंद्र के संचालिका प्रो पिंकी कुमारी ने किया। प्रतियोगिता में रामगढ़ के विभिन्न स्कूलों से आये 300 विद्याथियो ने भाग लिया। जिसमे ज्ञान मंदिर, गनीनाथ पब्लिक स्कूल, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, कृष्णा विद्या मंदिर, डीए एए वीए बारकाकाना, गर्ल्स हाई स्कूल, राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चो ने भाग लिया। मुख्य अतिथि टैक्सटाइल डिजाइन के राजा कुमार ने अपने विचार को सभी बच्चो के सामने रखा और ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी में निर्मिति वास्तुओं का प्रयोग करने को कहा।

एक नजर में

मध्य विद्यायल महेशरा चाहरदीवारी विवाद को लेकर गामीणो ने किया बैठक

बैठक में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। प्रखंड अंतर्गत जिनगा पंचायत के मध्य विद्यालय महेशरा का भवन व चारदीवारी निर्माण का कार्य डीएमएफटी मद से होना है। विद्यालय के लिए भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका। संवेदक के द्वारा चारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व जिनगा निवासी फुहिया देवी के वंशज प्रकाश प्रसाद व अन्य के द्वारा चाहरदीवारी निर्माण कार्य को रोक दिया गया। इससे विद्यालय का चारदीवारी निर्माण का कार्य बाधित हो गया। इस विवाद को सुलझने के लिए महेशरा व जिनगा के ग्रामीणों के द्वारा सीओ अदिति गुप्ता के नेतृत्व में एक आमसभा आहूत किया गया। बैठक की अधक्षता पंचायत की मुखिया पिंकी देवी ने किया। बैठक में सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय के पूर्व निर्मित चारदिवारी में ही नया चारदीवारी का निर्माण किया जाएगा। मौके पर सीआई रागिनी कच्छप, राजस्व कर्मचारी श्रीमंत सुरेश साव सहित कई अन्य शामिल थे।क्या है मामलाः मध्य विद्यालय महेशरा के निर्माण के लिए महेशरा के रैयत रंगलाल मिश्र व हरिनंदन मिश्र के द्वारा खाता संख्या 04 प्लॉट संख्या 1505 व खाता संख्या 44 प्लॉट संख्या 1504 से 70 डिसमिल ,महरु तेली व बुधन तेली के द्वारा खाता संख्या 45 प्लॉट संख्या 1512 रुकवा 08 डिसमिल व जिनगा के एक व्यक्ति के द्वारा खाता संख्या 33 प्लॉट संख्या 149 के अंतर्गत 55 डिसमिल जमीन दान में दिया गया था।

मुखिया के साथ मारपीट मामले में ग्रामीणों व महिलाओं ने निकाला आक्रोश मार्च

मुखिया संघ अध्यक्ष से बात करते अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। प्रखंड अंतर्गत धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृव में मुखिया संघ व जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ों पुरुष व महिलाओं ने संयुक्तरूप से आक्रोश रैली निकालकर प्रशासन के क्रियाकलाप के विरोध प्रदर्शन करते हुए थाना परिसर में थाना का घेराव किया।बताते चलें कि लगभग चार दिन पूर्व धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद को कुछ आपराधिक छवि के व्यक्तियों द्वारा मारपीट व हत्या करने का प्रयास किया गया। उक्त व्यक्तियों पर आपराधिक मामला दर्ज किए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार नही किये जाने के कारण स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही। ग्रामीणों के समर्थन में पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता और मुखिया संघ भी बरही थाना पहुंचे। इससे पहले बरही अनुमंडल बायपास के पास से हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने आक्रोश रैली निकालकर बरही चौक पहुंचकर बरही चौक से वापस होकर बरही थाना पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने अपने अपने हाथों में आरोपी को गिरफ्तार करों, फर्जी मुकदमा वापस लो और मुखिया का अपमान नही चलेगा तख्ती लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पीड़ित मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने तक हमसभी ग्रामीणों के साथ शांतिपूर्वक थाना परिसर में बैठे रहेंगे।

आत्मा के सौजन्य से किसान संगोष्ठी का आयोजन

किसान गोष्ठी में शामिल किसान व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

विष्णुगढ़। प्रखंड के जोबर पंचायत भवन सभागार में कृषि विभाग व आत्मा के सौजन्य से किसान गोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें किसानों को फसल लगाने से पूर्व कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए उन्नत खेती के लिए तकनीकी सहायता से अच्छे पैदावार बढ़ाने के बारे में विस्तार से प्रशिक्षक ने किसानों को जानकारी दी गयी। मिट्टी जांच उन्नत किस्म का बीज फसल चक्र पद्धति जैविक खाद का इस्तेमाल करने का तरीका जल प्रबंधन करते हुए कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तरीके का उपाय बताया गया। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसान क्रेडिट कार्ड कुसुम योजना सिंचाई के लिए मोटर पंप सोलर पंप वित्तीय सहायता से प्राप्त करने के बारे में विस्तार से किसानों को बताया। फलदार पौधे आम, नींबू, भिंडी, करेला, कद्दू अन्य रबी फसल के उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए बहुत सारे उपाय बताए। इस अवसर पर प्रशिक्षक संजय कुमार, एटीएम सुशील कुमार, बीटीएम उमेश कुमार, कृषक मित्र गोविंद कुमार महतो, घनश्याम महतो, मुखिया चेतलाल महतो, पंचायत समिति सदस्य कैलाश महतो, हेमंती देवी, खूबलाल महतो, जीबाधन महतो, किशुन महतो समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

दर्जनों ने कांग्रेस छोड़ थामा आजसू का दामन

कांग्रेस शासनकाल में विस्थापितों के साथ अन्याय हुआ है: रौशनलाल

खबर मन्त्र संवाददाता

बड़कागांव। प्रखंड के चंदौल में आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामचंद्र गंझु व संचालन तपेश्वर कुमार तापस ने किया।मुख्य अतिथि आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी एंव विशिष्ट अतिथि आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,राजा खान, गौतम वर्मा,मनोज दांगी,उपेंद्र दांगी, तुलेश्वर राम,गिरेंद्र प्रसाद दांगी,दीपक दांगी,उदय यादव,सुरेश दांगी,पप्पू प्रसाद मेहता,जावेद आलम, रघुनाथ यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरानआजसू पंचायत अध्यक्ष संतोष सिन्हा,वरीय नेता मो. रफीक अनवर ,पूर्व मुखिया रामचंद्र गंझु जी के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण लिया। मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता सत्ता परिवर्तन के लिए तैयार

सदस्यता ग्रहण करते लोग।

है। आजसू की सदस्यता ग्रहण किए लोगों ने कहा की रोशनलाल चौधरी विकास की विचारधारा है, सहज और सरल स्वभाव के धनी रोशनलाल चौधरी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता के उन्नति के किए चिंतित रहते है। पिछले पंद्रह वर्षों में विधायक अंबा प्रसाद एंव उनके परिवार ने क्षेत्र को तबाह किया है। वर्तमान विधायक और उनके परिवार ने सिर्फ अपना झोली भरने का काम किया है,जनता के दुःख से कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है। सदस्यता ग्रहण लेने वालों में बादल यादव, अरविंद साव, धनेश्वर यादव,लालू रजवार, भरत भुइयां, आशीष रंजन, सादिक खातून,जरीना खातून, रूबीना खातून, सजरा खातून, सोनी खातून, मोसरफ खातून, सफीना खातून, रौशन आरा, नफसून खातून, रिजवाना खातून, रेबुन निशा, जुगनू खातून, रेसा खातून, सरिता देवी, गीता देवी, ममता कुमारी, बिना देवी, नागिया देवी, पूनम देवी, प्रमोद यादव,रामेश्वर पासवान, रंजीत यादव, बाबूलाल यादव, विशाल कुमार, सुरेंद्र कुमार, दिलचंद पासवान, परमेश्वर पासवान, रविंद्र कुमार सहित अन्य लोगों शामिल है।

अबूआ आवास की मिठास का नहीं मिलेगी गरीबों को स्वाद

लेखराज यादव

कटकमसाडी। प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पंचायतों में अबूआ आवास योजना का लाभ देने के लिए झारखण्ड सरकार का महत्वकांक्षी योजना संचालित है। जबकि इसे पूरा करने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सभी पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन कर गरीब असहाय एवं निर्धन लोगों का आवेदन ली गयी। वहीं मुखियाओं द्वारा भी वैसे लोगों का नाम सूचीबद्ध कर के कार्यालय को सौप दी गयी है। परंतु गरीब असहाय एवं निर्धन लोगों का अबूआ आवास की मिठास उन गरीब लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। ना नाम वैसे गरीब लोगों का सूची में सूचिबद्ध है।

किशोर राणा के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय विश्वकर्मा अधिकार रैली रांची के लिए रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

बड़कागांव। झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज प्रखंड स्तरीय विश्वकर्मा अधिकार रैली प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा के नेतृत्व में रांची के मोरहाबादी रवाना हुवे। किशोर राणा ने कहा की झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष सम्मानित विकास राणा जी के नेतृत्व मे यह कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। जिसमे विश्वकर्मा समाज प्रदेश प्रमुख विकास राणा राज्य सरकार को मांग पत्र सोपेंगे। 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सरकारी अवकाश का घोषणा किया जाए, झारखंड में भी

रैली में जाते विश्वकर्मा समाज के लोग।

आर्टिजन बोर्ड का गठन किया जाए, झारखंड में पिछड़ी जाति को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का लाभ दिया जाए, झारखंड में जातीय जनगणना किया जाए के अलावे कई मांगे है। रैली में जाने वालों में प्रखंड सचिव संतोष राणा, पूर्व मुखिया कैलाश राणा, जिला सचिव नंदलाल राणा, प्रखंड उपाध्यक्ष मुनेश्वर राणा, देव कुमार राणा, पूनम राणा, यशोदा राणा, सकुंतला राणा, सुधा राणा, चंचला राणा,मो लीला देवी, मो गनेसी देवी के अलावा सैकड़ों लोग शामिल थे।

25 को ऐतिहासिक होगा महासम्मेलन : खजांची

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पासवान कल्याण समिति की बैठक रविवार को संरक्षक खजांची राम के सयाल स्थित आवास में हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उपेंद्र पासवान और संचालन समिति के सचिव इंद्रदेव पासवान ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ की आगामी 25 फरवरी को रांची के हरमु मैदान में आयोजित पासवान समाज का राज्य स्तरीय महासम्मेलन में समाज के लोगा भारी संख्या में शामिल होंगे। मौके पर बीरेंद्र पासवान, प्रभु पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र पासवान, अमरनाथ पासवान, बिरधा पासवान, युवा अध्यक्ष शशि पासवान, प्रेम पासवान, रोशन पासवान, अशोक पासवान सहित समाज के कई लोग मौजूद थें।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक संपन्न

बैठक में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

बड़कागांव। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल की बैठक पंचायत भवन बादम में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो कि अध्यक्षता में की गई। मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष दानिश खान के नेतृत्व में लोगों ने संकल्प लिया कि आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर अल्पसंख्यक समुदाय तन मन धन से सहयोग कर केंद्र में मोदी सरकार एवं प्रदेश में भाजपा सरकार बनाएंगे। मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष नितेश कुमार,रवि कुमार दांगी, अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष सलमान जामिया, इंजमाम उल हक, सलीम अंसारी, महामंत्री दिलदार हुसैन, केसर इकबाल, मंत्री सोहेलअकरम, सोहेल असगर, सलमान हैदर, मो खालिद, सलमान हैदर, असद गालिब, भगीरथ ठाकुर, नीरज दास, सुरेश पासवान चिंतामणि वर्मा, महावीर राम, अरविंद, कृष्ण, सूरज, रोहित, संजय, अनिल, सुमित समेत कई लोगों उपस्थित थे।

ऑपरेटरों ने संडे डयूटी की मांग को लेकर किया विरोध

करमा परियोजना का उत्पादन कार्य ठप

खड़े मशीन

कुजू। संडे डयूटी की मांग को लेकर तीसरे रविवार को भी सीसीएल कुजू क्षेत्र की करमा परियोजना में कोयला उत्पादन का कार्य ठप रहा। सभी ऑपरेटर डंपर, डोजर, होल पैक, पेलोडर, ड्रिल आदि भारी वाहन खड़ा कर प्रबंधन के प्रति नाराजगी जाहिर किया। इधर हर बार संडे डयूटी को लेकर बाधित किये जा रहे कार्य से सीसीएल कुजू क्षेत्र को मिले टारगेट को पूरा करने में परेशानी आ सकती है। इससे पूर्व भी 4 फरवरी और 11 फरवरी को ऑपरेटरों ने संडे ड्यूटी का सामूहिक बहिष्कार कर दिया था। प्रबंधन भी अभी तक चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में उत्पादन कार्य होना मुश्किल है। करमा परियोजना पदाधिकारी पवन कुमार ने भी सभी ऑपरेटरो को अपने काम में लौटने का आग्रह किया है। हालांकि सभी ऑपरेटर सोमवार से शनिवार तक कार्य कर रहे है। मसला है सिर्फ संडे डयूटी का।

ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग का वनभोज- सह-मिलन समारोह 22 फरवरी होगा आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। भारत के राष्ट्रवादी नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी सहित देश में संगठित किसान आंदोलन के जनक एवं किसानों के मसीहा स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर 22 फरवरी 2024 (गुरुवार) को स्वामी सहजानंद सेवा संस्थान, हजारीबाग द्वारा उनकी जयंती को समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर संस्थान द्वारा शहर के दीपुगढ़ स्थित मुकेश सिंह के आवासीय परिसर में संस्थान के अध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें संस्थान से जुड़े ब्रह्मर्षि समाज के करीब दो दर्जनों गणमान्य लोग शामिल हुए और समारोह की

रूपरेखा तैयार की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रोवेश रिसॉर्ट परिसर में ब्रह्मर्षि समाज के सभी लोग जुड़ेंगे और समाज के आदर्श स्वामी सहजानंद सरस्वती जी को याद करेंगे। समारोह के दौरान ही ब्रह्मर्षि समाज वनभोज-सह- मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया है। जयंती समारोह एवं वनभोज-सह-मिलन समारोह के लिए समाज के मुकेश सिंह को संयोजक बनाया गया। उनके नेतृत्व में ही यह आयोजन होगा। बैठक में विशेष रुप से संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सिंह के अलावे ब्रह्मर्षि समाज के कन्हैया शर्मा, डॉ आनंद कुमार शाही, दिनेश्वर सिंह, हजारीबाग सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, कौशल किशोर सिंह, जीत नाथ कुमार सिंह, राजू कुंवर, सुबोध सिंह, इंजिनियर अमन कुमार, शशि किशोर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, विजय कुमार शर्मा, ब्यास भूषण देव शर्मा, अशोक कुमार, रामकृष्ण शर्मा, पंडित रमेश शर्मा, कन्हैया कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

पदमा में नए ओपी प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण

नए प्रभारी का स्वागत करते पूर्व थाना प्रभारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

पदमा। पदमा ओपी के नए प्रभारी के रूप में 2012 बैच के दरोगा राणा भानु प्रताप सिंह रविवार को अपना पदभार ग्रहण किया उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पुलिस और पब्लिक के बीच संबंधों को विश्वसनीय तथा अपराध मुक्त ओपी बनाने के लिए सतत प्रयत्नशील रहूंगा।

सहकर्मियों को भी सम्मान और उनसे सहयोग की अपेक्षा है। इसके पूर्व लातेहार जिले के मनिका थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित थे।

छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज संगठित व सशक्त है: अरूण

छोटानगपुरिया तेली उत्थान समाज का 22 वां वार्षिक तेली महाजतरा सह सामुहिक विवाह समारोह संपन्न

जतरा कार्यक्रम में शामिल समाज के पदाधिकारी, जतरा में विवाह सूत्र में बंधे सामुहिक जोड़े, नागपुरी गीत प्रस्तुत करते कलाकार

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। छोटानगपुरिया तेली उत्थान समाज का 22 वां वार्षिक तेली महाजतरा सह सामुहिक विवाह समारोह रविवार को करौंदी स्थित रथ बगीचा मैदान में संपन्न हुआ। जतरा में तेली समाज को आदिवासी का दर्जा देने की मांग उठायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा महात्मा गांधी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर 19 जोड़ी गरीब कन्याओं का विवाह भी समाज के द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर साहु के द्वारा किया गया। अतिथियों को मोमेंटों व प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अरूण कुमार साहु ने कहा कि छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज संगठित और सशक्त है। समाज का वर्षों पुराना मांग आदिवासी में शामिल करने की है। जिसे सरकार को पूरी करनी चाहिए। समाज के लोग अपने अधिकार को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं। केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि तेली समाज अपने हक व अधिकार के लिए लंबे समय से लड़ाई लड़ रही है। तेली समाज को राजनीतिक दृष्टिकोण से सशक्त करने की जरूरत है। समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रिपु सुदन साहु ने कहा कि समाज के युवाओं को समाज को और अधिक मजबूत व सशक्त बनाने में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। युवाओं के बदौलत ही समाज उन्नति के पथ पर आगे बढ़ेगा। युवाओं की उर्जा से समाज को उसका हक व अधिकार भी मिल पाएगा। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष राधा मोहन साहु, राम प्रकाश साहु, हीरा साहु सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

जतरा में झारखंडी कला संकृतिक की बही बयार : वार्षिक तेली जतरा समारोह में झारखंड कला संस्कृतिक की ब्यार बही। महावीर साहु व शंकर नायक व उनकी टोली के द्वारा कार्यक्रम में नागपुरी गीतों की झड़ी लगा दी। कलाकरों के द्वारा प्रस्तुत गीत जहां समा बांध दिया। वहीं दूसरी ओर जतरा में शामिल तेली समाज के लोगों को थिरकने के लिए विवश कर दिया। नागपुरी गीतों की बेहद सुरीली आवाज से जतरा में शामिल लोग बंध गये और उनके पैर कार्यक्रम स्थल से हिले भी नहीं। समाज के पदाधिकारी भी कलाकरों के गीतों पर अपने को झूमने से रोक नहीं पाये।

झारखंडी पकवानों की जतरा में रही धूम : तेली जतरा में झारखंड पकवानों की भी धूम रही। पीठा, छिलका, अरसा, धुसका सहित अन्य कई प्रकार के स्वादिष्ट पकवानों का स्टॉल लगाया गया। जहारं लोग चाउ से बैठकर झारखंडी की सबसे महशुर पकवान पिठा का लुत्फ उठाते दिखे। झारखंड के ये पकवान केवल स्वादिष्ट ही नहीं है बल्कि रोजगार के ये पकवान सर्वोत्तम माध्यम है। लोग पिठा धुसका व अरसा बेचकर अपना जीविकोपार्जन बेहतर ढंग से कर सकते हैं।

जतरा में ये थे उपस्थित : जतरा में समाज के दीपक कुमार साहु, लीलांबर साहु, संत कुमार साहु, दिनेश्वर प्रसाद, कलिंद्र साहु, रामकृष्णा ओहदार , विजय साहु, शिवचरण साहु, शिवनारायण साहु, बाबूलाल साहु, रवि प्रकाश, भीम साहु, लोहरमैन साहु, मानिक चंद साहु, राजकुमार साहु, तेजमोहन साहु, रामनाथ साहु, गणेश साहु, हीरालाल साहु, रामेश्वर साहु, दुर्गा साहु, बसंत साहु, हर्फींद्र साहु, शैलेंद्र साहु,माडवारी साहु, लालजीत साहु, प्रदीप साहु, बाबूलाल साहु, रविंद्र साहु, दिंगबर ओहदार, प्रमिला देवी, अनिता साहु, कुंती देवी, बसंती देवी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

विवाह के बाद झूमते समाज के पदाधिकारी, जतरा समारोह में शामिल लोग

19 गरीब कन्याओं का कराया गया विवाह

सामुहिक विवाह समारोह में क्षेत्र के 19 गरीब कन्याओं का विवाह पूरे धार्मिक रीति रिवाज के साथ कराया गया। विवाह के उपरांत सभी जोड़े नगर भ्रमण पर निकले। करौंदी रथ बगीचा से देवीगुड़ी मंदिर तक जोड़े भ्रमण करते पहुंचे। जहां मां भगवती के समक्ष मत्था टेकर जोडों ने आर्शीवाद लिया। सामुहिक विवाह में किरण कुमारी संग संतोष कुमार, बीणा कुमारी के साथ उमेश साहु, मुनी कुमारी के साथ जनक साहु, लक्ष्मी कुमारी के साथ राधेश्याम साहु, संतोषी कुमारी के साथ कार्तिक साहु, जावा कुमारी के साथ मंटु साहु, प्रियंका कुमारी के साथ सुनील साहु, प्रीति कुमारी के साथ कृष्णा लोहरा, होलिका कुमारी के साथ भरत साहु, हेमंती कुमारी के साथ घनश्याम खनियार, सुरजमुखी कुमारी के साथ लक्ष्मण साहु, आशा कुमारी के साथ दिनेश साहु, पूजा कुमारी के साथ गुरूचरण साहु, रबीना कुमारी के साथ ललित साहु, मुनिका टोप्पो के साथ ललित भगत, आरती कुमारी के साथ सहदेव राम, मालाकुमारी के साथ शामलाल साहु एवं पुष्पा कुमारी के साथ चुड्ड केवट विवाह बंधन में बंधे। विवाह के उपरांत मड़वा परिसर में समाज के महिला व पुरूष पदाधिकारियों ने जमकर नृत्य किया। वहीं विवाह बंधन में बंधे जोडों को समाज की ओर से उपहार भी प्रदान किया गया।

सात युवक एक देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार, गये जेल

गिरफ्तार अभियुक्तों में अधिकांश की उम्र 18 साल है

फोटो 1 में गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसपी, एसडीपीओ व थाना

गुमला। पालकोट पुलिस ने शादी समारोह में हथियार चमकाने जा रहे सात युवकों को एक देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में 18 वर्षीय अनिश कुमार, 22 वर्षीय नितेश कुमार, 18 वर्षीय छोटु उरांव, 18 वर्षीय पवन गोप, 18 वर्षीय सुदामा गोप, 18 वर्षीय आशीष गोप व 18 वर्षीय सुजीत उरांव के नाम शामिल है। वहीं पुलिस ने एक सफेद रंग का बोलेरो गाड़ी जेएच 02 ए पी 1608 जिसमें युवक सवार थे को जब्त किया। इस संबंध में रविवार को एसपी हरिवंदर सिंह ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि शनिवार की रात्रि पालकोट पुलिस थाना क्षेत्र के सेमरा गंजाई पुल के पास ऐंटी क्राईम वाहन जांच अभियान चला रही थी। जिसमें सड़क के दोनों ओर से आने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान गुमला की ओर से जा रहे बोलेरो वाहन की जांच की गई। जिसमें आठ व्यक्ति बैठे थे। पुलिस ने सभी का बारी-बारी से नाम पूछा और उनकी तलाशी आरंभ की। तलशी के क्रम में अनिश कुमार के कमर में खोसा एक देशी कट्टा बरामद किया गया।

विधायक चमरा लिंडा क्षेत्र के हैं विधायक, समस्या जानने के लिए कभी नहीं पहुंचे गांव : ग्रामीण

गुमला। गुमला सदर प्रखंड के छोटा अंबवा गांव में बेतहर सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव जाने के क्रम में तीन किलो मीटर कच्चा सड़क है जो पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। सड़क खराब होने के कारण जहां गांव का विकास बाधित हो रहा है। वहीं गांव के गर्भवती महिलाओं व बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव के मेराज अंसारी, मंसूब अंसारी, सुलेमान अंसारी व समस्तताज अंसारी ने कहा है कि उनका विधान सभा क्षेत्र विशुनपुर पड़ता है। बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा हैं जो 15 सालों से विधायक है पर अभी तक अंबोवा गांव झांकने तक नहीं आये हैं। इन लोगों ने कहा कि इस बार सड़क नहीं बना तो वे वोट का बहिष्कार करेंगे। क्योंकि केवल वे वोट देते हैं उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

नरौली पंचायत में झामुमो ने निकाली न्याय पदयात्रा

न्याय पदयात्रा में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

कैरो। प्रखण्ड के नरौली पंचायत में जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद के नेतृत्व में केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी की नेतृत्व में न्याय पदयात्रा निकाली गई।यात्रा नरौली मुख्य चौक से शुरू होकर विभिन्न गली मोहल्लों से गुजरती हुई लोगो से मिलते जुलते हुए पूर्व मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन के उपलब्धियों को बतलाते हुए कहा गया की भाजपा द्वारा उन्हें राजनैतिक षड्यंत्र के तहत फँसाते हुये केंद्रीय एजेंसी इडी का दुरुपयोग करते हुए जेल भेजने का काम किया है। मौके पर केन्द्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जो कि चार वर्षों तक झारखण्ड में सरकार चलाये उनके कार्यकाल में झारखण्ड का सर्वांगीण विकास हो रहा था। भाजपा इससे घबरा गई और हेमन्त सोरेन को किसी भी तरह कमजोर करने की साजिश रचने लगी। हेमन्त सोरेन का विकास भाजपा को पच नही रही थी।

मो. आशिक और हाजी सुल्तान को उपाध्यक्ष एवं यासीन अंसारी और बैबुल अंसारी को सचिव बनाया गया

गुमला। झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के प्रदेश मजलिश आमला का गठन हुआ। मजलिशे अमला में गुमला जिले से चार लोगों को पदाधिकारी बनाया गया। जिसमें मो. आशिक अंसारी और हाजी सुलतान अंसारी को उपाध्यक्ष एवं यासीन अंसारी और बैबुल अंसारी को सचिव बनाया गया। वहीं मो. आशिक अंसारी को दुसरी बार उपाध्यक्ष बनाया गयौ। अखिल भारतीय मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष जनाब फिरोज अंसारी ने प्रदेश अध्यक्ष जनाब आबिद अली अंसारी के अनुशंसा पर प्रदेश कमिटी को मंजूरी दे दी है। अखिल भारतीय मोमिन कांफ्रेंस अंसारी समाज का एक बहुत बडा संगठन है। देश में संप्रदाय सौहार्द्र व अमन शांति बनी रहे, गरीब असहाय लोगों के कल्याण के लिए ये संगठन काम करता है। जिले के चार लोगों को प्रदेश कमेटी में जगह मिलने पर जिला मोमिन कांफ्रेंस, गुमला अंसारी पंचायत के लोगों ने बधाई दी है।

दूसरी बार मंत्री बनने के बाद लोहरदगा पहुंचे डॉ रामेश्वर उरांव,जोरदार स्वागत

पार्टी शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव झारखंड सरकार कैबिनेट में दूसरी बार मंत्री बनने के पश्चात लोहरदगा परिसदन पहुंचे। इस पर लोहरदगा की जनता द्वारा, पार्टी संगठन के पदाधिकारी द्वारा, जनप्रतिनिधियों द्वारा, सामाजिक संगठनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सभी मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दिया । मौके पर मंत्री श्री उरांव ने शीर्ष नेतृत्व ,प्रदेश पदाधिकारियों, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं का आभार जताया और कहा राज्य के विकास के लिए मुझे जिम्मेदारी मिली है और अपने कर्तव्य निर्वहन मैं तन मन धन से करूंगा। राज्य की जनता का प्रेम, स्नेह ही मेरा आशीर्वाद है। जब जब मुझे जिम्मेवारी मिली मैंने राज्य की जनता का सेवा ईमानदारी से किया है। फलस्वरूप राज्य की जनता की सेवा के लिए शीर्ष नेतृत्व ने मुझे दूसरी बार जिम्मेवारी दी है ताकि राज्य सरकार के विकास की गति को और बढ़ावा मिल सके। चंपई सोरेन सरकार झारखंड की जनता के जनाकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी और हेमंत सोरेन के सपनों को पूरा करने का काम करेगी। सरकार जनता के भरोसे की सरकार है और विकास के पथ पर अग्रसर है। मौके पर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, सलीम अंसारी बड़े, पंकज जयसवाल, सहादत हुसैन, सामुल अंसारी, सदरूल अंसारी, रविंदर सिंह खेरवार, डोमना उरांव, सीमा परवीन, मुजमिल अंसारी, विशाल डुंगडुंग इत्यादि काफी संख्या में पार्टी संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

आम लोगो से मिलते मंत्री

शक्ति वंदन महिला स्वयं सहायता समूह व एनजीओ संपर्क अभियान पर कार्यशाला का आयोजन

गुमला। भारतीय जनता पार्टी शक्ति वंदन अभियान के तहत गुमला जिला के पालकोट रोड स्थित उत्कल प्वाइंट में शक्ति वंदन महिला स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क अभियान की एकदिवसीय कार्यशाला जिला सहसंयोजक रामेश्वरी उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती पायल तिवारी और महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष श्रीमती अनीता देवी की महिला मोर्चा की सोशल मीडिया गुड्डी नंद का मार्गदर्शन सभी मंडल से आए शक्ति वंदन अभियान के पदाधिकारी को मिला। इस अभियान में सभी महिला स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ से शक्ति वंदन अभियान की पूरी टीम उनसे संपर्क करेगी और केंद्र सरकार के द्वारा जो योजना केंद्र सरकार के माध्यम से चल रही है उनकी जानकारी देगी। कार्यशाला में मुख्य रूप से किशोर मिश्रा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थी।

स्पीड न्यूज

50 हजार रुपए का अवैध लकड़ी जब्त

लोहरदगा। वन विभाग लोहरदगा के द्वारा अवैध जंगल कटाई और अवैध रूप से लकड़ी के बोटे की ढुलाई को लेकर कारवाई तेज कर दी है। डीएफओ अरविन्द कुमार के निर्देश पर लगातार कारवाई की जा रही है। वनपाल मुकेश प्रजापति ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर एक वाहन का पीछा किया जा रहा था। इसी क्रम में ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग खड़ा हुआ। वनपाल के द्वारा जांच में करीब पचास हजार की लकड़ियां बरामद की गई। गाड़ी के वाहन से जो कागजात जांच के दौरान मिला उससे यह पता चला की यह वाहन हजारीबाग निवासी के नाम पर दर्ज है। वन विभाग के द्वारा मामला दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

शिक्षा के मंदिर में अगजनी शर्मनाक : रमेश

गुमला। सांता पब्लिक स्कूल में घटित अगजनी की घटना पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने चिंता प्रकट की गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार का कृत्य शर्मनाक है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले के उदभेदन की मांग की है। साथ ही टाउन थाना प्रभारी से आग्रह किया है कि उनके योगदान के साथ ही चोरी और अगजनी की घटना घटित हो चुकी है। ऐसे में अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए इस प्रकार के अपराध पर लगाम लगाएं। ताकि पुलिस के प्रति जनता का भरोसा कायम रह सके।

योग में बेहतर योगदान के लिए तुलसी साहु सम्मानित

गुमला। कसिरा निवासी तुलसी साहु को योग के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए तेली उत्थान समिति द्वारा सम्मानित किया गया। रविवार को छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज द्वारा आयोजित करौंदी मेला में आयोजित जतरा में समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू और जिलाध्यक्ष दश्याम साहू द्वारा तुलसी साहू को परसस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि तुलसी साहु इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में झारखंड के योग शिक्षक के रूप में प्रतिनिधित्व किया था। उनके इस उपलब्धि के समाज के लोगो ने उन्हें बधाई दिया।

गुमला से पांच हजार लोग जाएंगे सिमडेगा: जीतू

गुमला। गुमला जिला खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक रविवार को सिंह जी का ढाबा के सभागार में जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी 22 फरवरी को सिमडेगा में होने वाले सामाजिक सम्मेलन सह आभार महारैली में गुमला जिला से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने पर विचार विमर्श किया गया। जीतू प्रधान ने कहा कि गुमला से पांच हजार लोग आभार रैली में शामिल होंगे। अब तक हुए अर्थ संग्रह को एकत्रित किया गया और गुमला से सिमडेगा जाने की व्यवस्था एवं संभावित खर्च पर चर्चा की गई। हीरा प्रधान ने कहा कि प्रमंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में गुमला से भारी संख्या में भोगता समाज के सदस्य भाग लेंगे और राजनीतिक हक अधिकार के लिए सामाजिक एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे। बैठक में प्रभु भोगता, सुरेन्द्र भोगता, कैलाश प्रधान, जितवाहन प्रधान, मनीष प्रधान, नाडु प्रधान, कलेश्वर भोगता, रंथा प्रधान, अंगनी कुमारी, समतराय प्रधान, लालमोहन प्रधान, भुवनेश्वर प्रधान, इन्द्रजीत प्रधान आदि शामिल थे।

88वें सप्ताह लगाया गया जांच शिविर

लोहरदगा। सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 88 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 37 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा जरूरतमंदों एवं असहायों का ज्यादा से ज्यादा मदद की जाएगी है, और कहा कि जल्द ही शिविर पर जरूरी दवाएँ भी उपलब्ध कराई जाएगी।

एक नजर में

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का हुआ जिला विस्तार

लोहरदगा। जिले के शहरी क्षेत्र स्थित राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का नवनियुक्ति कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक का नेतृत्व राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष केसर इकबाल खान, जोनल कॉर्डिनेटर अजीत पॉल कुजूर और रॉयल बाकल शामिल हुए। बैठक में संगठन को और कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने और पंचायत के विकास पर चर्चा किया गया साथ ही जिला स्तर पर संगठन का विस्तार करते हुए कई कार्यकर्ताओ को दायित्व दिया गया ताकि संगठन अपने उद्देश्य के लिए बेहतर कार्य कर सके और कांग्रेस पार्टी के लिए बेहतर रणनीति तैयार की जा सके। संगठन का विस्तार करते हुए नव नियुक्त कार्यकर्ताओ को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिले में संगठन का विस्तार करते हुए पेशरार, किस्को, कूडू और लोहरदगा में कार्यकर्ताओ को नए दायित्व दिया गया ताकि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक संगठन का पकड़ मजबूत हो सके।

अवैध बॉक्साइड लदा दो ट्रक जब्त, मामले को लेकर दो लोग हुए गिरफ्तार

सेन्हा लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग से देर रात पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद एव सेन्हा थाना गस्ती पुलिस सअनि विरेंद्र बखला द्वारा पुलिस बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। उसी दौरान अवैध बॉक्साइड लदा दो ट्रक चालक वाहन जाँच देख कंडरा ईट भठा के पास ट्रक छोड़ कर भाग गये ट्रक नम्बर जे एच 07डी 9427एव जे एच 09बीबी 3400 दोनों ट्रक में अवैध बॉक्साइड पत्थर लदा हुआ था साथ ही एक मोटर साइकिल से वाहन छुड़ाने को लेकर दो व्यक्ति सेन्हा थाना क्षेत्र के कलेहेपाट गांव निवासी स्व संतु अंसारी के पुत्र महमूद अंसारी एव जहीरूद्दीन अंसारी के पुत्र अजहरुद्दीन अंसारी जिला खनन पदाधिकारी को रिश्वत देकर वाहन मुक्त करने की बात करने लगे,जिसपर खनन पदाधिकारी ने पुलिस को इसकी सूचना देते हुए दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार करवाया। दोनों के पास से 37 हजार 640 रुपया नगद और दो मोबाइल फोन तथा एक मोटर साइकिल नंबर जे एच 08एच 3055 को जब्त कर लिया गया है। जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद के आवेदन पर सेन्हा थाना कांड संख्या 12/24 धारा 379,411,414, आईपीसी एव खनन अधीनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि अवैध बॉक्साइड चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया है तथा संलिप्त दो व्यक्ति को इस मामले में जेल भेजा गया।

पेड़ पौधे के संरक्षण को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

घाघरा। गुमला वन विभाग के द्वारा खुखराडीह और इंजनी गांव में पेड़ पौधे के संरक्षण को लेकर ग्रामीणों के साथ रविवार को बैठक किया गया। बैठक में पेड़ पौधों के संरक्षण, जल संरक्षण, भूमि संरक्षण,जीव जंतु संरक्षण,अवैध वृक्षों की कटाई, अवैध चराई,अवैध अतिक्रमण, जंगलों में आग ना लगाना,जैसे कई विषयों को पर लोगों को जानकारी दी गई। कोई सभी ने एक स्वर में पेड़ पौधे के संरक्षण को लेकर नारा लगाया।मौके पर विभाग समन्वयक अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि वन है तो जीवन है। हम सभी को वनों की रक्षा करना दायित्व है। क्योंकि वनो से पेड़ कटेगी तो जीव जंतु सहित मनुष्य जाति को जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हमें मिलजुल कर संरक्षण करने की जरूरत है। वनों में आग लगने से कई छोटे-छोटे जीव जंतु पौधे की हानि होती है। जब छोटे-छोटे पौधे ही नहीं होंगे तो वह पेड़ कैसे बनेगा। मौके पर संदीप उरांव,सूदन दाउद किंडो, सुनील मिंज साहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2023 तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षिक कौशल कुमार मिश्रा एवं पंचायती राज्य पदाधिकरी सत्यकाम श्रीवास्तव के द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत पंचायत का विकास किस-किस माध्यम से किया जा सकता है इसकी विस्तृत जानकारी दिया गया। एक पंचायत का सम्पूर्ण विकास के लिए 9 बिंदुओं पर महत्वपूर्ण कार्य करने के बारे में बताया गया। जिसे गाँव और पंचायत का विकास के लिये बेहतर स्वस्थ्य सुविधा,बाल समन्वय,पेयजलापूर्ति सूचरूप से संचालन,बिजली सुविधा,गाँव मे शुद्ध एवं स्वच्छ वातावरण हो उसके लिए अधिक से अधिक पेड पौधा लगाना,गांव में मूलभूत आवश्यकता को प्राथमिकता के अनुसार ध्यान देना,पंचायत में महिलाओं की भागीदारी सहित कई बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से पंचायत में संचालित विकास योजनाओं का चयन कर संचालित कैसे करना है। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार,मोहमद फैज आलम,पूनम देवी,अनिल उराँव, रितेश महतो,ललिता देवी,रामस्वारथ महतो,आरती देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

मुखिया ने दी लोगो को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

कैरो। प्रखण्ड के सढ़ाबे पंचायत की मुखिया सुमित्रा उरांव ने रविवार को पंचायत क्षेत्र के टाटी, खरता, सढ़ाबे आदि गांव किसान,मजदूर,वृद्ध,विधवा से मिलकर सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होने विगत दिनों बारिस के साथ हुए ओलावृष्टि से किसानों को हुए क्षति के बारे में जानकारी लेते हुए खेती का किसान के साथ फोटो,जमीन का रशीद के साथ क्षतिपूर्ति हेतु फार्म भरकर जमा करने की बात करते हुए हुए सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के बारे में बतलाते हुए कहा कि झारखण्ड के गरीब,आवास विहीन,जरूरतमंद लोगों को आवास मुहैया कराई जा रही है। इसमें किसी भी योग्य लाभुकों को किसी को पैसा देने की जरूरत नही है किसी के बहकावे में न आये।वृद्धा पेंशन के बारे में बतलाते हुए कहा कि सरकार सर्वजन पेंशन योजना के तहत अब सभी महिलाओ को 50 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर,18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विधवा को,अनुसूचित जनजाति के पुरुषों को उनके जाती प्रमाण पत्र व आयु प्रमाणपत्र देने पर वृद्धा विधवा पेंशन का लाभ देगी,उन्होंने योग्यता धारक लाभुकों से आवेदन जमा करने की बात कही और 21फरवरी को सड़ाबे पंचायत में पेंशन को लेकर एक दिवसीय कैंप भी लगेगा। आप लोग जमा कर सकते हैं और उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के हर सुख दुख में उनके साथ हैं,क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करती रहूंगी।

घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने की लाखों की चोरी

कुडू, लोहरदगा। कूडू थाना क्षेत्र में घर का ताला तोड़कर शनिवार की देर रात लाखों का गहना व नकदी चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। कुडू थाना क्षेत्र के टावर मुहल्ला निवासी अनिल गुप्ता अपने परिवार के साथ इलाज के लिए हैदराबाद गए हुए थे। इस बीच रविवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि घर का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया गया है। सूचना मिलने पर उनके परिवार के लोग आए तो पाया कि सामने के गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर आलमारी व दराज का ताला टूटा हुआ है। चोरी गए सामानों की कीमत करीब 11 लाख बताई जा रही है। चोरी हुए चीजों में गहने एवम नगद और अन्य सामान शामिल है।

स्पीड न्यूज

दस दिवसीय वार्षिक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ उद्घाटन

टंडवा(चतरा)। रविवार को सूर्य मंदिर प्रांगण में एकल विद्यालय अभियान का दस दिवसीय वार्षिक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत उद्घाटन टंडवा प्रखंड समिति के सदस्य बिगुल प्रसाद एवं विष्णुनदेव सोनी ने संयुक्त रूप से किया।

जिले के सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

कोडरमा। महिलाओं, अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति वर्ग के 50 से 60 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। इसी को लेकर डीडीसी ऋतुराज के निदेर्शानुसार जिले के सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा के माध्यम से 50 से 60 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ देने पर चर्चा किया गया और लाभुकों का आवेदन प्राप्त किया गया।

सीएम आज करेंगे राजकीय इटखोरी महोत्सव का शुभारंभ

पंकज सिंह

चतरा। जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर परिसर में आज तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का शुभांरभ होगा। उद्घाटन की सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी ली गई है। दोपहर 3 बजे के करीब राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और मंत्री सत्यानंद भोक्ता महोत्सव में शिरकत करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सांसद सुनील कुमार सिंह करेंगे। इसके आलावा सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, श्री धर्म गुरु स्वामी रविन्द्र कार्तिक , दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बौद्ध गया मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य सचिव नांगजय दोरजीभी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस बार भी महोत्सव के आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियां की गई है। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई व सजावट, लाइटिंग, मुख्य मंच निर्माण कार्य, बेरेकेटिंग, साउंड सिस्टम, पार्किंग स्थल सहित अतिथियों के आवासन आदि का कार्य पूरा कर लिया गया है। महोत्सव की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव को लेकर भद्रकाली मंदिर परिसर सहित आसपास के इलाके में रंग-रोगन कराने के उपरांत प्रकाश की भी पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा दर्शकों को बैठने के लिए गैलरी का निर्माण करवाया गया है। ताकि कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

2015 में हुई थी शुरूआत, 2016 में मिला राजकीय महोत्सव का दर्जा: बता दें कि साल 2015 में इटखोरी महोत्सव की शुरूआत हुई थी। इसके ठीक एक साल बाद यानी 2016 में इसे राजकीय महोत्सव का दर्जा मिला। महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह होता है। इस बार भी लोगों में काफी उमंग देखी जा रही है। इस महोत्सव में प्रसिद्ध कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कुछ छात्र भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे। कुल मिलाकर महोत्सव में रंगारग कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसे लेकर लोग काफी उत्साहित हैं।

सज-धज कर कार्यक्रम स्थल तैयार

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल पूरी तरह से सज--धजकर तैयार है। निर्धारित समय पर महोत्सव का उद्घाटन के साथ ही आगाज हो जाएगा। और तीन दिनों तक इस क्षेत्र के लोग विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों का लुत्फ उठाते रहेंगे।

सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सीएम चंपई सोरेन द्वीप प्रज्जविलत कर तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। महोत्सव मे भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और मंत्री सत्यानंद भोक्ता हेलिकॉप्टर से इटखोरी पहुंचेंगे। सीएम के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की है। करीब 900 महिला पुरुष जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

अक्षरा सिंह व अल्ताफ राजा आज देंगे प्रस्तुति

तीन दिवसीय इस महोत्सव में भव्य सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। महोत्सव के पहले दिन यानी सोमवार रात क्षेत्रीय कलाकारों के साथ-साथ प्रसिद्ध गायिका अक्षरा सिंह, बॉलीवुड गायक अल्ताफ राजा का कार्यक्रम है। दूसरे दिन विनोद राठौर एवं ग्रुप के साथ ही शालिनी दुबे एवं ग्रुप, किस्सु राहुल एवं ग्रुप, सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप, रोहित आर. के. एण्ड ग्रुप द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं तीसरे दिन क्षेत्रीय कलाकारों के अलावे बीएस?एफ हजारीबाग, सिमरन साह एवं ग्रुप, पूजा चटर्जी एवं ग्रुप,रजत आनन्द एवं ग्रुप, मृणालिनी अखौरी की प्रस्तुति होगी।

भाजपा वेबजह विरोधी दलों को परेशान करना बंद करें : झामुमो

खबर मन्त्र संवाददाता

डोमचांच (कोडरमा)। झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय कमेटी के निर्देश पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ राय की अध्यक्षता में रविवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाका जानपुर के कलिडीह, लेम्बुया व जानपुर आदि में न्याय मार्च निकला गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में झामुमो कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन की जल्द रिहाई के लिए सामूहिक रूप से गिरजाघर पूजा-प्रार्थना के साथ न्याय मार्च की शुरूआत की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि न्याय मार्च से भाजपा का सफाया होगा। जिस तरह से एक सीधे-साधे आंदोलनकारी के बेटे को साजिश के तहत सत्ता हासिल करने के लिए झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की कार्रवाई की गई, उसे झारखंड की जनता समझ रही है। वहीं केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव, बैजनाथ मेहता ने हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने को लेकर कहा कि झारखण्ड की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी, जिस तरह से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को संवारने में लगे थे और जिस तरह से यहां विकास की धारा बह रहे थे, यही बात भाजपा वालों को नहीं पच रही थी। वहीं जिला प्रवक्ता संजय साजन ने कहा कि सत्ता हासिल करने की लालच में केंद्र सरकार की केंद्रीय एजेंसियों को दुरुपयोग कर लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को बदनाम कर जेल भेजने का काम किया है, केंद्र की भाजपा सरकार को यह पता नहीं कि झारखंड वासियों के दिलों में हेमंत सोरेन बसते हैं, एक आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल भेजकर भाजपा आदिवासी के साथ शोषण करने का काम कर रही है। मौके पर महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष निर्मला तिवारी, शलेन्द्र सिंह, प्रदीप चैधरी, बसंती देवी, बुद्धिजीवी मोर्चा के मोती सिंह, साबिर अंसारी, छत्रधारी सिंह, तिलक सिंह, अगहगनू भुल्ला, रंजीत कुमार, बुधन हेमबरम, अलबिनुस बैग, अनुझुला एकका समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

जेल में बंदियों को दी गई कानून की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में रविवार को मंडल कारा में विधिक जागरूकता शिविर सह लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवांगी प्रिया जेएम फर्स्ट क्लास उपस्थित थी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि गरीब, असहायों की मदद के लिए डालसा हमेशा ततपर है। वहीं एलएडीसी अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। यहां से निकलने के उपरांत सामान्य नागरिक जीवन जीने का प्रयास करें। अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का प्रण लें। बंदियों की ओर से वाद निष्पादन के निमित्त एक भी आवेदन नहीं आने के कारण, मौके पर एक भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका। वहीं शिविर में उपस्थित बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी दी गई। जिस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे, वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है या नहीं कर सका है, पहचान की गई। मौके पर डिप्टी एलएडीसी राजेंद्र मंडल, जेलर अभिषेक कुमार, एलएडीसी ललन चैधरी, नयालयकर्मी संतोष कुमार सिंह, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

एक नजर में

ब्राह्मणों ने मनाया हरशु ब्रह्मदेव जयंती

गिद्धौर। प्रखंड के अंतर्गत स्थित बटेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को हरसू ब्रह्मदेव जयंती गिद्धौर प्रखंड पंचायत के ब्राह्मण समाज के लोगों ने मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वस्तिवाचन गणेश वंदना दीप प्रज्वलित कर शंख ध्वनि के साथ किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय संचालन यदुनंदन पांडेय ने किया। बैठक को संबोधन करते हुए सूरज देव पांडेय ने कहा की हम सभी 108 वें पीढ़ी में आते हैं जो हरसू ब्रह्मदेव की वंशज हैं। हम सभी के दादा पुरखा भी इन्हीं से जुड़े हैं। उनकी जयंती इस वर्ष चौथी बार मनाई जा रही है। मौके पर जवाहर पांडेय महावीर पांडेय सत्यदेव पांडेय टीकम पांडेय लखन पांडेय बैजनाथ पांडेय कृष्णा पांडेय आनंद किशोर पांडेय, प्रदीप पांडेय सूरज पांडेय अनिल पांडेय श्रीकांत पांडेय पिंटू पांडेय जमुना पांडेय राजकुमार पांडेय मुन्नी पांडेय मोहन पांडेय सुधीर पांडेय कामदेव पांडेय शंभू पांडेय बनवारी पान्डेय शेखर पान्डेय प्रियांशु पान्डेय संदिप पान्डेय आकाश पान्डेय कुन्दन पान्डेय सुमित पान्डेय नैयन पान्डेय नैतिक पान्डेय उपस्थित थे।

अवैध भ्रूण जांच मामले में एक व्यक्ति मशीन के साथ गिरफ्तार

पिछले 5-6 वर्षों से ग्रामीण इलाकों में घूम-घूम किया करता था लिंग परीक्षण: सिविल सर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के जरिये कार में घूम-घूम कर भ्रूण जांच करने के एक अजीबोगरीब मामले का कोडरमा में भंडाफोड़ किया गया है। बताते चलें कि एसडीओ रिया सिंह की अगुवाई में छापेमारी टीम ने तिलैया थाना क्षेत्र के बिशुनपुर रोड से पवन यादव नामक एक शख्स को गिरफ्तार किया है और उसके पास से पोर्टेबल अल्ट्रासाऊंड मशीन और लिंग परीक्षण करने वाला प्रोब मशीन जब्त किया है। गिरफ्तार पवन यादव के पास से कई बैंकों के एटीएम, चेक बुक और भ्रूण जांच को लेकर पैसों लेनदेन से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। इस मामले में पकड़ा गया पवन पिछले 5-6 सालों से कोडरमा गिरिडीह और हजारीबाग जिले के ग्रामीण इलाकों में घूम-घूम कर अपने कार में लिंग परीक्षण किया करता था, जिसकी सूचना काफी दिनों से प्रशासन को मिल रही थी। इन जिलों में संचालित कई अल्ट्रासाऊंड क्लिनिक से उसके संपर्क भी थे और लिंग परीक्षण के नाम पर पवन अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों को बतौर कमीशन मोटी रकम भी दिया करता था। बहरहाल रविवार को प्रशासन की टीम पुख्ता सबुत के साथ उसे बिशनपुर रोड स्थित आवास में छापेमारी की और गिरफ्तार कर थाना लाई। वहीं मामले की जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि घूम-घूम कर लिंग परीक्षण करने वाले एक गिरोह का संचालन किया जा रहा था और आज पुख्ता सूचना के आधार पर छापेमारी की गई और पवन यादव को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि इस तरह के काम करने वाले दो-तीन और लोगों के नाम सामने आए हैं, जिस पर प्रशासन की निगाह है और जल्द ही उन लोगों को भी पकड़ा जाएगा।

आंचल में छुपा लीजिये मुझे अपना बना लीजिए..., पर झूमे श्रद्धालु

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में मां वैष्णों देवी नगर असनाबाद स्थित आलोक कुमार सिन्हा के निवास स्थान पर भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न देवी देवताओं का दरबार सजाया गया। तत्पश्चात पूजा अर्चना विजय पांडेय के द्वारा कराया गया। वहीं यजमान के रूप में अनुमान कृष्ण शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया, इसके बाद गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद भजनों का कार्यक्रम शुरू किया गया। भजन गायक बबलू सिंह ने मोर छड़ी... राकेश कपसीमे ने नमः शिवायः ॐ नमः शिवायः हर हर भोले नमः शिवायः... मनोज माथुर ने पुरी तु कर दे मन की आस भोले बाबा दर्शन को आये तेरे द्वार भोले बाबा...साकेत सिंह ने याद आई याद आई मुरली वाले तेरी याद आई... सत्येंद्र नारायण सिन्हा ने भोले बाबा तेरे दरवार जो आते है झोलिया भरते है वो खाली नही जाते है... आलोक कुमार सिन्हा ने आंचल में छुपा लीजिये मुझे अपना बना लीजिए... नवीन सिन्हा ने तूने बदल दी मेरी जिंदगानी..... सुशील सिन्हा ने मेरे भोले बाबा को अनादि न समझो..... जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे।

मामूली विवाद को लेकर जमकर मारपीट, लाठी-डंडे से हमले में युवक की हालत गंभीर

इटखोरी । थाना क्षेत्र के इटखोरी पंचायत अंतर्गत देवी मंडप गांव में शनिवार की रात छः सात युवकों ने एक युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। उसे इलाज के लिए इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर उसकी स्थिति गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। युवक को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक देवी मंडप निवासी शकलदेव दांगी का पुत्र मिथलेश कुमार दांगी है। युवक की गंभीर स्थिति देखकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। जानकारी के अनुसार दो तीन दिन पूर्व मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई मामूली विवाद को लेकर युवक की पिटाई कर दी गई है। मिथलेश कुमार का भाई पवन दांगी ने आरोपीयों के खिलाफ इटखोरी थाना में आवेदन दे दी है। भाई का आरोप है कि बीती रात करीब आठ बजे गांव के रहने वाले पप्पू सिंह, लक्की सिंह, अमित कुमार सिंह, कमलेश गिरी, विशाल गिरी, लल्लू गिरी, छोटू गिरी, संदीप गिरी, राजेश गिरी, रामू ठाकुर, रोहित गिरी और बबलू सोनी की मेरे भाई से लडाई हो गई। उन लोगों ने मिलकर मेरे भाई के ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे सर पर गहरा चोट लग गया है। इधर थाना प्रभारी बिनोद कुमार का कहना है कि मामले की जांच के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ढिबरा मजदूरों का धरना सांतवे दिन भी जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को भी जारी रहा। ढिबरा मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। प्रशासन और संघ के बीच अबतक किसी भी तरह का समझौता पर बात नही बनी है। इधर ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ढिबरा मजदूरों के साथ बैठक कर आंदोलन को धारदार बनाने पर विचार कर रही है। सोमवार को ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ की कोर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। वहीं संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने बताया कि ढिबरा मजदूरों के मांगो पर प्रशासन को गंभीरता से विचार करना होगा। उन्होंने कहा जबतक हमारी मांगो पर सम्मान जनक वार्ता नही हो जाती तबतक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ढिबरा मजदूरों की हक के पक्ष में जबतक प्रशासन लचीलापन नीति तय नही करती तबतक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर बिरजू सिंह, पवन बहादुर, शिबू कुमार, कारू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनिल कुमार, पिंकी देवी, कुंती देवी, कलावती देवी, अनिता देवी, गुड़िया देवी, सरस्वती देवी, मंजू देवी, सुरेश भुईया, मनोज यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वैचारिक गोष्ठी सिंपोजियम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। वैचारिक गोष्ठी के तहत रविवार को मॉर्डन पब्लिक स्कूल के कक्षा नवम् के विद्यार्थियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर अपने विचारों को प्रदर्शित एवं अभिव्यक्त किया। विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदत्त विषय पर अपने विचार बखूबी रखे। भारत के तमाम राज्यों के लीला, कला, संस्कृति एवं खान-पान तथा उनके ऐतिहासिक महत्त्व एवं योगदानों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। वहीं उन्होंन कहा कि हम भले ही अपने तौर तरीकों विचारों से भिन्न हों पर जब देश की बात आयेगी तो हम सदैव एक हैं। उपर्युक्त विषय पर नवम् के हितंकर जैन, ओवैश, प्रिंस, पियूष, रुद्र, मन्नत, वैष्णवी, श्रुति, रिया, स्मृति, हर्ष, प्रांजल, वीर, मौसम, अनन्या, सौरव समेत तमाम छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किये। इस अवसर पर छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार तथा निदेशिका संगीता शर्मा का वैचारिक सानिध्य भी प्राप्त हुआ। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में वाक्पटुता एवं सद्यः वाचन कौशल का विकास होगा, जिससे भविष्य के मार्ग प्रशस्त होंगे। इस तरह के आयोजन से सम्पूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण की दिशा में हम अग्रगामी रहेंगे। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने भी छात्रों को कार्यक्रम के सफल निष्पादन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उनके सम्पूर्ण सहभागिता की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

कोडरमा। तिलैया थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित केडिया धर्म कांटा के समीप रविवार की शाम एक चार पहिया वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना के बाद हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस की सहायता से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घायल युवक की पहचान तिलैया थाना क्षेत्र के इंदरवा बस्ती निवासी 22 वर्षीय राजन कुमार पिता किशोर राम के रूप में हुई है। फिलहाल घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है।

हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने के लिए मजदूर वर्ग को बधाई, संघर्ष जारी रहेगा : संजय

मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू का जिला सम्मेलन तीन मार्च को

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। मजदूर आंदोलन का अगुआ संगठन सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) की जिला कमिटी की बैठक बजरंग नगर झुमरीतिलैया में आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 3 मार्च को सीटू का प्रथम जिला सम्मेलन झुमरीतिलैया में करने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने 16 फरवरी को देशव्यापी ऐतिहासिक हड़ताल की सफलता के लिए मजदूर वर्ग को बधाई देते हुए कहा कि मोदी सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष लगातार जारी रहेगा। इस हड़ताल में देशभर में करीब 25 करोड़ किसान मजदूरों ने हिस्सा लिया, जिससे केंद्र सरकार हिल गई है, मगर हरियाणा में शम्भु बॉर्डर के पास आंदोलनरत हजारों किसानों पर दमन जारी है। किसान भी इस बार संघर्ष से पिछे नहीं हटेगा और मजदूर वर्ग किसान आंदोलन के समर्थन में हमेशा खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि आज देश में उत्पादन व विकास की मुख्य ताकत मजदूर वर्ग की सिर्फ घोर उपेक्षा नहीं बल्कि 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड में बदलकर मजदूरों के कानूनी अधिकारों पर जबरदस्त हमला किया जा रहा है।

देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सार्वजनिक उपक्रमों का बहुत बड़ा योगदान है, मगर भाजपानीत मोदी सरकार के द्वारा निजीकरण के रास्ते इसे लगातार खत्म किया जा रहा है। भाजपा सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था को लगातार बर्बाद कर रही है। कीमतों में भारी वृद्धि के कारण महंगाई से आमलोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने बताया कि जिला सम्मेलन में 10 संगठित व असंगठित यूनियन से चूने हुए करीब 200 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का उदघाटन सीटू के राज्य महासचिव विश्वजीत देव करेंगे। मौके पर प्रेम प्रकाश, राजेन्द्र पासवान, दिलीप कुमार सिन्हा, मो. रफीक, चन्दन सिहं, विजय शर्मा, आशिष कुमार आदि लोग मौजूद थे।

जेएसएलपीएस खुट्टा क्लस्टर में कार्यरत सीसी के विदाई समारोह का आयोजन

सतगावां (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत खुट्टा क्लस्टर में कार्यरत सीसी विकास कुमार का रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसी विकास कुमार के विदाई में बी.पी.एम सुधीर कुमार उपस्थित थे। वहीं खुट्टा क्लस्टर के दीदी द्वारा यह भी बताया गया की हमारे खुट्टा क्लस्टर में विकास कुमार जो सीसी के रूप में कार्य किए हैं। वहीं विकास कुमार चार साल में समूह, ग्राम संगठन, संकुल संगठन को मजबूत करने में अपना भरपूर योगदान दिया। साथ हीं सभी दीदीयों के बिच अच्छा विचार और व्यवहार बनाए। वहीं सभी दीदी एवं कर्मी के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर सुधीर कुमार, विनीत यादव, उज्जवल कुमार अग्रवाल, उत्तम कुमार, रूबी कुमारी, जुली देवी, पूजा कुमारी, जुली कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

यादव महासभा के जिला अध्यक्ष को माला पहनाकर किया स्वागत

स्वागत करते लोग।

बालूमाथ। प्रांतीय यादव महासभा के लातेहार जिला अध्यक्ष मोहर सिंह यादव के बनने के बाद झामुमो के जिला कोषाध्यक्ष उपेंद्र यादव एवं बालूमाथ झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद यादव ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मोहर सिंह यादव एवं राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर बोलते हुए उपेंद्र यादव ने कहा कि दोनों पदाधिकारी के नेतृत्व में समाज के विकास होगा एवं समाज एकजुट होगा। वहीं अरविंद यादव ने कहा कि दोनों पदाधिकारी के नेतृत्व में समाज के विकास के लिए कई कार्य किए जाएंगे। वहीं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई देने वालों में राजेश यादव सुनील यादव, प्रकाश यादव, दिलीप यादव बली यादव, नागेंद्र यादव, कैलाश यादव, मनोज यादव, संतोष यादव, राजन यादव, देवनारायण यादव, दिनेश यादव समेत कई लोगो के नाम शामिल है।

प्रजापति कुम्हार महासंघ की हुई बैठक कमेटी को लेकर हुई चर्चा

बैठक करते लोग।

बारियातू। प्रखंड के बरछिया मे प्रजापति (कुम्हार)महासंघ बरियातू के द्वारा अजीत प्रजापति की अध्यक्षता मे बैठक किया गया। बैठक मे प्रखंड कमेटी व पंचायत कमेटी का विस्तार को लेकर चर्चा की गई। वहीं अपने समाज को उत्थान के लिए सामाजिक कई तरह के महत्वपूर्ण बाते रखी गई। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, नशाखोरी से मुक्ति, अंधविश्वास, डायन कुप्रथा सहित सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने सहित अन्य विन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। वहीं प्रखंड कमेटी विस्तार के लिए तीन मार्च को सर्व सहमति से तिथि निर्धारित की गई। बैठक का संचालन सोनु प्रजापति ने की। मौके पर उपस्थित भीम प्रजापति ने कहा की शिक्षा आज की समाज में सभी कुरूतियो के अंत करने का एक सशक्त माध्यम है। बैठक मे मुख्य रूप से मित्यांद प्रजापति, आनंद प्रजापति, गोविन्द प्रजापति, राकेश प्रजापति, नरेश प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, राजेश प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, अवध प्रजापति, पुन्नू प्रजापति, तुलसी प्रजापति तथा काफी संख्या बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे।

जीवन रक्षक क्लीनिक के द्वारा कुटमु मे लगाया निःशुल्क मैडिकल कैंप

उद्घाटन करते अतिथि।

बेतला। जीवन रक्षक क्लिनिक नई मोहल्ला रेलवे स्टेशन डालटेनगंज के सौजन्य से एवं कुटमु स्थित सिद्धार्थ मेडिकल स्टोर के द्वारा प्रखंड के कुटमु चौक के समीप निःशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, लातेहार जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग नसीम अंसारी, बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह, पोखरी कला पंचायत के मुखिया नीतू देवी, हॉस्पिटल के संचालक प्रवीण कुमार पाठक ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कैंप का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि नसीम अंसारी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने उपस्थित ग्रामीणों को इस कैंप के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील किया। वहीं इस दौरान डायरेक्टर प्रवीण पाठक ने बताया कि मेदिनीनगर के प्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा सस्ते एवं आधुनिक संसाधनों के द्वारा यहां सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन किया जाता है आप एक बार सेवा करने का अवश्य मौका दें, इस अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा के साथ प्रसिद्ध चिकित्सकों का टीम मौजूद रहती है कैंप में सहयोग के रूप में सिद्धार्थ मेडिकल स्टोर के संचालक रामनिवास पाठक, राकेश कुमार, राकेश दुबे, नवीन कुमार, सलीम, रजनी, शिवानी, पुष्पा, प्रियंका, देवेंद्र शुक्ला, समेत कई लोग कैंप में सहयोग कर रहे थे। निःशुल्क मैडिकल कैंप में करीब 500 से अधिक मरीज का जांच कर दवा दी गई।

बरवाडीह नदी में महिला का शव मिला

बरवाडीह। बरवाडीह शहर के आदर्श नगर स्थित श्मशान घाट के पास मुख्य नदी में रविवार को सुबह हसीना बीबी 45 वर्ष का शव मिला है। नदी से महिला का शव मिलने से शहर में सनसनी फैल गई है। शव को देखने के लिए सैकड़ो लोग नदी के पास जमा हो गए थे। मृतका बरवाडीह थाना क्षेत्र के स्व0 मुस्ताक खान की पत्नी है। नदी में शव रहने की सूचना पाकर पुलिस वहां पहुंची और नदी से शव बरामद करते हुए मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। उक्त महिला की मौत कैसे हुई और वह कैसे उस नदी में पहुंची, इस पर अभी रहस्य ही बना हुआ है।

पिटाई से घायल एक की स्थिति चिंताजनक, रिम्स में लड़ रहा है जिंदगी व मौत से जंग

चकला प्लांट में स्क्रैप कटिंग के कार्य मे लगी कम्पनी के कर्मियों द्वारा दो दलित युवकों के साथ बेरहमी से पिटाई

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट के फेज 2 रिजर्व वायर एरिया में बीती रात्रि स्क्रैप कटिंग के कार्य में लगी कंपनी ध्रुवा इंफ्राटेक एलएलपी के कर्मियों द्वारा दो दलित युवकों के साथ बेरहमी से मार पीट किए जाने के बाद प्रकाश में आया है। परिजनों का आरोप है कि कर्मियों द्वारा बेरहमी से पिटाई किए जाने से महेंद्र भुईयां पिता जीवन भुईयां व कैला भुईयां पिता रामू भुईयां गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद देर रात प्लांट की सुरक्षा में लगे सुरक्षा प्रहरियों के द्वारा दोनो को उठाकर उनके घर पहुंचा दिया, जिसके बाद महेंद्र भुईयां की स्थिति को

पिटाई से घायल महेंद्र भुईया।

घायल कैला भुईया।

जानकारी देते महेंद्र भुईया के परिजन।

बिगड़ता देख देर रात्रि उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। फिलहाल महेंद्र भुईयां रिम्स रांची में जिंदगी व मौत की जंग लड़ रहा है, जबकि पिटाई से घायल दूसरे युवक कैला भुईयां को परिजन रविवार की सुबह सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र चंदवा लाए जहां उसका उपचार किया गया। कैला के पेट, छाती समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर अंदरूनी चोटें आई है।

महेंद्र भुईयां की माता कमला मसोमत व बेटी निशा कुमारी ने बताया की महेंद्र भुईयां व कैला भुईयां शनिवार की रात्रि रिजर्व वायर एरिया स्थित बाउंड्री के समीप लगे चने की खेती में पहरेदारी करने गया था, इसी बीच लगभग 10 बजे स्क्रैप कटिंग के कार्य में लगी कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मियों ने दोनो को पकड़कर बेरहमी से पिटाई की, महेंद्र के सर व आंख के समीप लोहे के सरिए से इतना मारा की सर बुरी तरह से जख्मी हो गया है, आंख भी बच पाएगा या नहीं यह भी कहा नही जा सकता है। वहीं कैला के पेट व छाती पर वार किया गया है, जिससे उसे अंदरूनी रूप से काफी गम्भीर चोट आई है। घटना को लेकर परिजनों व ग्रामीणों में काफी रोष देखा जा रहा है, परिजनों व ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार बेरहमी से मार पीट करने का अधिकार कंपनी के कर्मियों को किसने दिया है। परिजनों एवं ग्रामीणों ने बेरहमी से पिटाई करने वाले कंपनी के अधिकारियों कर्मियों के खिलाफ प्रशासन से कड़ी कार्रवाई करने की गुहार भी लगाई है। वहीं घटना के सम्बंध में पक्ष बजाने के लिए कंपनी के कर्मी नेहाल खान के मोबाइल पर कई बार सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया।

क्या कहते हैं पुनि सह थाना प्रभारी

मामले को लेकर पूछे जाने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने कहा कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है लेकिन मामले को लेकर अबतक कोई आवेदन प्राप्त नही हुआ है। आवेदन प्राप्त होने के उपरांत नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

जेजेएमपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन ने तूबेद से कोयला लेकर बालूमाथ जा रही हाईवा के साथ किया तोड़फोड़

उग्रवादियों ने धमकी देते हुए कहा कि संगठन से बिना मैनेज किये कोयला की ढुलाई करती है, तो अंजाम बुरा होगा

- उग्रवादियों ने पांच हाईवा के शीशे तोड़ दिये और आठ हाईवा की चाबी व पांच मोबाइल अपने साथ ले गये

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के मुरूप गांव के नदी टोला के पास जेजेएमपी के नक्सलियों ने रविवार की रात करीब डेढ़ बजे जमकर उत्पात मचाया। उग्रवादियों ने सबसे पहले डीवीसी कंपनी से कोयला लोडकर बालूमाथ साइडिंग जा रही हाइवा को निशाना बनाया। इसके बाद नक्सलियों ने पांच हाईवा के शीशे तोड़ दिये और आठ हाईवा की चाबी व पांच मोबाइल अपने साथ ले गये। साथ ही हाईवा में

तोड़ा गया हाईवा का शीशा।

लोड कोयला को सड़क में गिराकर अवरोध कर दिया। इसके बाद उग्रवादियों ने 10 हाईवा चालकों के मोबाइल लूट लिया। हालांकि उग्रवादियों में घटना को अंजाम देने के बाद चालकों को पांच मोबाइल वापस कर दिए। शेष पांच लेते चले गए। घटना को अंजाम जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर लवलेश गंझू ने दिया है। भय बनाने के लिए उग्रवादियों ने तीन राउंड फायरिंग भी की है। 8 से 10 की संख्या में उग्रवादियों ने घटनाओं का अंजाम दिया है। पुलिस का कहना है कि लेवी को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। इधर, हाईवा चालक मोहम्मद आरिफ अंसारी व मोहम्मद मुमताज अंसारी ने बताया कि बालूमाथ साइडिंग से कोयला गिरा कर वापस डीवीसी कंपनी जा रहे थे। इसी दौरान 4 से 5 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादियों ने रोक दी और मोबाइल लूट लिया। इसके बाद कहा गया कि जेजेएमपी के पप्पू लोहरा के दाहिना हाथ लवलेश गंझू है। संगठन को बिना मैनेज किये कंपनी कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने धमकी देते हुए कहा कि संगठन से बिना मैनेज किये कोयला की ढुलाई करती है, तो अंजाम बुरा होगा। इसके बाद पीछे से आ रहे अन्य वाहनों को रोक कर चाबी व मोबाइल लूट लिए। इधर, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि घटना के सूचना मिलते ही रात में घटना स्थल पहुंचकर जानकारी ली है। उन्होंने बताया कि लेवी को लेकर जेजेएमपी के उग्रवादियों ने घटना को अंजाम दिया है। उग्रवादियों को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाई जा रही है।

हेमंत सोरेन पर रचे गए षड्यंत्र के विरोध में न्याय मार्च निकालेगी जेएमएम : अफजल अंसारी

बरवाडीह। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के द्वारा सोमवार को प्रखण्ड मुख्यालय के पोखरी कला पंचायत में न्याय मार्च निकाला जाएगा। न्याय मार्च को लेकर जानकारी देते हुए

अफजल अंसारी (प्रखंड अध्यक्ष जेएमएम)।

जेएमएम के प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने कहा कि जिस तरह से केंद्र सरकार ने एक षड्यंत्र के तहत झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन के खिलाफ साजिश रची है और उन्हें गलत मुकदमे में फसाने की कौशिश की जा रही है। इसके खिलाफ पूरे राज्य की जनता में आक्रोश है। उन्होंने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार विभिन्न राज्यों की कुर्सी हथियाने के खातिर किसी भी हद तक जा सकती है, और इसके लिए देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। जिसे लेकर आज पोखरी में न्याय मार्च का आयोजन किया गया हैं। यह न्याय मार्च बरवाडीह के सभी पंचायतों में बारी- बारी से किया जायेगा। उन्होंने जेएमएम के सभी नेताओं और कार्यकताओं से न्याय मार्च में शामिल होने की अपील की है।

भेदभाव दूर कर बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाया जाए : विशाल कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। लातेहार विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक बैद्यनाथ राम को चंपई मंत्रिमंडल में मंत्री नहीं बनाए जाने से लातेहार जिले के जेएमएम कार्यकताओं में आक्रोश है जो थमने का नाम नहीं ले रहा है। विधायक बैद्यनाथ राम के लातेहार मीडिया प्रभारी विशाल कुमार ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे जिले की जनता की मांग है कि पिछले दिनों मंत्रिमंडल विस्तार किए गए भेदभाव को दूर करते हुए विधायक बैद्यनाथ राम को किसी अच्छे विभाग का मंत्री बनाया

विशाल कुमार।

जाए। उन्होंने कहा कि जिले की जनता को पूरा विश्वास था कि बैद्यनाथ राम जी मंत्री बन रहें है। मंत्रियों की लिस्ट में उनका नाम भी दूसरी नंबर पर था राजभवन से बुलावा भी आया। लेकिन किस परिस्थिति में अचानक उन्हें राजभवन जाने से रोका गया यह हम सबके समझ से परे है। कहा कि जिले की जनता के साथ विश्वासघात और धोखा किया गया है, जो कि बर्दास्त के बाहर है। कार्यकर्ता काफी सदमे में है और उनका आक्रोश चरम पर है। अगर जल्द ही मुख्यमंत्री महोदय और केंद्रीय आलाकमान इस पर विचार नहीं करता है तो भविष्य की राजनीति के लिए यह ठीक नहीं होगा। इसका परिणाम आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा को भुगतना पड़ेगा इनके दलित समाज के लोग सिर्फ पार्टी के झंडा और डंडा ढोने के लिए है। पार्टी पुनर्विचार करें और बैद्यनाथ राम को कैबिनेट में शामिल करें।

सीएस स्पोर्ट्स एंड गिफ्ट कॉर्नर का हुआ उद्घाटन

चंदवा। इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित जिला परिषद मार्केट कॉम्प्लेक्स प्रांगण स्थित दुकान नंबर 42 में रविवार को सीएस स्पोर्ट्स एंड गिफ्ट कॉर्नर का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी रवि डे, सत्येंद्र यादव, चंदवा सीएचसी के डॉक्टर मनोज कुमार व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि इंदिरा गांधी चौक पर इस प्रतिष्ठा के खुलने से खिलाड़ियों एवं आम जनों को काफी सहूलियत होगी व जरूरी सामानों की खरीददारी को लेकर इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। वहीं प्रतिष्ठा के संचालक सुमित कुमार ने बताया कि उनके यहां फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, हॉकी समेत अन्य खेलों के सामग्री, स्पोर्ट्स शू, कपड़े, गिफ्ट आइटम उचित दर पर उपलब्ध होंगे।

चंदवा में सहजकर्ता दल को दी गयी प्रशिक्षण

चंदवा। चंदवा प्रखण्ड कार्यालय सभागार में रविवार को ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के प्रथम एवं द्वितीय बैच का तीसरे दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत दूसरे दिन की गतिविधि का पूर्वलोकन प्रतिभागियों के साथ किया गया। उसके बाद जीपीसीसी के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया।इसके बाद योजनाओ का समेकन प्रपत्र के बारे में विस्तृत चर्चा की गई, इसके उपरांत सभी प्रपत्रो को उपलब्ध कराय गया एवं फीडबैक प्राप्त किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के बीपीएम, मास्टर ट्रेनर के रूप में रितेश कुमार (प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज) एवं विनीता कुमारी, मुखिया, पंचायत सचिव एवं जीपीएफटी दल के सदस्य उपस्तिथ थे।

एक नजर में

जातीय गणना किए जाने के निर्णय का किया स्वागत : शत्रुघ्न प्रसाद

आभार व्यक्त करते शत्रुघ्न प्रसाद।

लातेहार। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लातेहार ने झारखंड प्रदेश में जातीय गणना किए जाने के निर्णय को स्वागत किया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने राष्ट्रीय स्तर पर पहल करने वाले राहुल गांधी एवं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, वर्तमान सीएम चंपई सोरेन एवं तेजस्वी यादव के प्रति धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। वहीं श्री प्रसाद ने आगे कहा कि देश और राज्य में जातीय जनगणना करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लंबे समय से आंदोलन करते आ रही है। इसके लिए धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल, आक्रोश मार्च, जेल भरो अभियान सहित सभी पार्टियों के अध्यक्षों एवं मंत्रियों इत्यादि को ज्ञापन सौंप कर जातीय जनगणना कराये जाने की दबाव बनाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि 7 फरवरी को राहुल गांधी रांची आए थे तो उन्होंने राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल को न सिर्फ आश्वासन ही दिया, बल्कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री को बुलाकर प्रतिनिधि मंडल से भेंट कराई थी। जिसमें तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना में जाति आधारित जनगणना का काम शुरू हो गया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने राहुल गांधी से राज्य में जातीय सर्वेक्षण करने, ओबीसी का आरक्षण जनसंख्या अनुपात में करने एवं राज्य में स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय गठन करने की मांग प्रमुखता से की है। प्रदेश में जाति आधारित जनगणना करवाने का आदेश देने पर शत्रुघ्न प्रसाद, चेंबर ऑफ कामर्स के सुशील कुमार अग्रवाल, वैश्य मोर्चा के महेंद्र प्रसाद साहू, आशीष कुमार गुप्ता, शंभु प्रसाद, सुजित प्रसाद समेत कई लोगों ने मुख्यमंत्री चंपई सोरन के प्रति अपने संगठन की ओर से आभार प्रकट किया है।

तेतरियाखांड़ कोलियरी में ट्रक मालिकों की हुई बैठक

बैठक करते ट्रक मालिक।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में रविवार को बालूमाथ एवं बसिया पंचायत के ट्रक मालिकों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसमें बकाया भाड़ा भुगतान, निर्धारित भाड़ा देने, ट्रकों के प्रवेश समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। आयोजित बैठक में लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी भी पहुंची। मौके पर बोलते हुए लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा की ट्रक मालिकों के साथ तेतरियाखांड कोलियरी में अन्याय हो रहा है। कई लिफ्टर माल ढुलाई करवा कर भाड़ा का भुगतान नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण ट्रक मालिकों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। साथ ही कहा की सीसीएल द्वारा ग्रामीणों कोई सुविधा नहीं दी गई है। ना तो बिजली, पानी, स्वास्थ्य एवं स्कूल की सुविधा नही दी गई है। वहीं बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा बालूमाथ साइडिंग, भुरकुंडा साइडिंग समेत कई जगह का भाड़ा लाखों रुपए बाकी है। संबंधित ट्रांसपोर्टर जल्द से जल्द भाड़ा का भुगतान करें अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन होगा। विस्थापित नेता गिरधारी यादव बिहारी यादव सुरेश उरांव समेत कई लोगों ने कहां की ट्रक मालिक भुखमरी की कगार पर आ गए हैं। कई ट्रांसपोर्टर बकाया भाड़ा नहीं दे रहे हैं एवं भाड़ा तोड़ने का काम कर रहे हैं इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

लातेहार जिले के तीन एथलेटिक्स आवासीय केंद्र में बच्चों को नहीं मिल रहा है पौष्टिक भोजन

तालिका के अनुसार बच्चों को भोजन न देकर सरकार से भोजन तालिका के अनुसार लिया जा रहा हैं पूर्ण पैसे

- इस संबंध में पदाधिकारी मौन है और बच्चे अनियमितता भोजन खाने को लेकर मजबूर
- भोजन तालिका के अनुसार केला, दूध, दही, मटन, मछली, जूस, खीर इत्यादि चीजों से वंचित है बच्चे
- एमएम ट्रेडर्स चंदवा द्वारा तीनो प्रशिक्षण केन्द्रो में मुहैया काराया जाता है भोजन

विक्रम कुमार

लातेहार। लातेहार जिले के तीन एथलेटिक्स आवासीय केंद्र में बच्चों को पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। मेन्यू का अनुपालन किये बिना हीं खिलाड़ियों को आहार दिया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों के विकास पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जिले भर के एथलेटिक्स आवासीय खेल सेंटरों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को पौष्टिक भोजन हेतु पूर्व में 175 रुपए मिलता था, जिसे पांच माह पूर्व बढ़ाकर 350 रुपए कर दिया गया है। उसके साथ ही मेनू चार्ट में भी परिवर्तन किया गया था। जिसके बाद जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा बच्चों को भोजन आपूर्ति करने हेतु लगभग 5 महीने पूर्व में निविदा निकाला गया था, जिसमें कई फार्म निविदा में भाग लिए थे। जिसमें दो फार्म का दर बराबर हो गया था। जिसके बाद उप विकास आयुक्त के साठ-गाठ से उनके दबाव में एम एंड एम ट्रेडर्स चंदवा को काम दे दिया गया था। जिसके बाद लगभग 5 महीनो से एम एंड एम ट्रेडर्स के द्वारा जिले भर के तीन एथलेटिक्स आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। परंतु अन्य सुविधा के साथ-साथ खिलाड़ियों को भोजन तालिका के अनुसार भोजन भी नही मिल रहा है। जिसकी जानकारी लातेहार एथलेटिक्स आवासीय केंद्र के खिलाड़ियों ने दी है साथ ही बताया कि भोजन तालिका के अनुसार केला, दूध, दही, मटन, मछली, जूस, खीर, सेवई इत्यादि चीजे हम लोगों मिलनी चहिये थी लेकिन उक्त आहार हमे नहीं मिलता है।

वर्तमान में भोजन तालिका के अनुसार भोजन नहीं मिलता: खिलाड़ी

समाहरणालय भवन के समीप एथलेटिक्स आवासीय केंद्र के खिलाड़ियों ने बताया कि हमें भोजन तालिका के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। पूर्व में जो भोजन 175 रुपया में मिलता था, वहीं अभी तक मिल रहा है वही कुक के द्वारा भोजन गुणवत्ताहीन बनाया जाता है तथा भोजन में किसी प्रकार की कोई स्वाद नहीं रहता है। वर्तमान भोजन तालिका के अनुसार हमे 2 केला कम दिया जाता है साथ ही सुबह का खजूर, नींबू पानी, नही दिया जाता है। नाश्ता की बात करे तो पनीर भुजिया और दूध नहीं दिया जाता है इसके साथ ही जिस दिन ब्रेड मिलता है उस दिन दलिया या उपमा नहीं मिलता और जिस दिन दलिया मिलता है उसे दिन ब्रेड नहीं मिलता है। वही खाना की बात करें तो ग्रीन सलाद, मछली/चिकन, शाकाहारी हेतु पनीर/ मशरूम नही बनता साथ ही रायता, रोटी, फल/ जूस नही मिलता है। शाम में भी मीनू के अनुसार कुछ नहीं मिलता है। रात में सब्जी, रोटी, खीर/सेवई, ग्रीन सलाद व सेब नहीं मिलता है। इसके साथ ही रविवार को हम लोगों को मटन कभी नहीं दिया जाता है अन्य जिले के आवासीय केंद्र में यह सभी चीज दिए जाते हैं। गौरतलब यह है कि समाहरणालय भवन के समीप केंद्र का यह दुर्दशा है तो लगभग 100 किलोमीटर दूर महुआडाड़ के दो एथलेटिक्स आवासीय केंद्र की दशा और खराब होगी।

भोजन तालिका के साथ-साथ अन्य सुविधा देने की थी बात : एम एंड एम ट्रेडर्स

पांच माह पूर्व ही निविदा के समय कमेटी के समझ फार्म एम एंड एम ट्रेडर्स चंदवा के द्वारा लिखित रूप से वित्तीय बीड में यह कहा गया था कि भोजन तालिका के अनुसार भोजन आपूर्ति मेरे फॉर्म के द्वारा की जाएगी, साथ ही इसके अलावा मेरे फॉर्म के द्वारा जिले के प्रत्येक एथलेटिक्स केंद्र में 3-3 स्टाफ ड्रेस कोड में दिए जाएंगे साथ ही सभी केंद्र के बच्चों को नाइट ड्रेस दिए जाएंगे, बच्चों का बर्थडे में बर्थडे सेलिब्रेट किया जाएगा, आरो की सुविधा सभी केंद्र में मेरे फॉर्म के द्वारा दी जाएगी, फेस्टिवल में विशिष्ट भोजन दिया जाएगा, प्रत्येक बच्चों को 30000 तक की मेडिकल सुविधा दी जाएगी साथ प्रत्येक माह बच्चों को मेडिकल जांच करने की बात कही गई थी इसके साथ अन्य और कई बाते कही गई थी। परंतु इनके द्वारा प्रत्येक केंद्र में एक स्टाफ ही दिया गया है। साथ ही निम्नलिखित में से किसी प्रकार की कोई अन्य सुविधाएं नही दी जा रही है।

मामले में उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि मामला क्या है मै देखती हुं, मामले से संबंधित जानकारी खेल पदाधिकारी से लेकर जांच करायी जायेगी।

पुलिस ने किया जेवर दुकान से लूट कांड का उद्भेदन

- टीम में शामिल पुलिस कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा पुलिस ने छापामारी कर शहर के गढ़देवी मोड़ के समीप स्थित रूप अलंकार नमक जेवर दुकान से लूट कांड का उद्भेदन कर लिया है।

इस मामले में पुलिस ने अंतरराजीय गिरोह के एक सदस्य को शहर के नगवा मोहल्ला स्थित मथुरा बांध शिव मंदिर से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त गढ़वा शहर के सोनपुरवा मोहल्ला निवासी प्रदीप डोम के पास से लूट गया साढ़े तीन किलोग्राम सोना, दो देसी कट्टा, कृत्रिम सोने जैसा बना आभूषण, सोने एवं हीरे का आभूषण, विभिन्न ग्रह रत्न, दो देशी पिस्तौल, 16 जिंदा गोली और एक मोबाइल बरामद किया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने रविवार को गढ़वा थाना में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी।

साढ़े तीन किलो सोना, चार पिस्टल बरामद

प्रेस कांफ्रेंस करते एसपी व बरामद लूट का सामान।

एसपी ने बताया कि 13 फरवरी की देर शाम शहर के रूप अलंकार ज्वेलर्स में लूट की घटना हुई थी। उसमें दो लुटेरा ग्राहक बनकर उक्त दुकान में प्रवेश किए थे। जेवर खरीदने के बाद उसके साथ सहयोगी में आया तीसरा व्यक्ति भी जेवर दुकान में घुसकर सभी जेवर को लूटते हुए फायरिंग कर फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एवं स्थानीय गुप्तचरों की मदद से प्रदीप डोम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके निशानदेही पर दो अलग-अलग जगह मथुरा बांध एवं रेलवे लाइन के किनारे अरहर के खेत से लूटा हुआ सामान एवं हथियार बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उक्त घटना में पलामू जिला के चैनपुर निवासी बुकी सोनी तथा गढ़वा के नगवां मोहल्ला निवासी अजीत कुमार उर्फ छोटू साव भागने में सफल रहे। जल्द ही पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों ने ही मिलकर लूट की योजना बनाया था। उन्हें पता था कि शहर के रूप अलंकार ज्वेलर्स में सबसे ज्यादा सोना बिकता है। इसलिए उक्त दुकान को इन लुटेरों ने टारगेट कर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। एसपी ने बताया कि पुलिस आईटी सेल की मदद से लगातार कार्रवाई कर रही थी। लेकिन उक्त लुटेरे हमेशा अपने स्थान को बदल रहे थे। यही वजह है कि उन्हें पकड़ने में थोड़ी कठिनाई हुई। लेकिन गुप्तचरों की मदद से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही फरार दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी ने बताया कि इस घटना में गढ़वा पुलिस यूपी, छत्तीसगढ़ सहित पलामू में छापेमारी कर रही थी। एसपी ने बताया कि तीनों लुटेरों का अपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार प्रदीप डोम पर छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक शराब दुकान से 14 हजार रुपए की लूट के मामले में जेल गया था। वह पिछले कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। उसके बाद इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि थाना में व्यवसाई ने तीन किलो 800 ग्राम सोने की लूट का प्राथमिक दर्ज कराया है। उसमें से तीन किलो 500 ग्राम सोना को पुलिस ने बरामद कर लिया है। बचे 300 ग्राम सोना लेकर फरार उक्त अभियुक्त बाजार में बेचने गए हैं। बहुत जल्द पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार करते हुए लूट का सोना भी जब्त कर लेगी।

व्यवसाईयों ने एसपी को दिया बधाई

जिला मुख्यालय के व्यवसाईयों ने रूप अलंकार दुकान में लूट मामले का उद्भेदन करने पर एसपी को सम्मानित किया। व्यवसायियों ने कहा कि यह पहली ऐसी घटना है। जिसमें तत्काल गिरफ्तारी के साथ-साथ लूट के तमाम सामान भी बरामद कर लिया गया है। व्यवसाईयों ने इसके लिए एसपी को बधाई दिया। बधाई देने वालों में चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोग शामिल थे।

एसपी ने किया पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित

रूप अलंकार लूट मामले के उद्भेदन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को एसपी दीपक कुमार पांडेय ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव मंडल, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार साहू, पुलिस निरीक्षक बृज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश दुबे, सुमंत कुमार राय, हित नारायण महतो, अनुरंजन कुमार, जनार्दन रावत, रवि कुमार केशरी, अनिल नायक, अभिमन्यु सिंह, सुनील कुमार सिंह, हवलदार जितेंद्र कुमार रजक, आरक्षी अभय कुमार सिंह, पंचम राम, राकेश कुमार, दीपक कुमार, विपिन प्रधान, राकेश पाल, श्याम बिहारी यादव रामनारायण विश्वकर्मा, वीरेंद्र प्रसाद, कैलाश राम, दर्शन कुमार पांडेय आदि का नाम शामिल है।

एक नजर में

राम नाम जपने से जीवन में किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता : देवी धर्ममूर्ति

प्रवचन करती देवी धर्ममूर्ति।

कांडी। प्रखंड के ग्राम राणाडीह में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ महोत्सव के चौंतीसवें अधिवेशन के तीसरे दिन अयोध्या धाम से पधारी देवी धर्ममूर्ति ने नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो, चरण हो राघव की, जहां मेरा ठिकाना हो, भजन से राम कथा की शुरूआत की। देवी धर्ममूर्ति ने कहा कि हमारे माता पिता कभी भी हमारी हानि नहीं चाहते हैं। राम नाम जपने पर किसी भी प्रकार की जीवन में हानि नहीं होती है। जिसके कानों ने राम की नाम नहीं सुना उसका कान व्यर्थ हैं, जिसने कभी राम का नाम न जपा उनका जिह्वा व्यर्थ है। कहा जब जब धरती पर पाप बढ़ा तब तब प्रभु ने अवतार लिया। यज्ञ के तीसरे दिन वाराणसी से पधारे आचार्य अवधेश मिश्रा द्वारा यज्ञ मंडप में अग्नि प्रज्वलित किया गया। जिसके बाद आवाहित देवी, देवताओं की हवन की भी शुरूआत हुई। यज्ञ 24 फरवरी तक चलेगा। यज्ञ को सफल बनाने में मार्गदर्शक ब्रजमोहन मिश्रा, श्याम बिहारी दुबे, श्याम सुन्दर शर्मा, शिवदेव चौबे, यज्ञ कमीटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र चौबे, सचिव विजय पाण्डेय, उपाध्याय प्रदीप दुबे, कोषाध्यक्ष संजय चौबे, चंद्रमणी चौबे, सत्यनारायण पाण्डेय, उपेन्द्र चौबे, सतीश चौबे, सिद्धेश्वर चौबे, अरविंद शर्मा सहित सभी ग्रामवासी लगे हुए हैं।

फुसरो में कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू

बेरमो। रुक्मिणी देवी एडुकेशनल एण्ड कल्चरल सोसायटी, फुसरो के द्वारा नवर्निमित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पाँच दिवसीय कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा बनारस से आये हुए यज्ञाधीश आचार्य श्री श्रवण पाण्डेय, यज्ञाचार्य आचार्य श्री श्याम सुंदर पाण्डेय, वेदाचार्य पंडित रोहित कुमार पाण्डेय (वाराणसी), पंडित शुभम कुमार पाण्डेय (अयोध्या), पंडित सचित कुमार पाण्डेय (श्री धाम वृन्दावन) की देखरेख में संपन्न हुई। रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) से निकलकर नया रोड, फुसरो से होकर दामोदर तट पहुँचने के बाद दामोदर नदी से जल कलश में भरकर रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल (सीनियर विंग) पहुँची। भगवान शिव के इस प्राण प्रतिष्ठा में विद्यालय के आस-पास के लगभग 500 श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बेरमो प्रखण्ड प्रमुख गिरिजा देवी, थाना प्रभारी बेरमो अशोक कुमार, भाजपा नेता दिनेश कुमार सिंह, शक्ति सिंह, अमन बर्णवाल, विद्यालय के निदेशक रंजीत भारती, प्राचार्या गीता भारती, उपप्रचार्य गुरुचरण महतो, आनंद किशोर, बाला राम, ओम प्रकाश महतो, रवीन्द्र प्रसाद महतो, अभिनंदन नारायण पोद्दार, सरस्वती सिंह, लाडली कुमारी, सुदीपा ज्योति, अर्जुन शर्मा, राधा दता, लता चकवर्ती, प्रतिभा सिन्हा, उर्मिला कुमारी, उषा ठाकुर, मोहिनी गुप्ता, मनोज कुमार, स्वाति कुमारी, ज्योति सिन्हा, रुबी सरकार, दिलीप बाउरी, अजय रजवार आदि शिक्षक-शिक्षककाएँ उपस्थित रहे।

सुरक्षा बलों ने कथारा वाशरी और कोलियरी मे चलाया कोयला चोरो के विरुद्ध अभियान

बेरमो/कथारा। रविवार को अहले सुबह सीसीएल कथारा महाप्रबंधक के आदेशानुसार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में, क्षेत्रीय गस्ती दल एवं कथारा वाशरी गस्ती दल संयुक्त रूप से कथारा वाशरी तथा कथारा कोलियरी में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी किया गया। छापेमारी में गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। इस छापेमारी में 5 मोटरसाइकिल अवैध कोयला से लदा जप्त कर पूर्ण रूप से छतिग्रस्त कर दिया गया साथ ही, 25 से 30 अवैध कोयला से भरा बोरा को जप्त कर पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया । इसके उपरांत बरामद कोयला को कथारा वाशरी कोल स्टॉक में गिरा दिया गया। जिसका वजन लगभग 3 टन बताया गया। इस छापेमारी अभियान में इबरार हुसैन क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी राम चंद्र मांझी कथारा वाशरी प्रभारी नागेश्वर नोनिया अरर कन्हाई (रात्री पाली सुपरवाइजर) संजय कुमार दास, मुकेश कुमार सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, के अलावे झारखंड गृह सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

स्पीड न्यूज

अम्बिका स्कूल जैनामोड़ में विद्यार्थियों का विदाई समारोह

बोकारो। अम्बिका पब्लिक स्कूल जैनामोड़ में 10 वीं कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थियों को 21 फरवरी से होने वाली सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए एक सादे समारोह में विदाई दी गई। 8वीं एवं 9वीं की छात्राओं ने इन्हें तिलक लगाकर व विदाई गीत गाकर परीक्षा में अव्वल आने की कामना की। स्कूल निदेशक दिनेश सिंह ने कहा कि अच्छे नंबर लाकर विद्यार्थी अपने माता पिता के साथ साथ शिक्षक स्कूल तथा जिले का नाम सितारों जैसा चमकाने का काम करें। प्राचार्य विजय सौरभ ने कहा कि आपकी लगन और हमारी सोच तब सही होगा जब आप क्षितिज पर चमकेंगे। मौके पर संजय सिंह मीना तिर्की हर्षा चौबे कंचन शर्मा जयंती तिग्गा संजय रवानी दिनेश शर्मा प्रीति बर्मन पूजा गोस्वामी स्मिता तिर्की आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

मायके आई महिला की करंट लगने से मौत

बेरमो/गोमिया। गोमिया थाना क्षेत्र के स्वांग पुराना माइंस में रविवार को करंट लगने से एक महिला पूनम देवी (32 वर्ष) की मौत हो गई। वह कुछ दिन ही पहले ही अपने मायके स्वांग आई थी। बताया गया कि पूनम देवी अपने तीन बच्चों के साथ अपनी मां पारो देवी से मिलने आई थी। पिता जगदीश भुइयां की पहले ही मौत हो चुकी है। पति राजू भुइयां अपने घर कतरास में थे। रविवार को पूनम देवी कपड़ा सुखाने के लिए टंगने पर पसार रही थी। इसी दौरान बिजली तार के संपर्क में आ गई। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने बिजली का कनेक्शन कटवाया। इसके बाद उसे गोमिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पूनम के बच्चों व मां का रो रोकर बुरा हाल था।

गलत कामों के लिए असामाजिक तत्वों ने तोड़ा गरदाहा हाई स्कूल प्रांगण की दीवार

टूटा दीवार।

कांडी। असामाजिक तत्वों ने गरदाहा हाईस्कूल प्रांगण का गलत कामों के लिए उपयोग करने को लेकर दीवार तोड़कर अंदर घुसने का रास्ता बना लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने इस घटना को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र के आम नागरिकों से विद्यालय की सुरक्षा व देखरेख की अपील करते हुए असामाजिक तत्वों पर विद्यालय परिसर का गलत कामों के लिए उपयोग नहीं किए जाने का दबाव बनाने की जरूरत बताई है। मालूम हो कि राजकीयकृत महंत श्री रामचंद्र पुरी उच्च विद्यालय गरदाहा दशकों तक चारों तरफ से खुला रहा है। इस दौरान यह असामाजिक तत्वों के साथ साथ अपराधियों का भी अड्डा बनता रहा है। इस परिसर का नशाखोरी के लिए बरसों तक निर्बाध दुरुपयोग होता रहा है। इस अवधि में अनेकों बार स्कूल में चोरी, ताला तोड़ने, चापाकल उखाड़ने, तोड़ डालने, बारिश में गाय, भैंस, भेंड़, बकरी घुसा देने के साथ साथ दो दो बार कंप्यूटरों व इसके अन्य सामग्री की चोरी जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। कई बार इन घटनाओं को लेकर थाना में लिखित फरियाद की जाती रही है। इन घटनाओं की जानकारी होने पर वर्तमान प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने विद्यालय की सुरक्षा को लेकर चारों तरफ से अंदर घुसने की जगहों को बंद करा दिया है। एक जगह बड़ा सा गेट लगवा दिया है। जिससे स्कूल कैंपस का दुरुपयोग करनेवाले असामाजिक तत्वों को परेशानी हो रही है। इसी कारण उन्होंने स्कूल बंद रहने पर दीवार को तोड़कर घुसने का रास्ता खोल दिया है। इस घृणित कार्य को लेकर मीडिया के माध्यम से प्रशासन से भी कार्रवाई की मांग की गई है। एचएम ने कहा कि सोमवार को स्कूल खुलने पर इस घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह जागरूकता शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। माननीय झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के मार्गदर्शन में रविवार 18 फरवरी को तेनुघाट जेल में बंदियों के बीच जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो ने बंदियों को कानून की जानकारी देते हुए अधिकार और कर्तव्य की जानकारी दी। बताया कि जहां अधिकार है वहीं कर्त्तव्य भी है। रोड पर चलना जहां आपका अधिकार है वहीं बाएं ओर चलना आपका कर्तव्य है। इसलिए आपको अधिकार के साथ ही साथ कर्त्तव्य का भी पालन करना चाहिए। आगे बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि माननीय नालसा, नई दिल्ली एवं माननीय झालसा, रांची के द्वारा बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं । जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। आगे बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। आगे बताया कि वैसे बंदी जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। स्वागत भाषण एव मंच संचालन अधिवक्ता सुभाष कटरियार और धन्यवाद ज्ञापन जेलर नीरज कुमार ने किया। मौके पर विजय कुमार एवं जेल कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही। उक्त जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।

सांसद व विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/गोमिया। गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया थाना चौक से सियारी ग्राम तक निर्माण होने वाले सड़क एवं मोदीटोला में आंगन बाड़ी केंद्र का शिलान्यास गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने नारियल फोड़कर किया। शिलान्यास के पूर्व नेताद्वय का ग्रामीणों ने 25किलो का माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बताया कि गोमिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कई योजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिससे क्षेत्र का विकास पूर्ण रूप से हो सकेगा। इस अवसर पर जिप सदस्य सुरेन्द्र राज, प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े, विधायक प्रतिनिधि बिपिन कुमार, पलिहारी मुखिया सपना कुमारी, गोमिया मुखिया बलराम रजक, पूर्व प्रमुख गुलाब चंद हांसदा, मिन्हाज अंसारी, संदीप स्वर्णकार, दुलाल साव, प्रदीप रवानी, आदित्य पांडे, रोहित यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बोकारो में इंटर स्टील प्लांट कबड्डी प्रतियोगिता आरम्भ

बोकारो। बोकारो नगर कर सेक्टर तीन स्थित स्टील क्लब एवं रिक्रिएशन सेंटर में आयोजित चार दिवसीय इंटर स्टील प्लांट कबड्डी चैंपियनशिप का उद्घाटन ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस प्रतियोगिता में बीएसएल सहित राउरकेला स्टील प्लांट आईएसपी बर्नपुर भिलाई स्टील प्लांट एलॉय स्टील प्लांट आरआईएनएल विशाखापटनम टाटा स्टील दुगार्पुर स्टील प्लांट तथा सेलम स्टील प्लांट की टीमें भाग ले रही हैं। श्री तिवारी ने प्रतियोगिता के उदघाटन के मौके पर प्रतिभागी टीमों को खेल भावना के साथ इस स्पर्धा का आनंद लेने का संदेश दिया। कबड्डी चैंपियनशिप का फाइनल 19 फरवरी को सम्पन्न होगा। मौके पर ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद ईडी माइंस जयदीप दासगुप्ता सीजीएम कार्मिक हरि मोहन झा सीजीएम टीए कुंदन कुमार तथा अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संपूर्ण विप्र समाज का होली मिलन समारोह 23 मार्च को

बोकारो। संपूर्ण विप्र समाज की सेक्टर 6 डी स्थित बाबा निरंजन नाथ शिव मंदिर परिसर के भगवान परशुराम मंडप में बोकारो जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में इस वर्ष भी विप्र होली मिलन समारोह 23 मार्च को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा, प्रदेश संगठन महासचिव मृणाल कांत चौबे, दिवाकर दुबे, अशोक मिश्रा, वीरेंद्र चौबे, सोमनाथ पांडे, संजय मिश्रा, शैलेन्द्र तिवारी, राजेश्वर द्विवेदी, मिथिलेश तिवारी, उग्रनाथ झा, मनींद्र चतुवेर्दी सहित कई विप्रजन उपस्थित रहे।

वार्षिक परीक्षा से पूर्व विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। स्थानीय चिन्मय विद्यालय में वार्षिक परीक्षा से पूर्व आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने जूनियर विंग में सभी बच्चों को वार्षिक परीक्षा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुयोग्य जीवन जीने के लिए जितनी आवश्यकता शैक्षणिक योग्यता की है उतनी ही आवश्यक है अपनी संस्कृति और सभ्यता के बारे में जानने और उसकी रक्षा करने की। हमारी भारत की सभ्यता और संस्कृति अदभुत अतुलनीय धरोहर है। मौके पर चिन्मय विजन प्रोग्राम पर आधारित अन्वी प्रकृति गीतांजलि टुडू आदिकेश नायर आरव सिंह काशवी अन्वी एवं अनन्या ने मनमोहक नृत्य से उपस्थित सभी का मन मोह लिया। स्वामिनी संयुतानंद सरस्वती अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा एवं उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर रश्मि शुक्ला संजीव सिंह दीप्ति पारिख कोमल दोषी मोनिका सरिता वर्मा रेणु साह एवं जूनियर विंग की शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

भगवती प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शतचंडी महायज्ञ के जल यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

कलश यात्रा में उपस्थित श्रद्धालु।

मझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 स्थित मझिआंव खुर्द गांव में ब्रह्म स्थान के समीप नवनिर्मित मंदिर में भगवती प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले सतचंडी महायज्ञ को लेकर यज्ञाचार्य श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के निर्देशन में भव्य जलयात्रा निकाली गई। 2101 कलशों साथ निकाली गई जल यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर मुख्य सड़क, ब्लॉक रोड, लोहारपूरवा, बाईपास रोड होते हुए पुरानी अस्पताल के पास पहुंची। उसके पश्चात पुनः पूरे शहर भ्रमण करते हुए कोयल नदी के रमणीय तट पर अवस्थित बैलगाड़ी घाट पहुंचा। जहां पर विद्वान पंडित बबलू दुबे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण एवं आह्वान के पश्चात सभी कलशो में पवित्र जल भरा गया। उसके पश्चात मुख्य यजमान जितेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप कुमार चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, संत कुमार सिंह, विजय साव एवं उमेश यादव सपत्नीक एवम सभी श्रद्धालु अपने-अपने कलशो को लेकर यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां उन्हें स्थापित किया गया। जल यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु जय माता दी लिखित रिबन अपने ललाट पर बांधे और हाथों में पवित्र कलशों को लिए श्रीमन नारायण नारायण एवं जय माता दी का जाप कर रहे थे। इस दौरान एसबीआई बैंक के समीप युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी के द्वारा शरबत पानी का तथा न्यू राज घराना वस्त्रालय के संचालक मनोज जायसवाल के द्वारा सभी श्रद्धालुओं के जलपान के लिए गन्ना रस का व्यवस्था किया गया। जलयात्रा में भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, पलामू जिला के उंटारी रोड प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य अरविंद सिंह, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, समाज सेविका सत्या दुबे, सेवा निवृत्त शिक्षक महेंद्र नाथ दुबे, सांसद प्रतिनिधि शोभा जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सहित लगभग 5 हजार की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, उपाध्यक्ष कृष्ण सिंह एवं सभी यज्ञ कमेटी के सदस्य एवं ग्रामीण लगे हुए हैं।

पेज 1 का शेष

जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ब्रह्मलीन

पीएम ने कहा, मेरे विचार और प्रार्थनाएं आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी के अनगिनत भक्तों के साथ हैं। उन्हें आने वाली पीढ़ियों द्वारा समाज में आध्यात्मिक जागृति की दिशा में उनके प्रयासों, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में उनके काम के लिए अमूल्य योगदान के लिए याद किया जायेगा। छत्तीसगढ़ सहित देश और दुनिया को अपने ओजस्वी ज्ञान से समृद्ध करने वाले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को देश और समाज के लिए उनके उल्लेखनीय कार्यों, त्याग और तपस्या के लिए युगों-युगों तक याद किया जाएगा। मैं चरणों में नमन करता हूं। पीएम मोदी उन्हें याद करते हुए भावुक हो गये। विश्व विख्यात जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज एक महान विभूति थे. आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के देवलोक गमन के बाद जैन समाज में शोक की लहर हैष आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का समाधि स्थल डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी पर्वत पर बनाया जायेगा। यहां पूरे जिले ही नहीं देश के अलग-अलग राज्यों से जैन समुदाय के लोग पहुंचते हैं। रविवार को हजारों की तादाद में लोग यहां आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का अंतिम दर्शन कर रहे हैं।

20 से 22 तक भाजपा नेताओं के विरोध की तैयारी

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा अपनी मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन तथा कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को दिल्ली के लिए मार्च शुरू किया था, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें हरियाणा के साथ पंजाब की सीमा पर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर रोक दिया। तब से प्रदर्शनकारी इन दो सीमा बिंदुओं पर डटे हुए हैं। उनका कहना है कि एमएसपी के लिए सी-2 प्लस 50 प्रतिशत फॉर्मूले से कम कुछ भी स्वीकार नहीं है। इस बैठक में किसान नेता बलकरण सिंह बराड़ और बूटा सिंह सहित अन्य नेता शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

तिनसुकिया की कोयला खदान से 10 मजदूरों का अपहरण

गुवाहाटी। असम-अरुणाचल सीमा पर तिनसुकिया की कोयला खदान में कार्यरत 10 कोयला खनिकों का अपहरण कर लिया गया है। असम-अरुणाचल सीमा पर तिनसुकिया जिले के फिनाबोरो में 14 नंबर कोयला खदान है। सूत्रों ने बताया कि रविवार के तड़के करीब 3:30 बजे आठ-नौ सदस्यीय संदिग्ध उग्रवादियों का दल आया और बंदूक के बल पर 10 मजदूरों को एक डंपर में बैठाकर अरुणाचल प्रदेश के ओल्ड लोंगताई की ओर ले गया। इस घटना के बारे में पुलिस की ओर से फिलहाल पुष्टि नहीं की गयी है, लेकिन आशंका जतायी गयी है कि यह अपहरण संदिग्ध उल्फा-स्वा और एनएससीएन कैडरों ने किया है।

गुना में मधुमक्खियों के हमले में वर-वधू समेत 20 घायल

गुना। मध्य प्रदेश के गुना में एक शादी समारोह के दौरान मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। इससे समारोह में शामिल वर-वधू समेत 20 लोगों को घायल कर दिया। चार लोगों की हालत इतनी खराब हो गयी कि उन्हेंअस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बताया गया कि गार्डन के होटल की खिड़कियों के बाहर छोटे-बड़े 20 से ज्यादा मधुमक्खियों के छत्ते हैं।

सूरज की सतह पर उठा शक्तिशाली सोलर फ्लेयर

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने शुक्रवार की दोपहर 12.53 जीएमटी पर सूरज की सतह पर पांच वर्ष में चौथा शक्तिशाली सोलर फ्लेयर को उठते हुए देखा है। वैज्ञानिकों ने रविवार को बताया कि यह सोलर फ्लेयर सूर्य के सतह पर एक्टिव जोन 3676 में उठते हुए देखा गया। रूसी विज्ञान अकादमी के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान की सौर खगोल विज्ञान प्रयोगशाला ने अपनी वेबसाइट पर इस घटना की सूचना दी। प्रयोगशाला के अनुसार, यह घटना सूर्य-पृथ्वी एक्सिस से दूर सोलर सरफेस के पास हुई है।

बेंगलुरु में परफ्यूम गोदाम में लगी आग, 3 की मौत

बेंगलुरु। शहर के बाहरी इलाके कुंबलगोडु के पास रविवार को रामसमुद्र में एक परफ्यूम के गोदाम में भीषण आग लग गयी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। इनमें कई लोगों की हालत गंभीर बतायी जाती है। बताया जाता है कि परफ्यूम भरने के दौरान अचानक विस्फोट होने से गोदाम में आग लग गयी। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घटना के समय गोदाम में आठ कर्मचारी मौजूद थे, जिसमें से आग लगते ही पांच लोग बाहर निकल गये थे।

भारतीय वायु सेना ने जैसलमेर के पास पोखरण एयर टू ग्राउंड रेंज में 'वायु शक्ति-2024' के तहत अभ्यास किया। वायु सेना के राफेल-मिग से लेकर तेजस तक की सीमा के पास उड़ानों ने दुश्मनों के होश उड़ा दिये।

नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' में पहली बार हिस्सा लेंगे विक्रमादित्य और विक्रांत

नयी दिल्ली (हि.स.)। सिटी ऑफ डेस्टिनी विशाखापत्तनम में 21 फरवरी से होने वाले बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास मिलन में पहली बार भारत के दोनों विमानवाहक आइएनएस विक्रमादित्य और आइएनएस विक्रांत हिस्सा लेंगे। करीब 50 मेहमान देशों के साथ इस समुद्री अभ्यास के लिए मेजबान भारतीय नौसेना बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही है।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने अब तक के सबसे बड़े इस नौसैन्य अभ्यास को समुद्री क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय हित देखते हुए काफी महत्वपूर्ण बताया है।

बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास मिलन में शामिल होने के लिए 58 देशों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें 50 से अधिक देशों से शामिल होने की प्रतिक्रियाएं मिली हैं। विभिन्न देशों की नौसेनाएं अपने-अपने युद्धपोत समुद्री और हवाई बेड़े के साथ इस अभ्यास में शामिल होने के लिए पहुंचने लगी हैं।

भाजपा सरकार की वापसी तय, मोदी फिर बनेंगे प्रधानमंत्री : शाह

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में कहा- मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में 'विकसित भारत' का स्वप्न लेकर आगे बढ़ रहा देश

नयी दिल्ली (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी की केंद्र की सत्ता में फिर से वापसी पर विश्वास जताते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे, इस बात में कोई शक नहीं है। शाह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय परिषद के दो दिवसीय अधिवेशन में रविवार को पार्टी नेताओं को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण कांग्रेस नेताओं ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से दूरी बनायी। शाह ने विपक्ष के इंडी गठबंधन को परिवार के हितों को सर्वोपरि रखने वाली पार्टियों का एक प्रकार का विलय करार दिया और कहा कि इस वजह से वे आज हर चीज का विरोध करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के 10 वर्षों में आज देश 'विकसित भारत' का स्वप्न लेकर आगे बढ़ रहा है। दूर-दूर तक इंडी गठबंधन को सत्ता प्राप्ति की संभावना नहीं दिखती है।

भाजपा नेता ने कांग्रेस के साथ-साथ आम आदमी पार्टी को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जल, नभ, थल हर जगह घोटाले किये और आज इंडी गठबंधन का नेतृत्व इसी कांग्रेस के हाथ में है। कांग्रेस इतना भ्रष्टाचार करती है, तो साथी भला क्यों पीछे रहेंगे। आम आदमी पार्टी ने शराब घोटाला, मोहल्ला क्लीनिक और न जाने कितने घोटाले किये। इन्होंने लोगों के मेडिकल टेस्ट करने में भी घोटाला किया। इसी वजह से आज आम आदमी पार्टी का सारा नेतृत्व कोर्ट और एजेंसियों से दूर भाग रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के कालखंड को सबसे ज्यादा विकासप्रद बताते हुए शाह ने कहा कि अपने 75 साल के इतिहास में देश ने 17 लोकसभा चुनाव, 22 सरकारें और 15 प्रधानमंत्री देखे हैं। देश में हर सरकार ने अपने समय के अनुरूप विकास करने का प्रयास किया। इसमें कोई भ्रम नहीं है कि मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में समग्र विकास हुआ।

इससे पहले आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री मोदी को माला पहनाकर स्वागत किया।

अधिवेशन में राम मंदिर पर प्रस्ताव पारित

नयी दिल्ली (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतिम दिन रविवार को अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें कहा गया कि राम मंदिर अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में रामराज्य की स्थापना का संकेत है। इससे पहले जय श्री राम के नारे के बीच राम मंदिर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय अधिवेशन में राम मंदिर पर प्रस्ताव पेश करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार रामराज्य की स्थापना की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि प्राचीन पवित्र नगरी अयोध्या में उनकी जन्मस्थली पर

प्रस्ताव में कहा गया, राम मंदिर अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में रामराज्य की स्थापना का संकेत है

भगवान राम के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण देश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धि है। यह एक नए 'कालचक्र' की शुरुआत के साथ अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत में 'रामराज्य' की स्थापना का सूत्रपात है। राम मंदिर भारत की दृष्टि, दर्शन, पथ का प्रतीक है। श्रीराम मंदिर सचमुच राष्ट्रीय चेतना का मंदिर बन गया है। संस्कृति के प्रति जागरूक इस देश के प्रधानमंत्री मोदी ने इस ऐतिहासिक क्षण को भव्यता प्रदान की और उत्सव का माहौल बनाया। प्रस्ताव में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बने। नौ नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मोदी सरकार ने बिना किसी देरी के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया, जिसके परिणामस्वरूप श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से हुआ। तेज गति और मात्र चार वर्ष के भीतर 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। प्रस्ताव में कहा गया है कि संकल्प से परिपूर्ण प्रधानमंत्री मोदी अमृत काल के इस युग में देश को नयी ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की एकता और एकजुटता को जनभागीदारी की शक्ति मिली है। उन्होंने अपनी नीतियों और नेतृत्व से देश का मनोबल बढ़ाया है।

सपा को झटका, सलीम शेरवानी ने छोड़ी पार्टी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) अभियान पर एक और गहरी चोट लगी है। पांच बार के सांसद रहे सपा के राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। शेरवानी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर मुसलमानों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। अखिलेश को लिखी चिट्ठी में शेरवानी ने कहा कि पीडीए के नाम पर राजनीति हो रही है। मुसलमानों की उपेक्षा के कारण महासचिव पद से इस्तीफा दे रहा हूं। जल्द ही भविष्य का फैसला लूंगा। राज्यसभा के चुनाव में सपा से किसी मुसलमान को नहीं भेजा गया है।

जंगली हाथी के हमले में मारे गये वन विभाग के वॉचर के घर पहुंचे राहुल

नयी दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में जंगली हाथी के हमले में मारे गये वन विभाग के वॉचर वीपी पॉल के घर पहुंचे और परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। उनके साथ पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे। एक्स पर वेणुगोपाल ने कहा कि वायनाड में वन्यजीवों के हमलों ने पूरी तबाही मचा दी है। राहुल गांधी अजीश और पॉल वीपी के परिवारों तक पहुंचे और शोक व्यक्त किया। राहुल ने कहा कि इस कठिन समय में वे परिवारों के साथ खड़े हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि

सांसद के रूप में राहुल हमेशा कठिन परिस्थितियों में वायनाड के लोगों के साथ खड़े रहे हैं। हमें उम्मीद है कि प्रशासन तेजी से वायनाड में बढ़ते मानव-पशु संघर्ष का स्थायी समाधान ढूंढेगा।

नीदरलैंड के हेग में भड़के दंगे, 4 घायल

हेग। नीदरलैंड के हेग में शनिवार की रात दंगे भड़क उठे। दो प्रतिद्वंद्वी इरिट्रिया ग्रुप पहले एक-दूसरे से और फिर पुलिस अधिकारियों से भिड़ गये। पुलिस ने बताया कि टकराव के दौरान उन्होंने पुलिस की कारों और एक बस में आग लगा दी। इस हिंसक घटना में चार पुलिसकर्मी घायल हो गये हैं। हेग नगर पालिका के प्रवक्ता रॉबिन मिडल के हवाले से कहा गया है कि यह गंभीर रूप से नियंत्रण से बाहर हो गया है। इस घटना में रविवार को चार पुलिस अधिकारी घायल हो गये। इधर, पुलिस कमांडर मैरिएल वैन वुल्पेन ने कहा, अचानक हमारे सहयोगियों को बहुत तीव्र और गंभीर हिंसा का सामना करना पड़ा है।

नेपाल में महिलाओं की कलश यात्रा पर पथराव के बाद तनाव, पुलिस बल तैनात

काठमांडू (हि.स.)। मधेश प्रदेश के महोत्तरी जिला के गांव में शनिवार को महिलाओं की कलश यात्रा में मस्जिद के भीतर से पथराव के बाद रविवार को भी यहां स्थिति तनावपूर्ण है। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। महोत्तरी जिले के सम्सी गांव में शनिवार की दोपहर को महिलाओं की कलश यात्रा पर अचानक ही पथराव हुआ था, जिसके बाद तनावग्रस्त माहौल बन गया। पुलिस ने बताया कि मस्जिद के आगे से जब कलश यात्रा गुजर रही थी कि अचानक ही मस्जिद के भीतर से पथराव शुरू हो गया। पथराव के बाद बिगड़े माहौल को संभालने के लिए पुलिस ने 3 राउंड हवाई फायर किये थे। इस झड़प में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

बिहार के रक्सौल में इडी की छापेमारी

रक्सौल (हि.स.)। पूर्वी चंपारण जिले के प्रमुख शहर रक्सौल के चर्चित जमीन एवं कपड़ा व्यवसायी रामाशंकर प्रसाद के घर और प्रतिष्ठान पर इडी की टीम ने रविवार को छापेमारी की। छापेमारी देर शाम तक जारी है। बताया जा रहा है कि बहुत कम समय में ही रामाशंकर प्रसाद अकूत संपत्ति अर्जित कर भारत से लेकर नेपाल तक में काफी चर्चित हुए। सीमा क्षेत्र में उनका कई कारोबार है, जिसमे मुख्य रूप से जमीन व कपड़ा कारोबार हैं।

स्थानीय लोगों की माने तो गत एक दशक में ही रमाशंकर प्रसाद रक्सौल के सबसे बड़े व्यापारी के रूप में स्थापित हुए। हालांकि, इसकी भनक इडी को लगने के बाद पटना से रक्सौल पहुंची टीम ने रामाशंकर के हाड़ी बाजार, नागारोड, बस स्टैंड, भारतीय कस्टम कालोनी, पुराना एक्सचेंज रोड, मर्चापट्टी, बैंक रोड़ सहित कई ठिकानो पर एक साथ छापेमारी शुरू की। छापेमारी के बाद रक्सौल शहर में अफरातफरी का माहौल है।

सुब्रमण्यम स्वामी पटना में 25 को लॉ कॉन्क्लेव में होंगे शामिल

पटना (हि.स.)। देश के सबसे बड़े लॉ कॉन्क्लेव का आयोजन 25 फरवरी को राजधानी पटना के ज्ञान भवन में होगा। इसमें देश के जाने-माने वकील और राजनेता सुब्रमण्यम स्वामी भी मौजूद रहेंगे। सुब्रमण्यम स्वामी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। इस लॉ कॉन्क्लेव का आयोजन पटना के लॉ प्रेप ट्यूटोरियल की ओर से किया जा रहा है। इसमें पांच हजार से ज्यादा लोग शिरकत करेंगे, जिसमें लॉ के विशेषज्ञ से लेकर छात्र और छात्राएं शामिल हैं। कार्यक्रम के आयोजक और लॉ प्रेप ट्यूटोरियल पटना के निदेशक अभिषेक गुंजन ने रविवार को कहा कि इसमें कानून के विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा होगी। कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य मकसद देश के कानून और संविधान के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। अभिषेक गुंजन ने कहा कि दुर्भाग्यवश बिहार में लॉ की पढ़ाई को लेकर छात्र-छात्राओं में कम जागरूकता है।

जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

अगले 10 दिनों में विपक्षी दलों के कई बड़े नेता भाजपा में हो सकते हैं शामिल : अनुराग ठाकुर

नयी दिल्ली (हि.स.)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी के कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के बीच केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि कि अगले 10 दिनों में कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के 70 से अधिक बड़े नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन के बाद अनुराग ठाकुर ने रविवार को मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी नीतियों से प्रभावित हो कर विपक्षी दलों के 70 से अधिक नेता 20 से 29 फरवरी के बीच भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कमलनाथ, नकुलनाथ, मनीष तिवारी के भाजपा में शामिल होने की अटकलें हैं। इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ कुछ विधायक भी पाला बदल चुके हैं।

कमलनाथ बोले- भाजपा से अभी कोई बात नहीं हुई

भोपाल/नयी दिल्ली। भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने रविवार को दिल्ली में कहा कि भाजपा से अभी उनकी कोई बात नहीं हुई है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद पुत्र नकुलनाथ के शनिवार को अचानक दिल्ली के लिए प्रस्थान करने के बाद से उनके भाजपा में शामिल होने के अटकलें लगायी जा रही हैं। कमलनाथ ने रविवार दोपहर को अपने दिल्ली स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। भाजपा में जाने के सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि भाजपा से अभी उनकी कोई बात नहीं हुई है। जब बात होगी तो बताऊंगा। कमलनाथ ने तेरहवीं के एक कार्यक्रम में जाने की बात कहते हुए कार में बैठकर रवाना हो गये।

फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का टाइटल ट्रैक टीजर रिलीज

बॉलीवुड की डायनामिक एक्शन जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का टाइटल ट्रैक टीजर रिलीज कर दिया है। एक्शन सुपरस्टार्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैची नंबर की एक झलक शेयर की। टीजर में अक्षय कुमार और बॉलीवुड के यंगेस्ट एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ अपने एक्शन का बेहतरीन प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। टाइटल ट्रैक एक्शन और अगले बड़े डांस एंथम की एक झलक पेश करता है।

व्यक्तिगत से ऊपर उठ राष्ट्रहित का चिंतन करते हैं स्वयंसेवक : होसबले

कानपुर (हि.स.)। कुम्हार की चॉक पर मिट्टी घूमते-घूमते जैसे एक विशेष वस्तु के आकार को प्राप्त कर लेती है, वैसे ही संघ की शाखा में आने वाले स्वयंसेवक व्यक्तिगत से उठकर राष्ट्रहित का चिंतन करने लगता है। उसकी दृष्टि में संपूर्ण समाज उसका परिवार हो जाता है और यही संघ का वैशिष्ट्य है, यही संघ के संस्कार हैं। या यूं कहें, संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का यात्रा मार्ग है। ये बातें रविवार को कानपुर पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कानपुर महानगर की शाखा टोली के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि एक मैदान एक पार्क में लगने वाली शाखा के स्वयंसेवक के लिए शाखा क्षेत्र का प्रत्येक परिवार उसका अपना परिवार हो जाता है। प्रत्येक परिवार के दुख, उत्सव स्वयंसेवकों के जीवन का अंग हो जाता है। स्वयंसेवक और संघ को अपने लिए कुछ नहीं करना है, उसके लिए सर्वप्रथम देश है। शाखा एक ऐसी साधना स्थली है, जहां पर आने वाला स्वयंसेवक प्रत्येक कार्य को देश समाज हित में केंद्रित करके ही सोचता है। वर्षों-वर्ष साथ में ही शाखा आने वाले लोग यह नहीं जानते कि उनकी आपस में जाति क्या है। 1925 से लेकर आज तक हमने इस पवित्र संस्कार को बनाये रखा है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar – II	₹ 120	English Grammar – II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !